Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

Page 09

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित




खेल

'सचिन तेंदुलकर भगवान हैं, वैभव सूर्यवंशी ईश्वर का बेटा, श्रीकांत ने 15 साल के...



देश

ममता बनर्जी को बड़ा झटका : अरूप बिस्वास ने बैंक को लिखा पत्र, तृणमूल कांग्रेस का खाता...



शुक्ल पक्ष, पूर्व फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शनिवार • 20 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 198 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,33,700 | ₹ 2,60,000 |



## आज का इतिहास

1756 : भारत में ब्रिटिश सेना का एक गढ़ कलकत्ता के ब्लैक होल में ऐसी स्थिति में कैद था कि कम से कम 43 की मौत हो गई।

1858 : ग्वालियर में 1857 के भारतीय विद्रोह के अंतिम विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में बायो गैस नीति जल्द होगी लागू

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में संपीड़ित बायो गैस नीति जल्द लागू होगी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की बैठक में विभिन्न विभागों ने कृषि अवशेष, गोबर और जैविक अपशिष्टों के उपयोग पर सुझाव दिए। इससे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को अतिरिक्त आय होगी। बिहार में संपीड़ित (कंप्रेस्ड) बायो गैस (सीबीजी) नीति जल्द लागू होगी। नीति निर्धारण के लिए शुक्रवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सुझाव और आवश्यक जानकारियां मांगी है, ताकि बिहार के लिए एक व्यावहारिक, निवेश-अनुकूल एवं भविष्य उन्मुख सीबीजी नीति तैयार की जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों ने राज्य में उपलब्ध कृषि अवशेष, गोबर, जैविक अपशिष्ट, शहरी ठोस अपशिष्ट तथा अन्य जैविक संसाधनों के उपयोग की संभावनाओं पर सुझाव दिये। साथ ही सीबीजी संयंत्रों की स्थापना, भूमि उपलब्धता, निवेश प्रोत्साहन, पर्यावरणीय स्वीकृतियां, परिवहन एवं विपणन व्यवस्था आदि पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

दो लाख एकड़ भूमि चिन्हित, उद्योगों के लिए तैयार हो रहा बिहार

# स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए बनेगा 'बिहार टेक' पोर्टल : मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि राज्य में स्टार्टअप और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 'बिहार टेक' पोर्टल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से बिहार में निवेश, उद्योग और स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई गति मिलेगी तथा अगले पांच वर्षों में बिहार को देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल करने का लक्ष्य है। शुक्रवार को आईटी इंडस्ट्री और स्टार्टअप संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के लिए यह गौरव की बात है कि उद्योग और स्टार्टअप क्षेत्र के विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर मिला है। कार्यक्रम में केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए दो लाख एकड़ सरकारी भूमि चिन्हित की है तथा 11 नए सैटेलाइट टाउनशिप विकसित किए जा रहे हैं। किसानों को उनकी भूमि का उचित मुआवजा दिया जा रहा है और निवेशकों के सामने आने वाली बाधाओं को तेजी से दूर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग पोर्टल और सहयोग शिविर की शुरुआत की गई है। यदि 30 दिनों के भीतर किसी आवेदन का निस्तारण नहीं होता है तो 31वें दिन संबंधित अधिकारी के विरुद्ध मुख्यमंत्री कार्यालय से कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। अब तक पोर्टल पर 3.26 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश का समाधान किया जा चुका है। करीब 7 हजार मामलों में पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार और स्टार्टअप से जुड़े युवाओं के सुझावों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा कानूनी और प्रशासनिक बाधाओं को दूर कर उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में बिहार को उद्योग और स्टार्टअप के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है, ताकि राज्य के युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अधिक अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार ज्ञान की भूमि है और सरकार ऐसी व्यवस्था विकसित कर रही है, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से बिहार आत्मनिर्भर और औद्योगिक रूप से मजबूत राज्य बनेगा।

### मीठापुर में कॉमन सर्विस सेंटर की सौगात

मुख्यमंत्री ने मीठापुर में 10.68 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का उद्घाटन किया। करीब 26 हजार वर्गफुट क्षेत्र में बनी जी+3 इमारत में बैंक, पार्लर सहित विभिन्न नागरिक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। यहां ओपन एयर कैफे और ओपन एयर थिएटर की भी व्यवस्था की गई है। यह परिसर भविष्य में मेट्रो नेटवर्क से भी जुड़ जाएगा, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### पटना के लिए 286 करोड़ की 157 विकास योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजधानी पटना के लिए 286 करोड़ रुपये की लागत वाली 157 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 239 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 114 योजनाओं का उद्घाटन किया, जबकि 47 करोड़ रुपये की लागत वाली 43 नई योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'समृद्ध बिहार' के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पटना के आधुनिकीकरण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत 11.44 करोड़ रुपये की लागत से 'वेस्ट टू वंडर' थीम पर आधारित लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क का निर्माण कराया जाएगा। पार्क में जयप्रकाश नारायण के जीवन से जुड़ी झलकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। इसके साथ ही शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

बिहार को 10 हजार करोड़ के रेल बजट की सौगात

# 51वां लोकोमोटिव रेल इंजन को रेल मंत्री और मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

- बिहार में बने रेल इंजन का दुनिया में बढ़ा दबदबा, गिनी के लिए भेजा गया 51वां लोकोमोटिव

निज संवाददाता | छपरा



सारण जिले के मढ़ौरा स्थित डीजल रेल इंजन कारखाने (लोकोमोटिव फैक्ट्री) से अफ्रीकी देश गिनी के लिए 51वें शक्तिशाली डब्ल्यूडीजी4जी रेल इंजन को शुक्रवार को रवाना किया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इंजन को रवाना किया। समारोह को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि मढ़ौरा में निर्मित रेल इंजन आज अपनी आधुनिक तकनीक और गुणवत्ता के दम पर वैश्विक पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत इस फैक्ट्री की शुरुआत हुई थी और आज यहां निर्मित लोकोमोटिव अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की तकनीकी क्षमता का परिचय दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इससे पहले मढ़ौरा फैक्ट्री से 50 रेल इंजनों का सफलतापूर्वक निर्यात किया जा चुका है और अब 51वां इंजन गिनी गणराज्य भेजा गया है। इन इंजनों के बेहतर प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। साथ ही फैक्ट्री के संचालन से सरकार को 4 करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी राजस्व भी प्राप्त हुआ है। रेल मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले बिहार में रेलवे परियोजनाओं की केवल घोषणाएं होती थीं, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया जाता था। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान केंद्र सरकार ने लंबित परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है और मढ़ौरा लोकोमोटिव फैक्ट्री इसका प्रमुख उदाहरण है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने बिहार में रेलवे के विकास और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का रेल बजट उपलब्ध कराया है। इस बजट के माध्यम से राज्य में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है।

### एक वर्ष में निर्यात का बड़ा विस्तार

20 जून 2025 को पहली खेप के रूप में चार रेल इंजन गिनी भेजे गए थे। मात्र एक वर्ष के भीतर यह संख्या बढ़कर 51 हो गई है, जो मढ़ौरा प्लांट की बढ़ती उत्पादन क्षमता और वैश्विक मांग को दर्शाती है।

### बिहार बनेगा कृषि हब, आम और लीची की विदेशों में बढ़ रही मांग : विजय कुमार सिन्हा



**पटना(नि.सं.)**। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार तेजी से कृषि हब के रूप में उभर रहा है। राज्य के आम और लीची की विदेशों में लगातार मांग बढ़ रही है और बिहार के कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। शुक्रवार को बामेती में कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आम महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि भारत विश्व के कुल आम उत्पादन में लगभग 40 से 45 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। बिहार का जर्दालु आम, दूधिया मालदह आम, शाही लीची, मगही पान, कतरनी चावल, मखाना और मर्चा धान जैसे उत्पाद अपनी विशिष्ट गुणवत्ता के कारण देश-विदेश में पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जर्दालु आम को प्राप्त भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग बिहार की कृषि समृद्धि और गुणवत्ता का प्रमाण है।

## आज किसानों के खातों में आएंगे पीएम-किसान योजना के 2,000 रुपये, बिहार के 73 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ

एजंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर पर देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 18,880 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जाएंगे। प्रत्येक पात्र किसान के खाते में 2,000 रुपये की सहायता राशि भेजी जाएगी। इस योजना का लाभ बिहार के किसानों को भी बड़े पैमाने पर मिलेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार राज्य के 73 लाख से अधिक किसान पीएम-किसान योजना के लाभार्थी हैं। 23वीं किस्त जारी होने के साथ ही उनके बैंक खातों में भी सहायता राशि पहुंच जाएगी, जिससे खरीफ फसलों की बुआई के दौरान बीज, खाद और अन्य कृषि कार्यों के लिए आर्थिक सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। केंद्र सरकार ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर ई-केवाईसी, आधार सीडिंग और भूमि अभिलेखों का सत्यापन अवश्य करा लें, ताकि किसी तकनीकी त्रुटि के कारण भुगतान प्रभावित न हो। अधिकारियों के अनुसार जिन किसानों की सभी औपचारिकताएं पूरी हैं, उन्हें 23वीं किस्त का लाभ बिना किसी परेशानी के प्राप्त होगा।

### मद्य निषेध, अवर निरीक्षक भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा 12 जुलाई को होगी

**पटना(नि.सं.)**। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएसएससी) ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक (मद्य निषेध) के पदों पर नियुक्ति के लिए प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा 12 जुलाई को आयोजित करने की घोषणा की है। परीक्षा एक पाली में आयोजित होगी। आयोग के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों के ई-प्रवेश पत्र 22 जून से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षा केंद्रों की सूची भी आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

### नीट-यूजी पुनर्परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, 12 केंद्रों पर सुरक्षा सख्त

**पटना (नि.सं.)**। आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट (यूजी)-2026 की पुनर्परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त, पारदर्शी और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए गया जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के दिशा-निर्देश पर वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार एवं उप विकास आयुक्त श्री शैलेश दास की संयुक्त अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि परीक्षा के दौरान उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात और सुदृढ़ विधि-व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com



अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर धारा 138 एन.आई. एक्ट मामलों के निष्पादन हेतु बैठक आयोजित

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में आगामी 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 19 जून 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सचिव श्री अरविन्द कुमार के प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (Negotiable Instruments Act) से संबंधित सुलहनीय वादों के अधिकाधिक निष्पादन पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों ने चिन्हित वादों में पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक रणनीति पर चर्चा की। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों के त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से विवादों के समाधान हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा श्री राहुल किशोर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-4 श्री अश्विनी कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-5 श्री लक्ष्मीनाथ, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-2 श्री चन्द्रभूषण भारती, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-6 श्रीमती चन्दा लाल, अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी श्री रजत दीप, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री अनिता कुमारी, श्री शत्रुंजय कुशवाहा, श्री संतोष कुमार, सुश्री सोनम रानी एवं सुश्री आकांक्षा आनंद सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कौआकोल बाजार में जाम से राहत के लिए फिर चला बुलडोजर

**कौआकोल**। बाजार में लगातार लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान कौआकोल थाना चौक से दुर्गामंडप रोड तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी मनीष कुमार ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासनिक टीम के बाजार पहुंचते ही दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासन के अनुसार, अतिक्रमित स्थलों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया था और कई बार माइकिंग के जरिए दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद जब लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया,तब सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। जेसीबी मशीन को देखते ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान खुद ही हटाना शुरू कर दिया। वहीं सड़क किनारे अवैध कब्जों को हटाकर बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में कार्रवाई की गई। सीओ मनीष कुमार ने कहा कि बाजार में जाम की मुख्य वजह सड़क पर किया गया अतिक्रमण है। आम लोगों की सुविधा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की

### मिट्टी धंसने से महिला घायल,नवादा रेफर

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के उत्तरवारी धमनी गांव में शुक्रवार को एक हादसे में 65 वर्षीय बुलंती देवी-पति राजेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जाता है कि बुलंती देवी मिट्टी लाने के लिए गई थीं। इसी दौरान अचानक मिट्टी का धसान हो गया,जिससे वह उसकी चपेट में आ गईं। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया,लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिवार के लोगों में चिंता का माहौल है।

### नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह के तहत जिले के विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**नवादा**। नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह के अंतर्गत आज दिनांक 19 जून 2026 को नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं एवं किशोर-किशोरियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों का प्रभावशाली मंचन किया गया। प्रस्तुतियों में यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है तथा इससे दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध जीवन का निर्माण किया जा सकता है। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों एवं नशामुक्ति से संबंधित सरकारी प्रयासों की जानकारी भी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों से नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की गई।

### दोहरे हत्याकांड के दोनों मुख्य आरोपियों ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**नरहट (नवादा)**। नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड के दोनों मुख्य आरोपी इम्तेयाज मलिक और इस्तेखार ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों आरोपी सुबह करीब 10 बजे कोर्ट पहुंचे और सरेंडर कर दिया। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि मामले में कुल छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। इनमें से चार महिला आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। वहीं, मुख्य आरोपी इम्तेयाज मलिक और इस्तेखार घटना के बाद से फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। पुलिस की बढ़ती दबिश और गिरफ्तारी के दबाव के कारण दोनों आरोपियों ने अंततः न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

### मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवादा**। आगामी मोहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 19.06.2026 को टाउन थाना, नवादा में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर,श्री अमित अनुराग की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व के आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं भाईचारे की भावना बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री हुलास कुमार ने कहा कि मोहर्रम पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने सभी लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा भी अपने सुझाव एवं समस्याएं रखी गईं, जिन पर प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी,नवादा सदर,थानाध्यक्ष,टाउन थाना विभिन्न शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मकान कब्जे को लें नवादा में गोलीबारी से दहशत कटघरे में प्रशासनिक अधिकारी ,पांच गिरफ्तार

## पत्थरबाजी में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल, इलाके में दहशत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा**। नवादा के पम्पूकल रोड निवासी उदय सिँह के घर पर कब्जे को लेकर गुरुवार की देर शाम एक दर्जन की संख्या में रहे अपराधियों ने गोलीबारी तथा रोडे बाजी की। जिससे इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया। गोली की आवाज सुनकर सैकड़ो नागरिक जुट गए ।पत्थर बाजी में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल भी हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस अधिकारियों ने भारी मशक्कत के बाद बलवे पर कब्जा पाया। घंटे तक पंपू कल का इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा ।सायरन की आवाज गूंजती रही ।राइफल धारी अपराधी भागने में सफल रहे । प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिस ने अपराधियों को भगाने में मदद की । सदर एसडीपीओ हुलास कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उदय सिंह की पत्नी मुन्नी देवी ने बताया कि उनके पति दो भाई हैं .।जिनमें एक का नाम राजकुमार सिंह है। उन्होंने बताया कि नवादा के कुछ सफेद पोश भूमि माफिया दीपक महतो ने उनके चार ननद में से एक के पुत्र राजीव सिंह उर्फ टुन्नी से हिस्सेदारी का दावा कराकर मकान पर कब्जा करना चाह रहा था। जिसने नवादा के अंचलाधिकारी से कानून के विरुद्ध कागजात बनवाकर घटना को अंजाम दिया ।अगर किसी की हकीकत है तो मामला न्यायालय में जाना चाहिए था। उन्होंने नवादा के अंचल अधिकारी पर मोटी रकम लेकर उनके पक्ष में गलत तरीके से कागजात बनाकर घर पर कब्जा करने का तिलस्म रचने का आरोप लगाया है। अगर किसी को भी हिस्सा मांगना है तो सही तरीके से न्यायालय में बटवारा का मुकदमा दायर करना चाहिए था। लेकिन नवादा थाने की पुलिस की मिली भगत से अंचलाधिकारी जाल रचकर मेरे मकान पर कब्जा कराना चाहते हैं। इसी कोशिश के तहत एक दर्जन से अधिक गुंडो ने शस्त्र के साथ उनके घर पर हमला कर दिया। रोड़ेबाजी कर कई लोगों को घायल भी कर दिया ।उनके साथ भी मारपीट की गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। तब कहीं सदर एसडीपीओ हुलास कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल जाकर स्थिति को नियंत्रित किया ।उसमें से भी नवादा थाना प्रभारी सहित कुछ पुलिस कर्मियों के सामने ही बदमाश भागते नजर आए। जिन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका। पीड़ित महिला ने बताया कि इस मामले में अंचलाधिकारी रुपए लेकर उनके जमीन मकान पर कब्जा करना चाह रहे हैं ।इसकी विरुद्ध उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। इधर नवादा सदर के एसडीपीओ हुलास कुमार ने बताया कि कि इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में ले लिया गया है ।

सीसीटीवी फुटेज की जांच कर फरार बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर जूट लोगों ने गोलीबारी की बात कही है। लेकिन घटनास्थल से खोखा बरामद नहीं किया जा सकता है ।वही पपीड़ित महिला ने कहा है कि अगर प्रशासनिक अधिकारी इसी तरह पक्षपात करेंगे तो मजबूर होकर सब परिवार आत्मदाह कर लेंगे ।अंचल अधिकारी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करने की बात कही है। इस घटना से आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल कायम है।

### मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर अनुमंडल शांति समिति की बैठक आयोजित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा** मोहर्रम के अवसर पर शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था के सफल संधारण को लेकर अनुमंडल सभागार, रजौली में अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में अनुमंडल शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के शांति समिति के सदस्यों, विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारियों, थाना अध्यक्षों तथा संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों की निगरानी, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों से पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,रजौली श्री गुलशन कुमार ने सभी थाना अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी बरतने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारी, थाना अध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसएससी स्टेनो की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्वाति बनी आयकर अधिकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)**: लगातार प्रयास ही सफलता की असली पहचान है। इसी सोच को साकार कर दिखाया है प्रखंड के ओड़ो गांव के ब्राह्मण टोला निवासी संतोष कुमार मिश्रा की सुपुत्री स्वाति इप्सा विश्वास ने। स्वाति

का चयन एसएससी स्टेनो की परीक्षा से भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आयकर विभाग में हुआ है, जिसका परीक्षा फल गुरुवार को रात्रि में प्रकाशित हुआ है जिससे पूरे क्षेत्र और परिवार में हर्ष एवं गर्व का माहौल है।इससे पूर्व भी संयुक्त स्नातक स्तरीय (SSC-CGL) परीक्षा में स्वाति ने अपने पहले ही प्रयास में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, लेकिन स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं होने के कारण वे अंतिम चयन से वंचित रह गई थीं। परंतु हार नहीं मानकर दृढ़ संकल्प और निरंतर परिश्रम के बल पर उन्होंने आखिरकार अपनी मंजिल हासिल कर ली। प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर से प्राप्त करने वाली स्वाति बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं और अपनी कक्षा में सदैव प्रथम स्थान प्राप्त करती रही हैं। उन्होंने मगध विश्वविद्यालय से भौतिकी विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर तथा आगरा विश्वविद्यालय से बीएड की उपाधि प्राप्त की है।

अपनी सफलता का श्रेय स्वाति अपने पिता संतोष कुमार मिश्रा, जो सरस्वती विद्या मंदिर के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं, तथा अपने बड़े भाई राहुल रंजन को देती हैं। उनके भाई भी इसी परीक्षा के माध्यम से चयनित होकर वर्तमान में पटना में असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं।पढ़ाई के साथ-साथ विज्ञान, साहित्य और संभाषण कला में विशेष रुचि रखने वाली स्वाति अपनी सफलता का महत्वपूर्ण श्रेय औरंगाबाद के प्रख्यात शिक्षक नित्रम सर के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को देती हैं। उनका कहना है कि सही दिशा, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे बड़ी कुंजी है। स्वाति की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रजौली में हाथियों का तांडव, स्कूल को पहुंचाया भारी नुकसान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**रजौली** प्रखंड के धामुचक गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में बीती रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने स्कूल की बाउंड्री, दरवाजे और ग्रिल को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा मिड-डे मील के लिए रखे गए चावल की कई बोरियां फाड़कर अनाज खा लिया और शेष बिखेर दिया।

प्रधानाचार्य पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि स्कूल को काफी नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए वन विभाग को आवेदन दिया जा रहा है। घटना के समय विद्यालय में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार तीन हाथियों का झुंड धामुचक से निकलकर चितरकोली, बगरदेवा, सिलीडीह और दुधीमाटी के जंगल क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। हाथियों की गतिविधियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीण रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। हाथियों के मूवमेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने लोगों से हाथियों के निकट नहीं जाने तथा किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को देने की अपील की है।

वन विभाग और प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है तथा ग्रामीणों से सतर्क रहने, हाथियों के करीब न जाने और रात में अनावश्यक बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

# रजौली विधानसभा को डेयरी क्षेत्र में बड़ी सौगात, चितरकोली में बनेगा 1.18 करोड़ का बल्क मिल्क कूलर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली विधानसभा क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों और युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। रजौली विधायक विमल राजवंशी के प्रयासों से रजौली प्रखंड के चितरकोली में बल्क मिल्क कूलर भवन एवं बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए करीब 1.18 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी मिल गई है। विभाग ने इसके लिए निविदा भी जारी कर दी है। विधायक विमल राजवंशी ने बिहार विधानसभा में रजौली, सिरदला और मेसकौर प्रखंडों में डेयरी विकास एवं ग्रामीण रोजगार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उनके लगातार प्रयासों का ही



विधायक का फाइल फोटो

परिणाम है कि अब चितरकोली में बीएमसी प्लांट की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है।

**किसानों की आय बढ़ेगीः-** यह परियोजना क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन, संग्रहण एवं विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी। बल्क मिल्क कूलर लगने से दूध की बर्बादी रुकेगी और किसानों को उनके दूध का उचित मूल्य मिलेगा। इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। पशुपालकों को अब दूध बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

**विकसित रजौली की दिशा में कदमः-** क्षेत्रवासियों का कहना है कि नवादा के सांसद विवेक ठाकुर के 'विकसित नवादा एवं विकसित रजौली' के संकल्प और विधायक विमल राजवंशी द्वारा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने से रजौली विधानसभा विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रही है।

**सीएम और मंत्री का जताया आभारः-** इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए क्षेत्र के लोगों ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद विवेक ठाकुर और विधायक विमल राजवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं विधायक विमल राजवंशी ने भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, अपने नेता चिराग पासवान, पशुपालन मंत्री नंदकिशोर राम, सांसद विवेक ठाकुर एवं एनडीए के सभी शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह डेयरी प्लांट रजौली के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# साइबर ठगी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

## 54.84 लाख नकद, सोना-चांदी व लैपटॉप बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। नवादा पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर थाना की गठित एसआईटी टीम ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 54 लाख 84 हजार रुपये नकद, दो लैपटॉप, आठ स्मार्ट मोबाइल, 406 ग्राम सोना तथा 1646 ग्राम चांदी बरामद की गई है।

इस संबंध में साइबर थाना नवादा में कांड संख्या 61/26 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार 19 जून को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चकवाय गांव तथा सिमरी इलाके में छापेमारी कर साइबर अपराध में संलिप्त चार युवकों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपितों में चकवाय निवासी नीतीश कुमार (24), राहुल





कुमार उर्फ बिल्ला (21), प्रिंस कुमार (24) तथा सनित कुमार (20) शामिल हैं। इनमें राहुल कुमार मूल रूप से नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र के देवसपुरा गांव का निवासी बताया गया है।

पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने खुलासा किया कि उन्हें ई-मेल और व्हाट्सएप के माध्यम से विभिन्न लोगों के क्रेडिट कार्ड धारकों की जानकारी उपलब्ध कराई जाती थी। इसके बाद वे खुद को बैंक या संबंधित संस्था का प्रतिनिधि बताकर कार्ड अपडेट करने के नाम पर लोगों से संपर्क करते थे और तकनीकी पहुंच हासिल कर लेते थे। इसके बाद पीड़ितों के क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन खरीदारी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाते थे। इसके अलावा हेल्थ कार्ड बनाने और लोन दिलाने के नाम पर भी लोगों से ठगी की जाती थी।

इस सफल कार्रवाई में साइबर थाना के थानाध्यक्ष सह पुलिस उपाधीक्षक मो. शाहनबाज अख्तर, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राजन कुमार, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक पौरुष अग्रवाल सहित साइबर थाना एवं स्वाट टीम के अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस ने बरामद सामानों को जब्त कर लिया है तथा गिरफ्तार अपराधियों के नेटवर्क और इनके अन्य सहयोगियों के संबंध में गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# महावारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## छात्राओं को स्वच्छता किट वितरित एवं दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। समाहरणालय स्थित डी.आर.डी.ए. सभागार में महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार द्वारा संचालित "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत महावारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त, नवादा श्रीमती नीलिमा साहू द्वारा की गई।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से उपस्थित छात्राओं को महावारी स्वच्छता प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण, सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग एवं निस्तारण तथा किशोरियों के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही महावारी से संबंधित सामाजिक भ्रांतियों एवं वर्जनाओं को दूर करने तथा इस विषय पर खुलकर संवाद स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।

उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि महावारी एक प्राकृतिक एवं सामान्य जैविक प्रक्रिया है तथा इसके प्रति जागरूकता एवं स्वच्छता का पालन प्रत्येक किशोरी एवं महिला के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी को अपने परिवार एवं समाज तक पहुँचाकर जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं के बीच महावारी स्वच्छता किट का वितरण किया गया। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह के अंतर्गत सभी छात्राओं एवं प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहकर स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प कराया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं किशोरावस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह कार्यक्रम किशोरियों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) श्रीमती निरूपमा शंकर, आईसीडीएस के पदाधिकारी एवं कर्मीगण, विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# फरार 2 आरोपी रांची एयरपोर्ट पर पकड़ाए, देश छोड़ने का था प्लान, मारपीट का वीडियो हुआ था वायरल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी से एक महीने से फरार चल रहे दो आरोपी को झारखंड की राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसियों ने धर दबोचा है। दोनों बदमाश जिले के चेरकी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पकड़े गए युवकों की पहचान अरशद और शाहबाज के रूप में हुई है। ये दोनों पिछले कुछ समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे और आखिरकार सीआईएसएफ के हत्थें चढ़ गए। रांची पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई की आधिकारिक सूचना गयाजी जिला पुलिस को दे दी है। इस सूचना के बाद चेरकी थाने की टीम दोनों आरोपियों को रांची से गयाजी लाने लिए रवाना हो गई है।

**देश छोड़कर भागने का था मास्टर प्लानः** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरशद और शाहबाज कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए देश छोड़कर भागने की पूरी तैयारी में थे। इसके लिए उन्होंने एक बकायदा रूट प्लान तैयार किया था। वे रांची एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट पकड़कर बेंगलुरु जाने वाले थे और चर्चा है कि वहीं से वे विदेश भागने की फिराक में थे। लेकिन, वे गयाजी पुलिस की पैनी नजरों से बच नहीं सके। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कांड संख्या 65/26 के नामजद आरोपी रांची से कहीं बाहर भागने की फिराक में हैं। इस इनपुट के मिलते ही चेरकी पुलिस ने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ और स्थानीय एयरपोर्ट थाना पुलिस को आरोपियों की पूरी कुंडली और डिटेल्स भेज दी। जैसे ही दोनों आरोपी एयरपोर्ट पहुंचे। सीआईएसएफ ने उन्हें हिरासत में ले



लिया और बाद में स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया।

**घटना का वीडियो हुआ था वायरलः** मामला चेरकी थाना क्षेत्र के इनायत कॉलोनी की है, जहां पिछले महीने एक जमीन के टुकड़े को लेकर दो गुटों के बीच जमकर हिंसक मारपीट हुई थी। इस मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। चेरकी थाना अध्यक्ष ट्विंकल सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कांड संख्या 65/26 के कुछ आरोपी रांची एयरपोर्ट से कहीं भागने की फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन के बाद तुरंत रांची एयरपोर्ट थाना और सीआईएसएफ को अलर्ट किया गया। इसके बाद दो आरोपी पकड़े गए हैं। शुरुआत में इस मामले में आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था। लेकिन जांच के बाद आर्म्स एक्ट की धारा को हटा दिया गया है। क्योंकि हथियार के इस्तेमाल या उसे मौके पर लाने का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला। हालांकि, मारपीट और बाकी आरोप पूरी तरह सही पाए गए हैं।

**इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं, ट्रांजिट रिमांड पर लाने की तैयारीः** दोनों आरोपी की हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी के बाद चेरकी इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं बाजार गर्म हैं। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों का इरादा बेंगलुरु पहुंचने के बाद भारत से बाहर रफूचक्कर होने का था।

इसलिए वे रांची का रास्ता चुनकर भाग रहे थे। वहीं, दूसरी ओर कुछ ग्रामीणों का मानना है कि मामला केवल जमीन विवाद का है और उनका कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है कि वे देश छोड़कर भागे। फिलहाल गया पुलिस की एक विशेष टीम रांची के लिए रवाना हो चुकी है। रांची कोर्ट में कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर गयाजी लाया जाएगा। इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को सरकारी सुरक्षा दिया जाय :मिश्रा

**नवादा**। आजाद अधिकार सेना पार्टी के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने भारत के आदरणीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को रजिस्टर्ड डाक से एक पत्र भेजकर आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस श्री अमिताभ ठाकुर जी को संभावित सुरक्षा जोखिमों को दृष्टिगत जेड श्रेणी सुरक्षा प्रदान किया जाने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के लिए अपने लिखे पत्र में अनुरोध किए हैं, उन्होंने कहा की अमिताभ ठाकुर जी आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष है ,तथा विगत कई वर्षों से जनहि,त भ्रष्टाचार उन्मूलन, प्रशासनिक पारदर्शिता मानवाधिकार संरक्षण, एवं आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, श्री अमिताभ ठाकुर जी के द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के भ्रष्टाचार माफिया तंत्र प्रशासनिक अनियमिताओं तथा जन विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध आवाज उठाई जाती है, उनके द्वारा संचालित जनहित अभियानों एवं सार्वजनिक हस्तक्षेपों के कारण अनेक प्रभावशाली एवं और सामाजिक तत्वों के हित प्रभावित होते रहते हैं, जिससे उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा एवं जीवन पर संभावित खतरे की आशंका बनी होती रहती है, राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते उन्हें देश के विभिन्न राज्यों में लगातार भ्रमण करना पड़ता है ,तथा जन सभाओं सामाजिक कार्यक्रमों, धरना प्रदर्शनों एवं जनसंपर्क अभियानों में भाग लेना पड़ता है, ऐसी स्थिति में उनकी सुरक्षा केवल व्यक्तिगत विषय नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, एवं जनहित के मुद्दों से जुड़ा है, अमिताभ ठाकुर जी देश के एक एक विराट व्यक्तित्व के साथ संपूर्ण भारत में लोकप्रिय हैं, इसलिए उन्हें जेड श्रेणी सुरक्षा प्रदान की जाए।

### गयाजी में तेज रफ्तार 2 कार आपस में टकराई, अनियंत्रित गाड़ी बिजली पोल तोड़ते हुए दुकान में घुसी



**गयाजी**। गयाजी में गुरुवार रात ओवरटेक के चक्कर में तेज रफ्तार 2 कार आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल को तोड़ते हुए दुकान में जा घुसी। हादसे में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना विष्णुपद थाना क्षेत्र के माड़नपुर स्थित खटकाचक हाईवे के पास की है। जानकारी के अनुसार, दोनों वाहन हाईवे की ओर तेज गति से बढ़ रहे थे। इसी दौरान एक ने दूसरे को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे दोनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एक ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा। अनियंत्रित गाड़ी पहले सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकराया और फिर पास की एक गुमटीनुमा दुकान में जा घुसा। उस समय दुकान के अंदर मौजूद संचालक वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त गुमटी के अंदर फंसे दुकानदार को बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। बाद में घायल को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही विष्णुपद थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। हादसे के कारण कुछ समय तक हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, विष्णुपद थाना के एसआई सत्येंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला ओवरटेक के दौरान हुई टक्कर का प्रतीत हो रहा है। एक वाहन में परिवार के सदस्य सवार थे, जबकि दूसरे में दो लोग मौजूद थे। सभी सुरक्षित हैं, लेकिन दुकानदार को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### 13 साल के बच्चे की मौत, घर के बाहर खेल रहा था, बिजली के पोल से टच होते ही लगा करंट

**नालंदा**। नालंदा में करंट लगने से 13 साल के बच्चे की मौत हो गई। घर के बाहर खेलते समय हादसा हुआ है। मृतक की पहचान जैतीपुर निवासी विनोद साव के पुत्र आदित्य कुमार के तौर पर हुई है। घटना इस्लामपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक आदित्य अपने घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान बारिश की वजह से पास में स्थित बिजली के खंभे के स्टेक(लोहे के तार) में करंट आ गया। अनजाने में आदित्य उस तार के संपर्क में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में परिजन अस्पताल ले गए, जहां चेकअप के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों के चीत्कार से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने शव का बिहार शरीफ सदर अस्पताल (मॉडल अस्पताल) में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, बच्चे की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति भी आंशिक रूप से करंट की चपेट में आया था। पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज कर लिया है। आगे की छानबीन कर रही है।




## बंद घर से 33.70 लाख की चोरी, मेन डोर का लॉक तोड़कर अंदर घुसे चोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया है। एल्युमिनियम फैक्ट्री संचालक के घर से करीब 33 लाख की चोरी हुई है। मामले का खुलासा शुक्रवार की सुबह हुआ, जब पड़ोसियों ने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ देखा। इसके बाद गृहस्वामी को सूचना दी गई। घटना बेन थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव की है।

पीड़ित गृहस्वामी सुनील सिंह ने पंजाब में एल्युमिनियम फैक्ट्री चलाते हैं। उन्होंने बताया कि मां के इलाज के सिलसिले में पूरा परिवार जून को घर में ताला लगाकर बिहारशरीफ गया हुआ था। भतीजे ने फोन पर बताया कि मेन डोर का लॉक टूटा हुआ है। जिसके बाद आनन-फानन में गांव पहुंचा। सभी कमरों के ताले टूटे थे। अलमारी और स्टोर बॉक्स में रखे करीब 30 लाख के जेवरात और



3.70 लाख कैश गायब थे।

**जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलायाः** जानकारी मिलते ही बेन पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी रवि राज ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। घर बंद होने के कारण बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। वरीय अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। पीड़ित परिवार की ओर से आवेदन मिलते ही मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 'नीतीश मॉडल' को आगे बढ़ा रही है सरकार- मंत्री, श्रवण कुमार बोले- बिहार के मान-सम्मान को दुनिया में मिली पहचान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार आज नालंदा पहुंचे। यहां पर उन्होंने ने कहा कि वर्तमान सरकार 'न्याय के साथ विकास' और सुशासन के 'नीतीश मॉडल' को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। जो बिहार कभी बदहाली, पलायन और पिछड़ेपन की पहचान माना जाता था, आज वही राज्य विकास, सुशासन और नई संभावनाओं की मिसाल बनकर उभरा है।

मंत्री श्रवण कुमार शुक्रवार को बिहारशरीफ प्रखंड के मेघी नगवां पंचायत अंतर्गत ग्राम नगवां में नवनिर्मित यात्री शेड और ग्राम दीपनगर एनएच गौरैया स्थान से लेकर रामानंद सिपाही के घर तक ईंट सोलिंग, नाली निर्माण और पीसीसी



ढलाई काम का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

**अंधेरे से उजाले तक की प्रेरक यात्राः** समारोह को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि पिछले 21 साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने प्रगति, आत्मविश्वास और सम्मान की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने बिहार के मान, सम्मान और स्वाभिमान को देश-दुनिया में नई पहचान दिलाई है। आज उन्हीं के मार्गदर्शन में सरकार निरंतर जनहित में काम कर रही है। बिहार में हुए अकल्पनीय परिवर्तन की गवाह यहां की जनता है, जिसने अपनी ंखों से इस बदलाव को देखा है। आज बिहार के विकास काम का डंका पूरे देश में बज रहा है।


**युवाओं को रोजगार और महिला सशक्तिकरण पर जोरः** मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य में कौशल विकास के माध्यम से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उन्हें हुनरमंद और कुशल बनाने पर विशेष जोर दिया है, जिससे बिहार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। सूबे में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है, महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिली है और रोजगार व निवेश के नए अवसर सृजित हुए हैं। बेहतर सड़कें, हर घर बिजली और आधारभूत संरचनाओं (इंफ्रास्ट्रक्चर) में हुए सुधार ने राज्य की तस्वीर बदल दी है। यह सफर अंधेरे से उजाले, संघर्ष से सफलता और संकल्प से सिद्धि तक का है।

## लग्जरी कार से 3 शातिर बदमाश अरेस्ट, पिस्टल और 6 कारतूस बरामद, डेल्हा के रास्ते टिकारी जा रहे थे सभी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी की डेल्हा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी एसयूवी कार सवार तीन शातिर बदमाशों को रंगे हाथ दबोच लिया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने एक सोफिस्टिकेटेड पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस फिलहाल इन अपराधियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है और उनकी निशानदेही पर शहर के कई अन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है।

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने बिछाया जालः** डेल्हा थाना के इंस्पेक्टर व्यंकटेश ओझा ने बताया कि पुलिस को सीनियर अफसरों से एक बेहद सटीक गुप्त सूचना मिली थी। डीएसपी-2 धर्मेंद्र भारती के नेतृत्व में मिली इस सूचना में कहा गया था कि कुछ संदिग्ध युवक एक कार में सवार होकर डेल्हा के रास्ते टिकारी की ओर जा रहे हैं। उनके पास हथियार हैं और वे किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने



की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा अलर्ट हो गया। इंस्पेक्टर व्यंकटेश ओझा ने बिना वक्त गंवाए एएसआई राजीव कुमार दुबे और भारी संख्या में पुलिस बल के जवानों को साथ लिया और देर शाम सड़कों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया।

**भागने की कोशिश नाकाम, चारों तरफ से घेराः** चेकिंग के दौरान पुलिस टीम की नजर डेल्हा पुल की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार एसयूवी कार पर पड़ी। पुलिस ने जब कार को रुकने का इशारा किया, तो कार सवार युवकों ने भागने की नियत से गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और चकमा देकर निकलने की कोशिश की। हालांकि, चौकस पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए कार को चारों तरफ से घेर लिया और उसमें सवार तीनों युवकों को गाड़ी से बाहर निकाल लिया। जब पुलिस ने कड़ाई से तीनों युवकों की तलाशी ली, तो उनके पास से 7.65 एमएम की एक चमचमाती हुई सोफिस्टिकेटेड पिस्टल और 6 राउंड गोलियां बरामद हुईं। हथियार मिलते ही पुलिस ने तीनों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया और उनकी कार को भी जब्त कर लिया।

**पकड़े गए बदमाशों की हुई पहचानः** पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बदमाशों की पहचान हो चुकी है। इनमें पहला अपराधी चांद मोहम्मद है, जो शहर के अलीगंज इलाके का रहने वाला है। दूसरा बदमाश एजाज मलिक है, जो न्यू करीमगंज का निवासी है। वहीं, तीसरा बदमाश तारुस है, जो चाकंद थाना क्षेत्र के बारा गांव का रहने वाला है। थाना प्रभारी व्यंकटेश ओझा ने बताया कि इस पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। पकड़े गए बदमाशों का पुराना आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। शुरुआती पूछताछ में अपराधियों से कुछ सुराग मिले हैं। उसके आधार पर पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरोह के पकड़े जाने से इलाके में किसी बड़ी घटना को टाला जा सका है और जल्द ही कुछ और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

## जिले में एमवीआर दरों में वृद्धि, जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति, नवादा की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला अवर निबंधक द्वारा बताया गया कि जिले में वर्तमान में प्रभावी न्यूनतम मूल्यांकन पंजी (एमवीआर) की दरों में संशोधन करते हुए शहरी एवं पेरिफेरल क्षेत्रों में 2.0 गुणा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1.6 गुणा वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से दिनांक 19.06.2026 से लागू होगा।उन्होंने बताया कि नगर निगम सीमा से 8 किलोमीटर, नगर परिषद सीमा से 4 किलोमीटर तथा नगर पंचायत सीमा से 2 किलोमीटर की परिधि में आंशिक अथवा पूर्ण रूप से आने वाले मौजों को पेरिफेरल क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया जाना है।

जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा सदर, हिसुआ एवं वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत रजौली को निर्देशित किया कि संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पेरिफेरल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मौजों को चिन्हित करते हुए स्पष्ट नजरी नक्शा सहित सूची एक सप्ताह के भीतर जिला अवर निबंधक ,नवादा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी बताया गया कि नवादा जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्रों, यथा- नगर परिषद नवादा सदर, हिसुआ एवं वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत रजौली में नई सड़कों का निर्माण एवं सड़कों का चौड़ीकरण किया गया है। इन क्षेत्रों में सड़कों का प्रधान सड़क, मुख्य सड़क, शाखा सड़क एवं अन्य सड़कों के रूप में वर्गीकरण किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में सड़कों का नए सिरे से वर्गीकरण कर सूची तैयार करें तथा अधिसूचित मोहल्लावार नए वार्डों की सूची भी एक सप्ताह के भीतर जिला अवर निबंधक , नवादा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता, नवादा, डीसीएलआर नवादा सदर, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


## प्रेतशिला मेला में बाइक की चोरी, बच्चों संग आए युवक की मोटरसाइकिल ले भागे बदमाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी के कोरमा प्रेतशिला मेला में एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। यह घटना चंदौती थाना क्षेत्र में हुई, जब युवक अपने बच्चों के साथ मेला घूमने आया था। पीड़ित नवादा के कंडी गांव निवासी अजीत कुमार ने चंदौती थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ कोरमा प्रेतशिला मेला घूमने आए थे। अजीत कुमार ने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल मेले के पास खड़ी की थी। मेला घूमने के बाद जब वे वापस लौटे, तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला।

**भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को दिया अंजामः** अजीत कुमार ने अपनी शिकायत में कहा कि चोरों ने मेले में भीड़ का फायदा उठाकर उनकी मोटरसाइकिल चुरा ली। इस घटना से उन्हें आर्थिक नुकसान और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ के बीच बाइक चोरी होने से लोगों में चिंता है। स्थानीय लोगों ने मेले में पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों की मांग की है।

**कोई टिप्पणी करने से इनकार कियाः** मेला प्रबंधन से इस घटना पर प्रतिक्रिया जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मेला प्रबंधन की इस चुप्पी पर भी लोगों के



बीच चर्चा हो रही है।

चंदौती थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## गयाजी में राहुल गांधी का जन्मदिन मना, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बच्चों के बीच बांटी चॉकलेट-कॉपी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी का जन्मदिन सेवाभाव के साथ मनाया गया। राजेंद्र आश्रम स्थित दास टोला में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर समाज के वंचित वर्ग के बच्चों और महिलाओं के बीच इस दिन को उत्सव के रूप में मनाया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गगन और महिला कांग्रेस नेता देविका सरयार मिश्र ने किया।

**केक काटकर बांटी खुशियां, शिक्षा का दिया संदेशः** कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय बच्चों और महिलाओं की मौजूदगी में केक काटकर की गई। इसके बाद उपस्थित गरीब बच्चों के चेहरे तब खिल उठे, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बीच चॉकलेट, फ्रूटी, कॉपी और कलम जैसी जरूरी शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया। आयोजन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गगन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी देश के भीतर गरीबों, किसानों, मजदूरों, छात्रों और महिलाओं की सबसे बुलंद आवाज बनकर उभरे हैं। वे सड़क से लेकर संसद तक लगातार जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डॉ. गगन ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों में देश को राहुल गांधी जैसे निडर और संवेदनशील नेता की सख्त जरूरत है, जो बिना किसी डर के जनता के बुनियादी मुद्दों को उठा रहे हैं। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता और आम जनता ईश्वर से उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करती है।



**शिक्षा ही समाज को जागरूक बनाने का माध्यमः** डॉ. गगन ने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री बांटने के पीछे की सोच के बारे में बताया कि शिक्षा ही किसी भी पिछड़े समाज को मुख्यधारा में लाने और जागरूक बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बच्चों को कॉपी-किताबें और पेन दिए गए हैं, ताकि वे पढ़-लिखकर देश के जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

**वंचितों और छात्रों के हक की लड़ाईः** वहीं, कांग्रेस नेता देविका सरयार मिश्र ने राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा से महिलाओं, दलितों, वंचितों और युवाओं के हक के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे हैं। उन्होंने वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों व देश के छात्रों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन मुद्दों को केवल राहुल गांधी ही प्रमुखता से उठा रहे हैं। उनके जन्मदिन पर इस तरह का आयोजन कर कांग्रेस ने समाज में शिक्षा और जागरूकता का एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है। इस अवसर पर दास टोला में भारी संख्या में स्थानीय महिलाएं, बच्चे और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे माहौल में भारी उत्साह देखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना मे दो घायल , रेफर

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोचस मोहनिया रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर एक बाइक अनियंत्रित हो शुक्रवार को पलट गई जिसमें एक वृद्ध समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलो की पहचान लालन शाह उम्र 65 वर्ष तथा 30 वर्षीय विकाश गुप्ता के रूप मे हुई है, दोनो घायल कैमूर कुदरा के बताए जाते है.घटना के बारे में बताया जाता है कि बाइक सवार दोनों अपने गांव कुदरा से कोचस की तरफ आ रहे थे तभी कोचस मोहनिया रोड स्थित बाइक अनियंत्रित हो पलट गई जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों की पहल से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर अविनाश कुमार ने एक की पैर में गंभीर चोट तथा वृद्धि के सर में गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर उपचार के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

### गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार एक हुआ फरार

**काराकाट /रोहतास** । जिला के काराकाट थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक लूट कांड का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है । यह कार्रवाई गुप्त सूचना और तकनीकी जानकारी के आधार पर की गई है। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि यह गिरफ्तारी पिछले महीने की शुरुआत में दर्ज लूट कांड संख्या 193 / 26 के संबंध में हुई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के धारूपुर गांव निवासी अजीत कुमार पिता रामचंद्र राम और राजीव रंजन उर्फ राजू पासवान पिता हरि नारायण राम के रूप में हुई है । दोनों को उनके घर धारूपुर में पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं इस मामले में एक अन्य आरोपी छापामारी के दौरान फरार होने में सफल रहा हालांकि पुलिस ने उसकी बाइक जिस पर लिखा हुआ था "अहिरान "और उसका मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है ।पुलिस के अनुसार बरामद सामग्री की तकनीकी जांच की जा रही है और फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा । पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष विवेक कुमार एस आई विकास कुमार और रफीक अंसारी शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया है पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### नंगे तार के स्पर्श से महिला हुई जख्मी


**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के बाराडी में विद्युत करंट की चपेट में आने से शुक्रवार को महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई.जख्मी महिला बैजन्ती देवी ग्राम बाराडीह की बताई जाती है। घटना के बारे में बताया जाता है कि महिला अपने घर में काम कर रही थी तभी नंगे तार के स्पर्श में आ गई जिसके चलते वह गंभीर उस जख्मी हो गई, परिवार वालों की सहायता से जख्मी अवस्था में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक अविनाश कुमार के देखने में महिला का उपचार चल रहा है.

### काराकाट में लूट कांड का खुलासाः दो अभियुक्त गिरफ्तार, बाइक व 3 मोबाइल बरामद; तीसरा फरार



**रोहतास**। जिले के काराकाट थाना ने आज शुक्रवार को गुप्त सूचना और तकनीकी जानकारी के आधार पर छापेमारी कर लूट कांड के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई थाना में पिछले महीने की शुरुआत में दर्ज लूट कांड संख्या 193/26 की पूछताछ और शिकायतों के संदर्भ में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के धारूपुर गांव निवासी रामचंद्र राम के पुत्र अजीत कुमार और हरिनारायण राम के पुत्र राजू रंजन उर्फ राजू पासवान के रूप में हुई। दोनों अभियुक्तों को उनके घर धारूपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से तीन एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं। एक और अभियुक्त छापेमारी के दौरान फरार होने में सफल रहा, लेकिन उसकी पल्सर बाइक (जिस पर 'अहिरान' लिखा था) और उसका मोबाइल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बरामद सामग्री की तकनीकी जांच की जा रही है और जल्द ही फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष विवेक कुमार, एसआई विकास कुमार और रफीक अंसारी शामिल थे। आवश्यक कार्रवाई पूरी कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है और किसी भी नई जानकारी के मिलने पर सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाएगा।

### "न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए : प्रो.बलिराम मिश्रा



**बिक्रमगंज /रोहतास** । भोजपुर जिला के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौटी गांव निवासी भरत तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत को लेकर भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बलिराम मिश्रा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का राज सर्वोपरि होता है और किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत ही होनी चाहिए। श्री मिश्रा ने कहा कि पुलिस प्रशासन को किसी भी कार्रवाई से पूर्व संबंधित व्यक्ति के आपराधिक इतिहास एवं मामले की समुचित जांच-पड़ताल करनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में कई ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब अभी तक सामने नहीं आया है। इसलिए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।

उन्होंने कहा, "भरत तिवारी की मौत से उनका परिवार गहरे सदमे में है। यदि किसी स्तर पर प्रशासनिक लापरवाही या अधिकारों का दुरुपयोग हुआ है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। न्याय तभी सार्थक होगा जब पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच के साथ न्याय मिले।" भाजपा नेता ने उच्च न्यायालय से मामले का संज्ञान लेते हुए घटना में संलिप्त पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका की जांच कराने तथा आवश्यक होने पर उनके विरुद्ध मुकदमा चलाने की मांग की। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने, उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा पूरे मामले की पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि "न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि पीड़ित परिवार का विश्वास कायम रखते हुए निष्पक्ष कार्रवाई करे।" श्री मिश्रा ने अंत में शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# खेत बचाओ अभियान के तहत सफल डीलर मिट कार्यक्रम का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित वैष्णो वाटिका में आईपीएल बायोलॉजिकल्स लिमिटेड द्वारा किसान सेवा केंद्र, कोचस के तत्वावधान में एक सफल डीलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 30 से अधिक डीलरों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बिक्रमगंज के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रविन्द्र कुमार जलज एवं एरिया मैनेजर सुशील निषाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिया रंजन (एफएमएम) एवं अजय सिंह (एमडीओ) ने किया।इस अवसर पर जोनल मैनेजर डॉ. अनिल बाथम ने कंपनी का परिचय, उसकी उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य जैविक कृषि को बढ़ावा देना तथा किसानों के बीच जागरूकता फैलाना है।तकनीकी सत्र में राहुल कुमार (एएफएमएम, बिहार) ने फसल प्रबंधन एवं आगामी धान फसल के लिए जैविक उत्पादों की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा कि जैविक उत्पादों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, उत्पादन लागत घटती है तथा बेहतर उपज प्राप्त होती है।मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रविन्द्र कुमार जलज ने "खेत बचाओ अभियान" विषय पर विशेष व्याख्यान देते हुए किसानों से रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग को कम करने तथा जैविक एवं जैव-उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के असंतुलित एवं लगातार उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके विपरीत जैविक उत्पाद मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने, पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।बैठक के दौरान कंपनी की विभिन्न योजनाओं, उत्पादों एवं बाजार विस्तार की रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डीलर मनिष कुमार ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए।अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी लोगो ने "खेत बचाओ अभियान" को सफल बनाने तथा किसानों के बीच जैविक कृषि को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## सबका सम्मान,जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं की हुईं सुनवाई



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतासः** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित 'सबका सम्मान,जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं की सुनवाई की । जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद से संबंधित 26,राशन कार्ड एवं जनवितरण प्रणाली से जुड़े 11 तथा अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित 14 मामलों सहित कुल 51 मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों को प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े,इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें ।एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान उनके द्वार तक पहुंचे। 'सबका सम्मान,जीवन आसान' कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय एवं प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्राप्त सभी मामलों की गंभीरता से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया है। जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ताओं को समाधान की प्रगति से अवगत कराते रहें। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे ।

## मोहर्रम पर्व के दौरान नगर क्षेत्र में शांति,आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**काराकाट /रोहतास** : आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण,सौहार्दपूर्ण एवं विधि- व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर नगर पंचायत काराकाट (गोड़ारी) के कार्यपालक पदाधिकारी कक्ष में शुक्रवार को नगर सद्भावना समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन ने की ।

बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान नगर क्षेत्र में शांति,आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पर्व के अवसर पर साफ-सफाई,पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों से पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन ने कहा कि मोहर्रम आस्था एवं अनुशासन का पर्व है। इसे आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ राहुल कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी मोईन, प्रिंस कुमार, स्थानीय थाना के एसआई मंजीत कुमार, वार्ड पार्षद संतोष तिवारी, सुरेश माली, संतोष यादव,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विनेश कांत तिवारी सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सामूहिक सहयोग का भरोसा दिलाया ।

## हाई मास्ट लाइट महीनों से खराब, गोडारी चौराहा घिरा अंधेरे में; ग्रामीण नाराज़, शीघ्र मरम्मत की मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट /रोहतास**। गोडारी बाजार स्थित चौराहे पर लगाई गई हाई मास्ट लाइट पिछले तीन-चार महीनों से खराब पड़ी है और स्थानीय लोग अंधेरे से परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (सांसद निधि) से अनुशंसित महाबली सिंह के द्वारा यह हाई मास्ट लाइट लगवाई गई थी। शुरुआत में यह ठीक ढंग से काम कर रही थी, लेकिन इसके बाद बार-बार खराब होने लगी और एक साल के भीतर ही कई बार फेल रही। वर्तमान में यह पूरी तरह बंद है और रात में चौराहे पर घनघोर अंधेरा छा गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले चौराहे पर संतोषजनक रोशनी रहती थी, जिससे आसपास के लोग सुरक्षित महसूस करते थे और दुकान तथा आवागमन में सुविधा रहती थी। अब अंधेरे के कारण नागरिक असहज हैं और कुछ लोग सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी जता रहे हैं। लोगों ने सुझाव दिया कि यदि यह हाई मास्ट बार-बार खराब रहता है तो इसे हटाकर नगर पंचायत छोटे सौर/इलेक्ट्रिक लाइटें लगा दे, जिन्हें मरम्मत कराना सस्ता और तेज होगा। कई ग्रामीणों ने यह भी कहा कि छोटे-छोटे लाइट खराब होने पर वे खुद के खर्चे से भी ठीक करवा सकते हैं।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि भाई जितेंद्र से जब जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मामले को संज्ञान में ले लिया है और जल्द इंजीनियर से बात कराकर इसे ठीक कराया जाएगा। हालांकि अब तक मरम्मत के लिए किसी ठोस कार्रवाई की सूचना स्थानीय लोगों को नहीं मिली है।

स्थानीय प्रशासन या नगर पंचायत की ओर से अभी इस बारे में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं मिली है। नागरिक मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द हाई मास्ट की मरम्मत कराई जाए या वैकल्पिक लाइटिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि बाजार चौक पर रोशन रहे और नागरिकों की सुरक्षा बनी रहे।

# आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर बिक्रमगंज पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** : क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की मजबूती तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर बिक्रमगंज पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है । वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार को कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में नगर एवं आसपास के प्रमुख मार्गों पर व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान तेंदुनी चौक,थाना चौक,अनुमंडल कार्यालय मार्ग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने घंटों तक मोर्चा संभालते हुए वाहनों की सघन जांच की । जांच के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात,चालक की पहचान तथा वाहन में रखी वस्तुओं की गहन पड़ताल की गई। पुलिस की इस सक्रियता से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों के बीच भरोसा बढ़ा,वहीं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति देखी गई । अभियान का मुख्य उद्देश्य चोरी,लूट,छिनतई,अवैध कारोबार तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना बताया गया । इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों को भी जागरूक करते हुए चोर-उच्चकों एवं साइबर ठगों से सतर्क रहने की सलाह दी । लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति,वाहन अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें,ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके । कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध एवं अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र की शांति और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा । पुलिस हर चौक-चौराहे,बाजार और संवेदनशील स्थलों पर लगातार नजर बनाए हुए है । वाहन जांच अभियान का उद्देश्य केवल कागजात जांचना नहीं,बल्कि अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना और आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम करना है । कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी । उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान प्रतिदिन सुबह की गश्ती से लेकर देर शाम तक लगातार चलाया जाएगा। पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है । वहीं आम लोगों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सुरक्षा व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताया है ।

## गाजे-बाजे व हाथी घोड़े के साथ निकला काली माता प्राण प्रतिष्ठ महायज्ञ की शोभायात्रा





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर**। प्रखण्ड के कुझी गांव में नव निर्मित मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हेतु जल संचय के लिए जलयात्रा सह शोभा यात्रा शुक्रवार को निकाली गई. भारत के महान संत श्रीं जीयर स्वामी के सानिध्य में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की

शोभा यात्रा गणपति पूजन व यज्ञ मंडप परिक्रमा के बाद निकला,जो भलुआही,नवाडीह,धोरडीही, पंडरिया,महुअरी, प्रताप गंज, राजपुर बाजार,जिनोरिया होते हुए सियावंक गाव स्थित सूर्य मंदीर पोखरा पहुचा.जहा यज्ञाचार्य श्री ललन तिवारी,व अन्य वेद मर्मज्ञ विद्वान आचार्यों ने मंत्र आच्छादित वरूण पूजन करवाया.जिसके बाद में महायज्ञ के निमित्त जल संग्रह कराया गया.

शोभा यात्रा के दौरान समाजसेवी संगठनों द्वारा जगह-जगह शरवत पानी की व्यवस्था किया गया. दर्जनों घोड़े,ऊंट,हाथी,सैकडों चारपहिया वाहन,रथ व हजारों पैदल महिला-पुरूष भक्तो से सुसज्जित शोभायात्रा काफी आकर्षक दिख रही थी.शोभा यात्रा के दौरान बैंड बाजा एवं डिजे पर श्रीमन् नारायण,नारायण नारायण महामंत्र का जाप तथा प्रभू आपके कृपा से सब काम हो रहा है भजन गुनगुनाते भक्त चल रहे थे.

यज्ञाचार्य ललन तिवारी ने बताया कि श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी सवामी स्वामी जी के पाद सेवक जीयर स्वामी स्वामी के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 20 अप्रैल को मण्डप प्रवेश अग्नि प्राकट्य के साथ प्रारंभ हो जायेगा.माता रानी की प्राण प्रतिष्ठा 23जून को होगी. पुर्णहुती तथा भण्डारा 24 जून को होगी. शोभायात्रा को सफल बनाने में डाकटर मदन दुबे,उमा तिवारी,बृजराज तिवारी, कन्हैया उपधयाय, राजेन्द्र उपधयाय,बैजू तिवारी,मदन महर्षि, चन्द्र शेखर पाण्डेय, पंडरिया पंचायत मुखिया संतोष कुमार सिंह, वकील चौधरी, नंदू चौधरी, वकील चौधरी, समाजसेवी अजय दुबे, सरपंच देवेन्द्र पाण्डेय, जितेन्द्र पाण्डेय, गोपाल पाण्डेय, गोरख पासवान, बिजय पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा.

# खरीफ महाअभियानः कर्मशाला सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**राजपुर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन परिसर में शुक्रवार को खरीफ महाअभियान के तहत कर्मशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजित हुआ. जिसका उद्घाटन प्रखण्ड आत्मा अध्यक्ष बसंत साह पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह एवं प्रखंड प्रमुख कुंती देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर मौजूद किसानों को सम्बोधित करते हुए आत्मा अध्यक्ष ने कहा कि अपने खेत से बेहतर उत्पादन के लिए किसान जीरो टील कृषि उपकरण का उपयोग करें.अधिक उपज के लालच में किसान रासायनिक उर्वरक का प्रयोग काफी मात्रा में कर रहे हैं. जबकी पूर्व व अभी के जलवायु में काफी परिवर्तन आ चुका है.मौसम में आये बदलाव के कारण अब किसानों को पुनः प्राकृतिक खेती की तरफ लौटना होगा.खेतों में यूरिया खाद डालने के बजाय नैनो यूरिया का प्रयोग करना किसानों को ज्यादा लाभदायक होगा.गोबर की खाद प्रयोग करना एक बार फिर शुरू करना होगा,नहीं तो खेतों की उर्वरा शक्ति दिन प्रतिदिन कमजोर होती चली जाएगी.

उन्होंने कहा कि हम किसान समय से पूर्व मौत,बुढापा व बीमारी का इंतजाम रसायन युक्त भोजन खाकर खुद कर रहे हैं.मोटे अनाज की उपज पुनः बढ़ाने व खाने की जरूरत आन पड़ी है.सभी किसानों के लिए मिट्टी जांच की सुविधा उपलब्ध है.किसान आवेदन प्रदान कर अपने खेत की जांच कराकर उपयुक्त खाद को हीं प्रयोग करें, जिससे भूमि की गुणवत्ता व उर्वरा शक्ति बनी रहे. प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि खेती के क्षेत्र में जीवीका ने कदम रख दिया है.जीविका की भूमिका काफी सराहनीय है. मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ रमाकांत, जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी संतोष कुमार , प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अखिलेश कुमार, सहायक तकनीशियन प्रबंधक अरविंद कुमार पाल और शनि कुमार पटेल , कृषि समन्वयक मनोज सिंह, सुदर्शन सिंह संजीव लाल , किसान सलाहकार कृष्ण कुमार ,नागेंद्र,महिला किसान श्वेता देवी, कुसुम देवी, रामेश्वर तिवारी,रविंद्र कुमार,संतोष सिंह,शनि वर्मा,मंटू तिवारी,संतोष पांडेय समेत कई अन्य मौजूद रहे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 23 बिहार बटालियन के सीटीओ डॉ. गौतम कुमार बने लेफ्टिनेंट

**भागलपुर**। 23 बिहार बटालियन एनसीसी, भागलपुर और ताड़र कॉलेज के सीटीओ डॉ. गौतम कुमार ने नागपुर में आयोजित प्री-कमीशन कोर्स पूरा कर एनसीसी में लेफ्टिनेंट रैंक प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के बाद उन्हें एनसीसी में कमीशन प्रदान किया गया। वे एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर के रूप में नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश मोहन ने लेफ्टिनेंट डॉ. गौतम को बधाई दी। उन्होंने समर्पण एवं कठिन परिश्रम का परिणाम बताया। उनके निर्देश पर सूबेदार मेजर सुरेश कुमार ने बटालियन मुख्यालय में उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने प्रशिक्षण से संबंधित प्रमाणपत्र प्रदान किया। गौतम सबौर के इंग्लिश गांव के रहने वाले हैं।

### 21 जून को जयपुर-दरभंगा अमृत भारत ट्रेन को रेल मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

**बेगूसराय**। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 जून को जयपुर से जयपुर (खातीपुरा)-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह नई ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। रेलवे के अनुसार इससे राजस्थान और बिहार के बीच यात्रा विकल्प बढ़ेगा। अभी अजमेर से दरभंगा के लिए साप्ताहिक ट्रेन सेवा चल रही है। ट्रेन का ठहराव दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, आगरा, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, रक्सौल, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, कमतौल सहित कई स्टेशनों पर होगा। इन स्टेशनों के आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलने की बात कही गई है।

### बिजली चोरी करते पकड़े गए, प्राथमिकी दर्ज

**बेगूसराय**। विद्युत अधीक्षण अभियंता एवं विद्युत आपूर्ति प्रमंडल की संयुक्त टीम ने लाखो थाना क्षेत्र के धबौली गांव में छापेमारी कर बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। इस संबंध में शंकर भगत के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान पाया गया कि उपभोक्ता ने मीटर से पहले सिंगल फेज तार में अवैध बायपास जोड़ रखा था और बिना मीटर रीडिंग के बिजली का उपयोग कर रहे थे।

### व्यवहार न्यायालय परिसर में न्याय के प्रतीक प्रतिमा का किया गया अनावरण

**भागलपुर**। भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में शुक्रवार को पटना उच्च न्यायालय के निरीक्षी न्यायाधीश एवं न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा ने न्याय की प्रतीक प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान न्याय पार्क और संविधान की प्रस्तावना अंकित शिलापट्ट का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता और न्यायालय कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। न्यायालय परिसर में स्थापित इस प्रतिमा में एक हाथ में तराजू और आंखों पर पट्टी दर्शाई गई है, जो न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता, समानता और तटस्थता का प्रतीक है। इस मौके पर न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा ने कहा कि न्याय व्यवस्था का मूल उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के सभी को न्याय प्रदान करना है। यह प्रतिमा न्यायिक मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों को लगातार स्मरण कराती रहेगी। उल्लेखनीय है कि यह पहल न्यायालय परिसर को न केवल सौंदर्यपूर्ण बनाती है, बल्कि संविधान के मूल मूल्यों को भी जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देती है। इसके उपरांत निरीक्षी न्यायाधीश ने भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न न्यायालय भवनों, व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने न्यायिक कार्यों के संचालन से जुड़े पहलुओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर के तहत आयोजित कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा ने विशेष रूप से भाग लिया। इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच बैग, पेंसिल और शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। वहीं दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, बैसाखी और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा विभिन्न मामलों के पीड़ितों को सहायता राशि के चेक भी दिए गए।

### अलंकृता पांडे होंगी भागलपुर की नई जिलाधिकारी

**भागलपुर**। तेजतर्रार और अपनी प्रशासनिक कार्यशैली के लिए जानी जाने वाली 2016 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अलंकृता पांडे को भागलपुर का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। बिहार सरकार द्वारा जारी हालिया ट्रांसफर-पोस्टिंग के आदेश के बाद भागलपुर में नए प्रशासनिक युग की शुरुआत होने जा रही है। इसके पूर्व अलंकृता पांडे जहानाबाद जिले में जिलाधिकारी के रूप में अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रही थीं। अब उनके कंधों पर सिल्क सिटी भागलपुर के विकास और कानून व्यवस्था की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अलंकृता पांडे ने जहानाबाद की जिलाधिकारी रहते हुए जनहित के कई बड़े फैसले लिए और विकास कार्यों को धरातल पर उतारा। प्रशासनिक दक्षता और जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाली अलंकृता पांडे अब भागलपुर जिले के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं को नई गति देंगी। भागलपुर जैसे बड़े और ऐतिहासिक जिले में उनकी नियुक्ति को बेहद अहम माना जा रहा है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर की रहने वाली अलंकृता पांडे बचपन से ही मेधावी रही हैं। उन्होंने देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली सिविल सर्विस परीक्षा में अपने शानदार प्रदर्शन से ऑल इंडिया 85वीं रैंक हासिल की थी।

# 235 प्रशिक्षु सिपाही बिहार पुलिस का बने हिस्सा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । भागलपुर पुलिस केंद्र में आज दीक्षांत समारोह-सह-परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भागलपुर से 84 और मुंगेर के 151 प्रशिक्षु सिपाहियों सहित कुल 235 प्रशिक्षु जवानों ने सफल प्रशिक्षण पूरा कर औपचारिक रूप से पुलिस सेवा में कदम रखा। परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में पूर्वी क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विवेक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और परेड की सलामी लेकर प्रशिक्षु सिपाहियों के प्रदर्शन का निरीक्षण किया। साल 2025 में नियुक्त इन प्रशिक्षु सिपाहियों का बुनियादी प्रशिक्षण जून 2025 से शुरु किया गया था। लगभग एक साल तक चले कठोर प्रशिक्षण के दौरान जवानों को पुलिसिंग के अलग-अलग पहलुओं, कानून व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अपराध अनुसंधान, अनुशासन, शारीरिक दक्षता और जनसंपर्क से जुड़े विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उनका दीक्षांत समारोह-सह-पारण परेड आयोजित किया गया। समारोह में आईजी विवेक कुमार के अलावा SSP - SP समेत जिले के कई वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत परेड निरीक्षण से हुई, जिसके बाद प्रशिक्षु सिपाहियों ने अनुशासन, समर्पण और प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल का प्रदर्शन किया। परेड के दौरान जवानों की सटीक चाल, तालमेल और अनुशासित प्रदर्शन ने उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों को प्रभावित किया। अपने संबोधन में आईजी विवेक कुमार ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है।

**प्रशिक्षु सिपाही अब बिहार पुलिस का महत्वपूर्ण हिस्सा** : प्रशिक्षण के दौरान हासिल ज्ञान और अनुशासन को अपने पूरे सेवा काल में बनाए रखना ही एक अच्छे पुलिसकर्मी की पहचान होती है। आप सभी प्रशिक्षु सिपाही अब बिहार पुलिस परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। जनता की सुरक्षा, कानून का राज और कमजोर वर्गों को न्याय दिलाना आपकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। पुलिसकर्मी के रूप में आपके प्रत्येक निर्णय और व्यवहार का सीधा प्रभाव समाज पर पड़ता है। इसलिए ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बदलते समय में पुलिस की भूमिका केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि जनता का विश्वास जीतना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**भागलपुर** । बिहार सरकार ने गुरुवार की देर शाम बड़ा फेरबदल करते हुए 21 IAS अफसरों को ट्रांसफर किया। पटना समेत 11 जिलों के DM बदले गए। इस प्रशासनिक फेरबदल में भागलपुर को नया जिलाधिकारी मिला है। सरकार ने 2016 बैच की आईएएस अधिकारी अलंकृता पांडेय को नया डीएम नियुक्त किया है। इससे पहले जहानाबाद की जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थीं। वहां उन्होंने सड़क पर उतरकर निरीक्षण करने, अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने, सरकारी योजनाओं की समीक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर लगातार मॉनिटरिंग की वजह से अलग पहचान बनाई थी।

**कॉर्पोरेट की नौकरी छोड़ बनी थीं IAS** : उत्तर प्रदेश के कानपुर की रहने वाली अलंकृता पांडेय इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर प्रशासनिक सेवा में पहुंची हैं। उन्होंने प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। इसके बाद निजी क्षेत्र में नौकरी करने के बावजूद उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी का फैसला लिया और यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर आईएएस बनीं। भागलपुर में उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब शहर को ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण, शहरी विकास, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और गंगा किनारे बसे क्षेत्रों से जुड़ी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## शादीशुदा महिला प्रेमी संग भागी पति ने थाने में की शिकायत

**बांका** । बांका के शंभूगंज प्रखंड का एक युवक असम की एक शादीशुदा महिला और एक बच्ची की मां को लेकर फरार हो गया।इस मामले में महिला के पति और परिजन शिकायत लेकर शंभूगंज थाना पहुंचे, जहां दोनों पक्षों के बीच घंटों तक विवाद चलता रहा। जानकारी के अनुसार,शंभूगंज बाजार निवासी 24 वर्षीय दया कुमार कुछ समय पहले पूजा-अर्चना के लिए बागेश्वरधाम गया था।वहीं उसकी मुलाकात असम की प्रतिमा घोष से हुई।परिचय के बाद दोनों के बीच इंटरनेट मीडिया के माध्यम से बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई।यह प्रेम प्रसंग पिछले एक वर्ष से चल रहा था। बताया जाता है कि महिला के बुलावे पर दया कुमार कई बार असम भी गया।इसी दौरान दोनों ने साथ रहने का निर्णय लिया।करीब एक माह पूर्व प्रतिमा अपने प्रेमी दया कुमार के साथ घर छोड़कर चली गई। महिला के पति पिंटू घोष ने बताया कि एक माह पहले काफी समझाने-बुझाने के बाद वह अपनी पत्नी को वापस असम ले जाने में सफल हुए थे।

## महिला से गैंगरेप मामले में थानाध्यक्ष सस्पेंड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय** । बेगूसराय में महिला से गैंगरेप मामले में एक्शन हुआ है। बेगूसराय रेंज के डीआईजी शैलेश कुमार चकिया थाानध्यक्ष को सस्पेंड कर दिया है। थानेदार पर आरोप है कि पीड़िता जब शिकायत लेकर थाने पहुंची थी, तब उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया था। वक्त पर एक्शन भी नहीं लिया गया। पीड़िता से मिलने के लिए शुक्रवार को बेगूसराय रेंज के डीआईजी शैलेश कुमार सिन्हा सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़िता और परिजनों से पूरी जानकारी ली।

**बीजेपी नेता बोले-अपराधियों का एनकाउंटर होगा** : वहीं, भाजपा नेता और अधिवक्ता अमरेंद्र कुमार अमर अपराधियों ने इस परिवार के साथ तीसरी बार घटना की। छिनतई और छेड़खानी के दो घटनाओं में पुलिस ने कोई संज्ञान नहीं लिया और जमानतीय धारा में केस दर्ज कर आरोपियों को थाना से ही बेल दे दिया। इससे बदमाशों का मनोबल बढ़ा और पांच लोगों ने मिलकर महिला के साथ गैंगरेप किया। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद अपराधियों में दहशत है। लगातार एनकाउंटर हो रहा है, इस मामले में भी अपराधी छोड़े नहीं जाएंगे। अपराधियों का एनकाउंटर होगा।

**बदमाशों ने साड़ी से मुंह बांध दिया था** : पीड़िता ने बताया कि 11 जून की रात करीब 11:30 बजे मैं टॉयलेट गई थी। पांच बदमाश मेरे घर के दरवाजे पर बैठ गए और मेरे पति का रूम बाहर से बंद कर दिया। मैं टॉयलेट से निकली तो मुझे पकड़ लिया। बदमाशों ने साड़ी खोलकर मेरा मुंह बांध दिया और ब्लाउज फाड़कर हाथ बांध दिया। मैं चिल्लाने की कोशिश की तो सभी बदमाश मेरे साथ मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद मुझे उठाकर अंधेरे में ले गए। जहां पांचों ने बारी-बारी से मेरे साथ रेप किया। इस दौरान छोड़ देने की गुहार लगाती रही।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: बीएमएफ-03-10-मशीनिंग_150, दिनांक: 17.06.2026।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, बोगी निर्माण कारखाना, पूर्व रेलवे, 88/1, अधर दास रोड, बजबज, कोलकाता-700137, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार फर्म की तरफ से 5 एक्सिस मशीन का इस्तेमाल करके एलएचबी बोगी फ्रेम मशीनिंग। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 70,98,300। **बयाना राशि:** ₹ 1,42,000। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 10.07.2026 को सुबह 11:00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 26.06.2026। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 17.06.2026 को अपराह्न 5.56 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **पूरा करने की अवधि:** 5 महीना। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा प्रपत्र डाउनलोड किए जा सकते हैं: **www.ireps.gov.in**। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा किसी भी तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।
(MISC-79/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: 01 ऑफ़ 2026-27/बीजीपी, दिनांक: 17.06.2026।** उप उप मुख्य अभियंता/निर्माण/I/पूर्व रेलवे/भागलपुर, इस्साकचक के नज़दीक, पी.एस.: पुलिस लाइन के बगल में, ग्राम एवं डाकघर: भागलपुर-812001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के जरिये निविदा आमंत्रित की जाती है : **निविदा संख्या : बीजीपी01 ऑफ़ 2026-27 (ओपन)। कार्य का नाम:** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/भागलपुर के अधिकार क्षेत्र में जमालपुर वर्कशॉप में दक्षिण छोर की ओर डब्ल्यूआरएस-V के विस्तार द्वारा रंगाई एवं एयर ब्रेक टेस्टिंग के लिए क्षमता में वृद्धि तथा भागलपुर में वर्तमान वाशिंग लाइन में नए लोको ट्रिप इंस्पेक्शन सुविधा का निर्माण। **अनुमानित मूल्य:** ₹ 19,11,12,753.09। **बयाना राशि:** ₹ 38,22,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीने। **बंद होने की तारीख:** 13.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।
(CON-18/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 17.06.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: टीएन-110-26-27। कार्य का नाम:** न्यू अलीपुर में: सहायक अभियंता (कार्य)/II/सियालदह के अधीन न्यू अलीपुर रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी के विभिन्न ब्लॉकों में दो टाइप-IV फ्लैटों को जोड़कर एक फ्लैट बनाने के बाद सम्पूर्ण जीर्णोद्धार तथा मरम्मत कार्य एवं अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 79,32,742.28। **जमा बयाना राशि:** ₹ 1,58,700। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 10 (दस) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: टीएन-111-26-27। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता(कार्य)/II/ सियालदह के अधीन न्यू अलीपुर में ब्लॉक संख्या 7-बी में पुराने एवं अधिक आयु वाले पैसेंजर सह गुड्स लिफ्ट की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 34,09,580.49। **जमा बयाना राशि:** ₹ 68,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 (छह) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। इंडियन रेलवे स्टैण्डर्ड जनरल कंडीशंस ऑफ़ कॉन्ट्रैक्ट 2022 के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **14.07.2026 को अपराह्न 3.30 बजे** (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)।
(SDAH-88/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### समारोह पूर्वक मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

**भागलपुर**। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का जन्मोत्सव शुक्रवार को भागलपुर के पूर्व विधायक अजीत शर्मा के निवास स्थित कांग्रेस के कैम्प कार्यालय में समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर अजीत शर्मा ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी इस देश के लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए सतत् संघर्ष कर रहे हैं।

**आसनसोल-अहमदाबाद एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन**

उत्तर मध्य रेलवे के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन-बीना जंक्शन खंड में ललितपुर स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के लिए, प्री-नॉन इंटरलॉकिंग (दिनांक 01.07.26 से 19.07.26 तक), नॉन इंटरलॉकिंग (दिनांक 20.07.26 को) और पोस्ट नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 21.07.26 से 01.08.26 तक) कार्य का निष्पादन किया जाएगा। फलस्वरूप, **19436 आसनसोल-अहमदाबाद एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 18.07.26) मानिकपुर जंक्शन-खजुराहो-ललितपुर जंक्शन-बीना के बदले मानिकपुर जंक्शन-कटनी मुड़वारा-दमोह-बीना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। असुविधा के लिए खेद है।
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 41, 67, 69-एमएलडीटी-26-27, दिनांक: 18.06.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पो. ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: 41-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम:** मालदा टाउन-जमालपुर के कार्य के लिए खुली ई-निविदा- वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में मालदा मंडल में मेन लाइन से यार्ड/साइडिंग्स के पृथकीकरण के लिए मालदा, सकरीगली, भागलपुर तथा जमालपुर स्टेशन पर स्विचिंग स्टेशन। **निविदा मूल्य:** ₹ 65,40,139.09। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: 67-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन बरसात के मौसम के दौरान सीमित ऊंचाई के सबवे की डीवाटरिंग कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 35,67,323.35। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: 69-एमएलडीटी-26-27। काय र्का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन साहिबगंज-भागलपुर खंड में सकरीगली-साहिबगंज स्टेशनों के बीच किमी 228/7-8 पर एलएचएस संख्या 346 तथा पीरपैंती-शिवनारायणपुर स्टेशनों के बीच किमी 257/3-4 पर एलएचएस संख्या 94 पर शेड, सम्प, आरडीएसओ स्टैण्डर्ड हाइट गेज का प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,35,49,439.05। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.07.2026 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान: **www.ireps.gov.in** एवं मंडल रेल प्रबंधक/मालदा का कार्यालय।
(MLD-100/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-17, दिनांक: 17.06.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम सम्माननीय निविदादाताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा केस संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-17। कार्य का नाम:** निम्नलिखित टीआरडी पोर्शन कार्य: (i) आसनसोल मंडल- सहायक अभियंता/ बीआरएल/आसनसोल के अधीन सोनाचारा-तपसी खंड के बीच पुल संख्या 2 (स्पैन 2x24.689 मी.) की रीगार्डरिंग, जैकेटिंग एवं सुरक्षा कार्य सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। (ii) आसनसोल मंडल- सहायक अभियंता/बीआरएल/आसनसोल के अधीन खाना जंक्शन-आसनसोल खंड के बीच अप एवं डाउन डीएसपी लाइन पर पुल संख्या 9 एवं 9ए की रीगार्डरिंग तथा एम्बैंकमेंट का मज़बूतीकरण सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। (iii) सहायक अभियंता/बीआरएल/आसनसोल के अधीन खाना जंक्शन-आसनसोल खंड के बीच अप डीएसपी लाइन पर पुल संख्या 4 (आरओआर) की रीगार्डरिंग एवं एम्बैंकमेंट का मज़बूतीकरण सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। (iv) आसनसोल मंडल- आसनसोल-खाना जंक्शन खंड में कालीपहाड़ी-दामोदर जंक्शन के बीच पुल संख्या 2 डीके की रीगार्डरिंग सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। (v) आसनसोल मंडल- मंडल अभियंता/4/ आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/1/अंडाल के अधीन अंडाल में पुल संख्या 20 के लिए पीएससी गार्डर की बदली एवं जीर्णोद्धार तथा सुरक्षा कार्य सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। (vi) आसनसोल मंडल- वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर मानकर स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का प्रावधान। (vii) आसनसोल मंडल- वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर गलसी स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का प्रावधान। (viii) मार्शेलिंग यार्ड, अंडाल में नया आरओएच शेड। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,30,63,974.52। **बयाना राशि:** ₹ 6,61,300। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 29.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **कार्य हेतु प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।
(ASN-144/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## आपसी विवाद में चाकू गोदकर युवक की हत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय** । बेगूसराय में चाकू गोदकर एक युवक की हत्या कर दी गई। आपसी विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान सोनमा दक्षिणी टोला के रहने वाले चंदन कुमार (23) के तौर पर हुई है। घटना बखरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, चंदन का अपने चचेरे भाई और उसके परिवार के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। चचेरे भाई पर ही हत्या का आरोप लगा है। चंदन शुक्रवार सुबह करीब 5:00 बजे अपने खेत में परवल तोड़ने गया था। खेत पर ही आरोपियों के साथ उसका किसी बात को लेकर दोबारा विवाद हुआ।

सीना और पेट पर चाकू से वारः मामला शांत होने के बाद चंदन घर लौट रहा था, तभी हमलावरों ने गांव के ही हनुमान मंदिर के पास उसे घेर लिया। चंदन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने सीना और पेट पर तीन जगह गहरे वार किए। वार इतने घातक थे कि अत्यधिक खून बह जाने के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर चंदन की विधवा मां और अन्य ग्रामीण पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के पीछे विवाद और अंधविश्वास का एंगल भी सामने आ रहा है।

'लगातार धमकी मिल रही थी': मृतक की मां ने पहले ही जान का खतरा बताते हुए पुलिस से गुहार लगाई थी। बीते 4 जून को बखरी थाने में एक लिखित आवेदन दिया था।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सूंचना सं०:- टी.एम.3/यू.एस.एफ.डी./आउटसोर्स/2026 दिनांक: 17.06.2026**
उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, डीडीयू द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई-निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है :-
**ई-निविदा बंद होने की तिथि : 08/07/2026**
**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन :** टी.एम.3_यू.एस.एफ.डी.आउटसोर्स_2025- पूर्व मध्य रेलवे के नामित मार्गों पर ठेकेदार के स्वयं के वेल्ड टेस्टर और ऑपरेटरों द्वारा एसकेवी/एटी वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाँच, जिसमें वेल्ड्स की हैंड प्रोबिंग (फ्लैंज टेस्टिंग) भी शामिल है, भारतीय रेल मानक विनिर्देश "रेल/वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाँच' (संशोधित-2020, दस्तावेज संख्या T-53) तथा "रेल वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाँच हेतु मैनुअल" (संशोधित-2022, नवीनतम संशोधन सहित) जो RDSO द्वारा जारी किया गया है, के अनुसार। निविदा प्रपत्र का मूल्य - शून्य, **2. कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 1,76,30,250.00, **3. जमानत राशि :** रू० 3,52,700/-, **4. ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 08.07.2026, 15:00 बजे तक, **5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकता है : www.ireps.gov.in**
**उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन)**
**प्लांट डिपो, डी.डी.यू.**
**पीआर/0418/डीडीयू/इंजी०/टी/26-27/40**

**बिहार सरकार**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर
Email:-nkcd1975@gmail.com
अति अल्पकालीन नीलामी सूचना सं०:-02/2026-27

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के पत्रांक:-701 दिनांक 06.04.2026 के निदेश बिहार वित्त नियमावली के नियम 143 (i) (ख) के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के प्रमण्डलाधीन अनुपयोगी भवनों के ध्वस्तीकरण एवं निलामी किया जाना है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है-

| क्र० सं० | प्रमंडलाधीन अनुपयोगी भवनों का नाम एवं संख्या | नीलामी की न्यूनतम बोली (रूपये में) | सुरक्षित जमा राशि (रूपये में) | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | आवास सं० C-1 एवं D-1 के ध्वस्तीकरण एवं नीलामी | 36790.00 | 9200.00 | 02.07.2026 |

1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 25.06.2026 से दिनांक 02.07.2026 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य सरकारी छुट्टियों को छोड़कर) सूचना पट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी यंत्रों/संयत्रों/उपस्करों की सूची देख सकते है।
2. नीलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं अवलोकन हेतु कार्यपालक अभियंता उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।
3. नीलामी कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से दिनांक 02.07.2026 के अपराह्न 3:30 बजे की जायेगी।
4. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 02.07.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक अपने आवेदन के साथ अग्रधन के रूप में रूपये 9200.00(नौ हजार दो सौ रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर के नाम से देय हो, को जमा करना होगा। उस के बाद ही उन्हें दिनांक - 02.07.2026 को नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने दिया जाएगा।

(रवि कांत दास)
कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No. 006191 (WRD) 2026-27
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिवाद मार्च के साथ आइसा की राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**आरा ।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) बिहार की राज्य स्तरीय कार्यशाला का समापन गुरुवार को आरा शहर में आयोजित एक विशाल प्रतिवाद मार्च के साथ हुआ। शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए यह मार्च रमना मैदान पहुंचा, जहां एक जनसभा का आयोजन कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। इस प्रतिवाद मार्च के दौरान शिक्षा, रोजगार, पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और छात्र-युवा अधिकारों से जुड़े ज्वलंत सवालों को प्रमुखता से उठाया गया, जिसमें पूरे बिहार से आए सैकड़ों छात्र-युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी आवाज बुलंद की। रमना मैदान में आयोजित सभा की मुख्य वक्ता आइसा की केंद्रीय अध्यक्ष नेहा ने देश और राज्य की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि देशभर में छात्र-युवा आज अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष कर रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर इलाहाबाद, जयपुर और देश के अन्य विभिन्न बड़े शहरों में शिक्षा और रोजगार के सवालों पर लगातार आंदोलन जारी हैं। इसी कड़ी में आज भोजपुर की इस ऐतिहासिक धरती से भी छात्र-युवाओं ने हुंकार भरी है। उन्होंने बिहार से लेकर देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिससे परीक्षाओं की विश्वसनीयता पूरी तरह कमजोर हो चुकी है । केंद्रीय अध्यक्ष नेहा ने इसके लिए सीधे तौर पर सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को तुरंत भंग कर एक नई, विश्वसनीय और जवाबदेह व्यवस्था बनाने की पुरजोर वकालत की।

### कांग्रेस व जनसंघ ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की

**आरा**| बिलौटी गांव के भरत भूषण तिवारी को आत्मसमर्पण के बाद तथाकथित मुठभेड़ में पुलिस द्वारा मारे जाने की घटना की कठोरतम शब्दों में निंदा करते हुए अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य भारतभूषण पाण्डेय ने राज्य सरकार से इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी साफ करने को कहा है। जनसंघ अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से घटना की न्यायिक जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को यथेष्ट सहायता प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस के अनुसार वह विक्षिप्त युवक था, ऐसे में उसे उपयुक्त उपचार की आवश्यकता थी। फेसबुक लाइव में उसने हथियार डालकर समर्पण भी कर दिया था। फिर तथाकथित मुठभेड़ और उसकी मृत्यु अत्यंत दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के रूप में क्षेत्र के नागरिकों को पीड़ित कर रही है।

### इंटर पास छात्रों में बीसीए और बीबीए का क्रेज

**आरा ।** आरा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इंटर का रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र आगे की करियर प्लानिंग में जुट गए हैं। इस बार रेगुलर कोर्स के मुकाबले विद्यार्थियों का रुझान वोकेशनल कोर्स की तरफ तेजी से बढ़ा है और छात्र अपनी पसंद के संस्थानों का चयन करने लगे हैं। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले करीब दो दर्जन कॉलेजों में स्नातक स्तर पर वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई होती है, जिसमें दाखिले के लिए छात्रों में भारी दिलचस्पी देखी जा रही है। विशेषकर बीसीए और बीबीए पाठ्यक्रम की मांग सबसे अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक, विश्वविद्यालय के अंतर्गत 21 कॉलेजों में बीसीए की पढ़ाई होती है, जहाँ कुल 1540 सीटें निर्धारित हैं।

### शहीद वायु अग्निवीर के परिजनों को दी गई 21 लाख रुपए की अनुदान राशि

**कोईलवर ।** असम के जोरहाट में हुई विमान दुर्घटना में शहीद हुए भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत कायमनगर निवासी वायु अग्निवीर दानिश आलम के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 21 लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि प्रदान की गई। गुरुवार को कायमनगर अवस्थित शहीद के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग के मंत्री-सह-भोजपुर प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद तथा जिलाधिकारी तनय सुलतानिया ने शहीद के माता-पिता को अनुग्रह अनुदान राशि का चेक सौंपा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजपुर मिस्टर राज सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए दिया गया दानिश आलम का सर्वोच्च बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। राज्य सरकार शहीद के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी तनय सुलतानिया ने कहा कि शहीद दानिश आलम का बलिदान राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों और देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन शहीद के परिजनों के साथ पूरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीद दानिश आलम को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अदम्य साहस और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को याद किया तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। वहीं, संदेश विधायक राधाचरण साह ने जिला प्रशासन से कायमनगर अवस्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय का नामकरण शहीद दानिश आलम के नाम पर किए जाने संबंधी प्रस्ताव सरकार को भेजने का आग्रह किया है, ताकि उनकी स्मृति को स्थायी रूप से संरक्षित किया जा सके।

### बिहार भाजपा के प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष बने डॉ राजेश सिन्हा

**बक्सर ।** अपनी मेहनत, कर्मठता और अटूट ईमानदारी के बल पर बक्सर जैसे छोटे शहर से निकलकर प्रदेश की राजनीति में एक अमिट पहचान बनाने वाले डॉ राजेश सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ सिन्हा को बिहार भाजपा का प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। छात्र राजनीति के जमीनी संघर्ष से तपे डॉ. सिन्हा की इस संगठनात्मक पदोन्नति से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। डॉ. राजेश सिन्हा का राजनीतिक सफर साल 1996 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू हुआ था। उन्होंने एमवी कॉलेज, बक्सर के कॉलेज सचिव से लेकर बक्सर नगर सह मंत्री, जिला प्रमुख, भोजपुर विभाग प्रमुख और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रमुख के रूप में छात्र हितों की लड़ाई लड़ी। साल 2008 से 2011 तक उन्होंने बिहार प्रदेश के प्रदेश मंत्री और राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में अपनी सांगठनिक क्षमता का लोहा मनवाया। 2008 का कॉलेज आंदोलन बिहार के महाविद्यालयों में लंबी हड़ताल को समाप्त कराने के लिए उन्होंने एक बड़े आंदोलन का नेतृत्व किया। तत्कालीन शिक्षा मंत्री के आवास पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में उनका हाथ टूट गया था और वे तीन दिनों तक जेल में भी रहे। वर्ष 2010 में विधानसभा घेराव और किशनगंज में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की शाखा खोलने के विरोध में उन्होंने राज्यव्यापी आंदोलन का नेतृत्व किया। विधानसभा घेराव के दौरान हुए लाठीचार्ज में वे गंभीर रूप से घायल हुए थे। उनकी इसी सक्रियता और विद्वता को देखते हुए उन्हें वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में सीनेट 2010-2015 और बाद में महामहिम राज्यपाल द्वारा सिंडिकेट सदस्य 2016-2020 के रूप में मनोनीत किया गया।

### समाजी ने असहाय व्यक्ति की बचाई जान

**आरा ।** मॉडल सदर अस्पताल के पुराने इमरजेंसी वार्ड के समीप एक लावारिस और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति दर्द से कराह रहा था। उसका दाहिना पैर बुरी तरह जख्मी था, जबकि बायां हाथ लकवाग्रस्त होने के कारण वह चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ था। असहनीय पीड़ा में वह मदद की आस लगाए पड़ा था, लेकिन राहगीर उसे देखकर आगे बढ़ जा रहे थे। इसी दौरान मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं समाजसेवी दीपक कुमार अकेला तथा शिव शक्ति पर्यावरण बचाओ के संरक्षक मनी साई राम की नजर घायल व्यक्ति पर पड़ी।

# हिंदुओं के खिलाफ बोलने वालों को देश छोड़ने की जरूरत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** भोजपुर जिले के बामपाली स्थित बीजेपी कार्यालय में 'विकसित भारत संकल्प' सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना सज्जाद नोमानी के बयान पर कहा कि हिंदुओं के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करने वाले लोग मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं। जो लोग हिंदू समाज के प्रति इस तरह के बयान देते हैं, उन्हें या तो पागलखाने की जरूरत है या फिर भारत में रहने की आवश्यकता नहीं है। देश की एकता और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले बयानों को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। भारत सभी धर्मों और समुदायों का देश है, लेकिन किसी भी वर्ग के खिलाफ नफरत फैलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**'भगवान परशुराम की तुलना किसी से नहीं कर सकते'** : वहीं, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। राहुल गांधी की भगवान परशुराम के स्वरूप वाली तस्वीर पर गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की तुलना किसी व्यक्ति विशेष से नहीं की जा सकती। मैं भगवान परशुराम का अपमान नहीं कर सकता। जिनकी तुलना की जा रही है, देश आज तक यह नहीं जान पाया कि वे किस धर्म को मानते हैं और क्या करते हैं। यह स्वरूप किसने दर्शाया, मैं नहीं जानता।

**'प्रशासन से सवाल करना बेहतर होगा'** : गिरिराज सिंह ने चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर फिलहाल कोई टिप्पणी करने से परहेज किया। जब पत्रकारों ने उनसे इस मामले में सवाल पूछा तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है और इस संबंध में प्रशासन से सवाल करना बेहतर होगा।

**'बिहार में कोई खजाना खाली नहीं है'** : बिहार सरकार के खजाना खाली होने और कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जो लोग आज सरकार पर आरोप लगा रहे हैं, वही लोग पहले सरकार को लूटने का काम करते थे। बिहार सरकार की आर्थिक स्थिति मजबूत है और सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री द्वारा एक किलोवाट तक बिजली मुफ्त देने की योजना शुरू की गई है, जिस पर लगभग 12 से 14 सौ करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डिग्री कॉलेजों का संचालन भी जारी रहेगा और बिहार सरकार विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में बिहार और तेज गति से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

# 2 गुट आपस में भिड़े 12 लोग घायल



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** भोजपुर में जमीन विवाद में 2 पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में 12 लोग घायल हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कोहढा गांव की है। घायलों में एक पक्ष के राजेश कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मीरा देवी, उपेंद्र सिंह, पिंटू सिंह और रंजन सिंह शामिल हैं। जबकि दूसरे पक्ष से हरिद्वार यादव, कामता सिंह, काशी सिंह, कर्मेंद्र यादव और विशेश्वर यादव घायल हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच दो बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उसी विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। जिसको लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई।

**34 लोगों पर केस दर्ज** : इस संबंध में थाना प्रभारी थानाध्यक्ष सुमंत कुमार ने बताया कि एक पक्ष के विशेश्वर सिंह के बयान पर 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें चंदेश्वर सिंह, गुड्डू सिंह और राजू सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि दूसरे पक्ष से राजेश यादव के बयान पर 14 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** आगामी नीट परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए डीएम साहिला व एसपी शुभम आर्य ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों एवं महाविद्यालयों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम और एसपी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता, कदाचार या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। अधिकारियों ने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से दावा किया है कि नीट परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जाएगी।

# ट्रेनों में चोरी करने वाले दो पकड़ाए



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बक्सर की टास्क टीम ने गुरुवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए ट्रेनों में यात्रियों के सामान की चोरी करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पोस्ट प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इटाढ़ी के काली मंदिर के समीप के निवासी रघु कुमार चौहान और औद्योगिक थानाक्षेत्र के हरी किशुनपुर निवासी भृगु मुनि यादव के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान दोनों के पास से तीन स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि बरामद मोबाइल फोन गाड़ी संख्या 15483 महानंदा एक्सप्रेस और 12392 श्रमजीवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्रियों से चोरी किए गए थे। आरपीएफ ने मौके पर ही सभी मोबाइल फोन जब्त कर लिए और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरोपियों को जीआरपी बक्सर के सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल, उप निरीक्षक विष्णु शंकर ओझा, सहायक उप निरीक्षक उमेश कुमार राय सहित आरक्षी दीपक कुमार, राहुल यादव, सोनालाल यादव और करण सिंह की सक्रिय भूमिका रही। आरपीएफ ने स्पष्ट किया है कि रेलवे परिसरों और ट्रेनों में अपराध पर नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# दानापुर-बेंगलुरु ट्रेन बनी नियमित एक्सप्रेस

**बक्सर** | बक्सर सहित शाहाबाद क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से विशेष ट्रेन के रूप में चल रही दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल को रेलवे बोर्ड ने नियमित एक्सप्रेस ट्रेन का दर्जा दे दिया है। अब यह ट्रेन 22365/22366 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस के रूप में प्रतिदिन संचालित होगी। रेलवे बोर्ड की मंजूरी के बाद ट्रेन नए नंबर और नियमित समय-सारिणी के साथ चलेगी। दानापुर से यह ट्रेन दोपहर 2:45 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 2:30 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी में बेंगलुरु से रात 11:50 बजे खुलकर अगले दिन दानापुर पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव बक्सर, आरा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नागपुर, विजयवाड़ा, कटपड़ी समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर होगा। ट्रेन में 24 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें सामान्य, स्लीपर तथा एसी श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं।

# कृषि समस्याओं के समाधान को ले दिये निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** समाहरणालय सभागार में को सांसद सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक में कृषि, बिजली, सिंचाई, सड़क, शिक्षा, बाढ़ पूर्व तैयारी सहित विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने कृषि मौसम के इस समय में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को किसानों को निर्बाध और पर्याप्त बिजली देने का निर्देश दिया। कहा-ट्रांसफार्मर की पर्याप्त उपलब्धता रखने की जरूरत है। जिससे जरुरत पड़ने पर तुरंत बदलने की व्यवस्था हो सके। सोन नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि सभी नहरों में पर्याप्त पानी पहुंचे। सिंचाई में किसानों को परेशानी नहीं हो। उर्वरक की उपलब्धता पर सांसद ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी पात्र किसानों को समय पर उर्वरक मिले। बाजार में कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हो। शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूलों के लंबित मरम्मत कार्य, स्कूलों की चहारदीवारी निर्माण की प्रगति की लगातार निगरानी और तय समय सीमा में काम पूरा कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अनुरक्षण की समीक्षा में जिला पंचायती राज पदाधिकारी को खराब सोलर लाइटों की मरम्मत और अनुरक्षण जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। कब्रिस्तानों की घेराबंदी के मुद्दे पर जिला योजना पदाधिकारी को सभी अंचल अधिकारियों से अद्यतन प्रतिवेदन लेकर जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। सड़क निर्माण और मरम्मत की समीक्षा में ग्रामीण कार्य विभाग और पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को सभी स्वीकृत और प्रगतिरत परियोजनाएं तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने का निर्देश दिया। संभावित बाढ़ को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को बाढ़ निरोधी और शमन की सभी तैयारियां पहले से सुनिश्चित करने को कहा। संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी भोजपुर ने पीपीटी के जरिए विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी समिति सदस्यों को दी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली आपूर्ति, नहरों में पानी, सड़क निर्माण सहित स्थानीय विकास से जुड़ी समस्याएं और जरूरतें उठाईं। बेहतर बुनियादी सुविधाओं पर जोर दिया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी भोजपुर ने संबंधित पदाधिकारियों को सांसद और समिति सदस्यों के उठाए मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। की गई कार्रवाई की जानकारी जनप्रतिनिधियों को देने को कहा। बैठक में एमएलसी सोनू कुमार राय, विधायक राधाचरण साह, विधायक महेश पासवान, विधायक राकेश रंजन आदि थे।

# यह एनकाउंटर नहीं, सुनियोजित हत्या है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** भोजपुर के बिलौटी गांव में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए भरत भूषण तिवारी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने इस एनकाउंटर को फर्जी करार देते हुए बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई मुठभेड़ नहीं, बल्कि एक निर्दोष युवक की सुनियोजित हत्या है। मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने, मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। सुदामा प्रसाद ने बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस घटना को पुलिस मुठभेड़ बता रही है, वह वास्तव में एक निर्दोष युवक की हत्या है। दो दिन पहले भोजपुर के मसाढ़ गांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही थी। मुख्यमंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देती। बिलौटी गांव में जो कुछ हुआ, वह उसी मानसिकता का परिणाम प्रतीत होता है।

**'विस्थापित परिवारों की समस्या उठा रहा था'** : सुदामा प्रसाद ने कहा कि पुलिस पहले भरत तिवारी को मानसिक रूप से बीमार बता रही थी, जबकि वह लगातार जवइनिया गांव के बाढ़ पीड़ितों और विस्थापित परिवारों की समस्याओं को उठाने का काम कर रहे थे। क्षेत्र के कई परिवार आज भी बाढ़ की त्रासदी झेल रहे हैं। उन्हें न तो मुआवजा मिला, न रहने के लिए जमीन और न ही आवास योजना का लाभ। महिलाएं और बच्चे खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं। उनकी पार्टी ने कई बार इन मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। भरत तिवारी भी विस्थापित परिवारों की समस्याओं को लेकर चिंतित रहते थे और चाहते थे कि सरकार उनकी सुध ले।

**कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल** : सांसद ने वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें साफ दिखाई दे रहा है कि भरत तिवारी पुलिस के सामने अपना पिस्टल फेंक देता है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा गोली चलाना सवाल खड़े करता है। पुलिस का दावा है कि पैर में गोली मारी गई, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गोली लगने की बात सामने आ रही है। यदि आरोपी निहत्था हो चुका था तो उसे गिरफ्तार किया जा सकता था। उनकी पार्टी हथियार दिखाकर पुलिस को धमकाने जैसी किसी भी कार्रवाई का समर्थन नहीं करती, लेकिन कानून के तहत गिरफ्तारी और न्यायिक प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी। पुलिस को किसी व्यक्ति को जान से मारने का अधिकार नहीं है, खासकर तब जब वह आत्मसमर्पण की स्थिति में हो। बिहार में दिनदहाड़े डकैती, हत्या और गैंगरेप जैसी घटनाएं हो रही हैं।

**'जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों और कर्मियों पर हत्या का केस होना चाहिए'** : सुदामा प्रसाद ने आगे कहा कि सोना-चांदी के व्यवसायियों को अपराधी निशाना बना रहे हैं, लेकिन ऐसे मामलों में पुलिस की सक्रियता नहीं दिखती। इसके विपरीत बिलौटी जैसी घटनाओं में पुलिस की कार्रवाई विवादों में घिर जाती है। इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। एनकाउंटर में शामिल सभी जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। भरत तिवारी अपने परिवार की एकमात्र उम्मीद थे।

# शिक्षा मंत्री ने कहा- बीजेपी अपने हर कार्यकर्ताओं पर रखती है गहरी नजर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** बक्सर एनडीए के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, बैकुंठपुर के विधायक सह शिक्षा मंत्री बिहार सरकार मिथलेश तिवारी का मंत्री बनने के बाद पहला आगमन बक्सर की पवित्र भूमि पर शिक्षा मंत्री के रुप में हुआ। भारतीय जनता पार्टी तथा एनडीए के कार्यकर्ताओं ने ब्रह्मपुर से लेकर बक्सर तक जोरदार तरीके से विभिन्न जगहों पर स्वागत किया। शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शिक्षा मंत्री तिवारी भाजपा कार्यालय, अहिरौली पहुंचे। कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने फुल माला से स्वागत किया। पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने उनकी आरती उतारी और चंदन टिका लगा कर स्वागत किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन तथा संचालन धनन्जय त्रिगुण महामंत्री ने किया। शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के अति उत्साह, स्नेह और प्यार पाकर धन्य हो गया। मैं भी एक कार्यकर्ता हूं। पार्टी ने मौका दे कर आज मुझे मंत्री बना दिया। आप लोग भी कार्यकर्ता हैं, पार्टी हर कार्यकर्ताओं के काम पर गहरी नजर रखती है। जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन ने मंत्री जी के कार्यकर्ता स्वभाव का जिक्र करते हुए कहा कि लोकसभा हारने, महामंत्री से हटाए जाने के बाद भी निरंतर समर्पित भाव से संगठन के लिए काम करते रहना, कार्यकर्ता भाव का अनुपम उदाहरण है। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से राजकुमार शर्मा, जदयू जिलाध्यक्ष, ऋषि राय, हम जिला अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष राम कुमार सिंह, राणा प्रताप सिंह, राजवंश सिंह, सच्चिदानंद भगत, भोला सिंह, बलिराम कुशवाहा, पुनीत सिंह, इन्द्रजीत बहादुर सिंह, इंदु देवी, शिला त्रिवेदी, रमेश गुप्ता, लक्ष्मण शर्मा आदि रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### डिवाइडर से टकराया ऑटो, 11 यात्री घायल, हाजीपुर में नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट के बाद 4 की हालत गंभीर

**हाजीपुर।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 पर सदर थाना क्षेत्र के रामाशीष चौक ओवरब्रिज पर एक अनियंत्रित टेंपो डिवाइडर से टकरा गया। इस दुर्घटना में टेंपो में सवार 11 यात्री घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचाया। चार गंभीर रूप से घायल यात्रियों का इलाज जारी है, जबकि सात अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घायलों में भगवानपुर थाना क्षेत्र के रसलपुर पट्टी गांव निवासी 43 वर्षीय अमित सिंह, जुरवनपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी 30 वर्षीय विकास राय, और भगवानपुर के सतपुरा गांव निवासी 28 वर्षीय अंजली कुमारी शामिल हैं। अंजली के पति शिवनाथ प्रसाद गुप्ता भी इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। बताया गया है कि टेंपो मुजफ्फरपुर से हाजीपुर की ओर आ रहा था। रामाशीष चौक ओवरब्रिज पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टेंपो के नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### महात्मा गांधी सेतु पर ट्रक-पिकअप की टक्कर, चालक केबिन में फंसा, पश्चिमी लेन एक घंटे तक जाम

**हाजीपुर।** महात्मा गांधी सेतु की पश्चिमी लेन पर ट्रक और लकड़ी से लदी पिकअप के बीच टक्कर हो गई। यह हादसा पाया नंबर 18 के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसका चालक केबिन में फंस गया। इस घटना के कारण पुल पर लंबा जाम लग गया। पुलिस के अनुसार, पटना से हाजीपुर की ओर जा रहे एक ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार लकड़ी लदी पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप पर लदी लकड़ी सड़क पर बिखर गई, जिससे यातायात बाधित हुआ। राहगीरों ने तत्काल गंगा ब्रिज थाने की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद पिकअप चालक को क्षतिग्रस्त केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला। उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को सड़क से हटाकर थाने पहुंचाया। इस दुर्घटना के कारण पश्चिमी लेन पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। पुल पर करीब तीन घंटे से अधिक समय तक भीषण जाम लगा रहा। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन को हटाने के बाद ही पश्चिमी लेन पर यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका। गंगा ब्रिज थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि चलती ट्रक में पिकअप द्वारा टक्कर मारने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पिकअप को थाने पर लाया। थानाध्यक्ष के अनुसार, इस दौरान लगभग एक घंटे तक पश्चिमी लेन पर यातायात बाधित रहा।

### सड़क हादसे में चाचा-भतीजा घायल, देसरी के गाजीपुर में ट्रक की चपेट में आने से हुआ हादसा

**हाजीपुर।** हाजीपुर में एक सड़क हादसे में चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना करीब 12 बजे देसरी थाना क्षेत्र के गाजीपुर में हुई। उनकी बाइक एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गई थी। घायलों की पहचान 22 वर्षीय आकाश कुमार (पिता- उमेश राय) और उनके चाचा वीरेंद्र राय (पिता- स्वर्गीय जवाहर राय) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पहले गाजीपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हाजीपुर सदर अस्पताल में चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार की देखरेख में आकाश कुमार का इलाज जारी है। वहीं, शिक्षक वीरेंद्र राय की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए पटना PMCH रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार, वीरेंद्र राय बाइक चला रहे थे और आकाश उनके पीछे बैठे थे। वे महुआ में एक रिश्तेदार के घर से बिदुपुर के कल्याणपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। वीरेंद्र राय एक सरकारी शिक्षक हैं और बिदुपुर क्षेत्र के एक बुनियादी विद्यालय में कार्यरत हैं। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार होने लगा। स्थानीय लोगों ने पीछा कर जंदाहा थाना क्षेत्र में ट्रक को पकड़ लिया। हालांकि, चालक ट्रक को सड़क किनारे छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर जंदाहा थाना पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। जंदाहा थाना प्रभारी अनामिका कुमारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया है। घटना की सूचना संबंधित थाने को दे दी गई है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बीपीएससी शिक्षिका की नौकरी पर संकट, शादीशुदा होते हुए खुद को बताया था अनमैरिड

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर की एक BPSC शिक्षिका की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शिक्षिका के ससुरालवालों की ओर से जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिकायत की है। आरोप लगाया है कि शिक्षिका ने नियुक्ति के दौरान गलत जानकारी और दस्तावेज दी है। शिकायत मिलने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जौनपुर के रहने वाले प्रवीण कुमार विश्वकर्मा की शादी 2 दिसंबर 2022 को बिंदु के साथ हुई थी। शादी के बाद बिंदु ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की ओर से आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा पास की और नवंबर 2023 में उनकी नियुक्ति कटरा प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय दहटोला पहसौल में हुई। शिक्षिका के पति के बड़े भाई गुरु प्रसाद विश्वकर्मा ने DEO ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है- शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान बिंदु विश्वकर्मा ने स्वयं को अविवाहित बताया था, जबकि उनकी शादी पहले हो चुकी थी। उसने गलत जानकारी देकर सरकारी नौकरी प्राप्त की गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि नौकरी मिलने के बाद पति-पत्नी के संबंधों में दूरी बढ़ गई। अप्रैल 2025 में प्रवीण विश्वकर्मा पत्नी के साथ रहने के लिए मुजफ्फरपुर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें साथ रखने से इनकार कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। वहीं, शिक्षिका बिंदु विश्वकर्मा ने बताया कि ससुराल पक्ष की ओर से लगाया गया आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि यह मामला वर्तमान में कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए इस विषय पर विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शादी के बाद वैवाहिक संबंधों को सामान्य बनाए रखने का प्रयास किया था, लेकिन परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं। उधर, शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत और उपलब्ध दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार युवक को रौंदा, हाजीपुर जाते समय हुआ हादसा, ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हाजीपुर जा रहे बाइक सवार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार थार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक कई फीट दूर जा गिरा। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस बीच ड्राइवर थार छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान वैशाली जिले के करताहा थाना क्षेत्र के घटारो गांव निवासी सुनील कुमार(25) के तौर पर हुई है। आईडी कार्ड के आधार पर पहचान हुई है। घटना कुढ़नी थाना क्षेत्र के बलिया ओवरब्रिज के पास की है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। क्षतिग्रस्त बाइक को भी कब्जे में लेकर थाने पर भेजा गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार ड्राइवर की पहचान की जा सके। कुढ़नी पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। देर रात बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. प्रेम कुमार

## आईसीसी रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो-2026 में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को पटना के ज्ञान भवन सभागार में आयोजित आईसीसी रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो-2026 में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, नीति-निर्माताओं, सोलर डेवलपर्स, ईपीसी कंपनियों, निर्माताओं, वित्तीय संस्थानों और निवेशकों को संबोधित करते हुए बिहार में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने का सशक्त मंच : डॉ. प्रेम कुमारः** अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स (ICC) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाला एक प्रभावी मंच है। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सरकार, उद्योग और समाज के बीच समन्वय स्थापित कर नवाचार, निवेश और विकास के नए अवसर पैदा करते हैं।

**प्रधानमंत्री की पहल से बढ़ रहा नवीकरणीय ऊर्जा का दायराः** विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से आम लोगों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार भी इस दिशा



में लगातार प्रगति कर रहा है और राज्य के हजारों परिवार सौर ऊर्जा अपनाकर अपनी बिजली जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ हरित ऊर्जा अभियान में योगदान दे रहे हैं।

**2030 और 2070 के राष्ट्रीय लक्ष्यों में बिहार की अहम भूमिकाः** डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत ने वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में व्यापक वृद्धि और वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। इन राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा करने में बिहार की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य में उपलब्ध संसाधनों, सरकारी प्रोत्साहन और निजी क्षेत्र की भागीदारी के बल पर बिहार स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

**निवेशकों और उद्योग जगत से बिहार में अवसरों का लाभ उठाने की अपीलः** उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाली विभिन्न कंपनियों, निर्माताओं, ईपीसी पार्टनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और तकनीकी सहयोगियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नवाचार और तकनीकी दक्षता से ऊर्जा क्षेत्र को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने उद्योग जगत से बिहार में निवेश बढ़ाने और तकनीकी विकास के अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

**स्वच्छ ऊर्जा का उभरता केंद्र बन रहा बिहारः** विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार अब केवल ऊर्जा उपभोक्ता राज्य नहीं रह गया है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा और सौर उद्योग के क्षेत्र में तेजी से उभरते केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने सभी हितधारकों से मिलकर स्वच्छ ऊर्जा, आत्मनिर्भर बिहार और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया।

**विशेषज्ञों और निवेशकों की रही उपस्थितिः** कार्यक्रम में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, उद्योगपतियों, निवेशकों, उद्यमियों तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और ऊर्जा क्षेत्र में नई संभावनाओं तथा निवेश के अवसरों पर विचार-विमर्श किया।

# खान सर की अग्रिम जमानत का विरोध करेगी अपोजिट पार्टी




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होनी है। इसे लेकर ऑपोजिट पार्टी की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। ऑपोजिट पार्टी के वकील निरंजन कुमार ने बताया कि लीगल एस्पेक्ट्स समझाने के बावजूद भी कदमकुआं थाने में रौशन आनंद के आवेदन पर FIR लॉज नहीं हुई है। जबकि पूरी साजिश खान ग्लोबल स्टडीज से रची गई है। पूरी कॉन्सपिरेसी यहीं से उनके भाई प्रिंस के साथ हुई है।

इसके बावजूद भी ऊपर के दबाव में FIR नहीं हुई। हमलोग इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं कि FIR हो जाए। संबंधित अथॉरिटी से मिलकर रिप्रेजेंटेशन दे रहे हैं। उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस तरीके से जेल के अंदर रौशन आनंद को मारने का प्रयास किया गया। उनके भाई के साथ आपराधिक कृत्य किया गया। सब सामने है।

**20 जून को इंटरिम प्रोटेक्शन का विरोधः** निरंजन कुमार ने कहा कि, 'फैजल खान की ओर से क्रिमिनल हिस्ट्री को छिपाकर इंटरिम प्रोटेक्शन लिया गया है। कई तथ्यों को कोर्ट से छिपाया गया है। हमारे पास पर्याप्त साक्ष्य हैं। लोक अभियोजक के साथ हम लोग 20 जून को इसका विरोध करेंगे।' बता दें कि जिला जज के कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होनी है। इसके अलावा खान के दोनों बॉडीगार्ड्स की जमानत याचिका पर भी बहस होगी।

# शोध, विकास और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बना रहे प्रो. डॉ. मोतीलाल महामल्लिक

## नीति निर्माण और सामाजिक विकास में शोध की अहम भूमिका : प्रो. डॉ. मोतीलाल महामल्लिक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**पटना।** विकास अध्ययन, सामाजिक अनुसंधान और जनकल्याणकारी नीतियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविद एवं शोधकर्ता प्रो. डॉ. मोतीलाल महामल्लिक ने अपने दीर्घ अकादमिक अनुभव, शोध कार्यों और सामाजिक सरोकारों के माध्यम से विकास विमर्श को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के समग्र विकास और प्रभावी नीति निर्माण में शोध संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

**ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय पर किया व्यापक शोधः** प्रो. महामल्लिक ने ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, आजीविका संवर्धन, जनभागीदारी तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक अध्ययन एवं शोध कार्य किए हैं। उनके शोध निष्कर्षों का उपयोग विभिन्न नीति-निर्माण प्रक्रियाओं, शैक्षणिक संस्थानों और विकासोन्मुख संगठनों द्वारा किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान केवल योजनाएं बनाने से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर किए गए शोध और तथ्यों पर आधारित अध्ययन से संभव है। इसी उद्देश्य से उन्होंने वर्षों तक समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर ग्रामीण और वंचित समुदायों के बीच कार्य करते हुए शोध को सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाया।

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बढ़ाया संस्थान का गौरवः** प्रो. डॉ. मोतीलाल महामल्लिक ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, सेमिनारों और अकादमिक मंचों पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए हैं। उनके शोध कार्यों को व्यापक सराहना मिली है और इससे उनके संस्थान के साथ-साथ राजस्थान का भी गौरव बढ़ा है।

**शोध परियोजनाओं से वंचित वर्गों को मिला लाभः** शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उनके निर्देशन में कई महत्वपूर्ण शोध परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूर्ण की गई हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से समाज के वंचित, ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से जुड़े मुद्दों को समझने तथा उनके समाधान के लिए व्यवहारिक सुझाव विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शोध का उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धियां हासिल करना नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान तलाशना भी होना चाहिए।

**युवा शोधार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोतः** शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध नवाचार और समाज के प्रति समर्पित दृष्टिकोण के कारण प्रो. डॉ. मोतीलाल महामल्लिक को विभिन्न संस्थाओं और मंचों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उनके कार्य और उपलब्धियां आज युवा शोधार्थियों, विद्यार्थियों और शिक्षाविदों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं।

**समाजोपयोगी शोध को बढ़ावा देने पर जोरः** प्रो. महामल्लिक ने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे शोध कार्यों की आवश्यकता है जो सीधे समाज और जनकल्याण से जुड़े हों। उन्होंने युवाओं से अनुसंधान के क्षेत्र में आगे आने तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञान और शोध का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गुणवत्तापूर्ण शोध, नवाचार और जनभागीदारी के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास तथा बेहतर नीति निर्माण की दिशा में सार्थक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# विश्व शरणार्थी दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार का संदेश

## शरणार्थियों के साहस, संघर्ष और मानवीय अधिकारों को किया नमन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व शरणार्थी दिवस के अवसर पर शरणार्थियों के साहस, संघर्ष और मानवीय अधिकारों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस उन लाखों लोगों के अदम्य साहस और जीवटता को नमन करने का अवसर है, जिन्हें हिंसा, उत्पीड़न, युद्ध और संघर्ष जैसी परिस्थितियों के कारण अपना घर और देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।



**मानवता और सहानुभूति का संदेश देता है यह दिवसः** डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्पित विश्व शरणार्थी दिवस शरणार्थियों के प्रति सहानुभूति, संवेदनशीलता और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति वैश्विक समाज की सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है। यह दिन दुनिया भर के लोगों को मानवता और करुणा के मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देता है।

**'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना भारत की पहचानः** उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति सदियों से 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत को आत्मसात करती रही है। देश ने हमेशा संकटग्रस्त और पीड़ित लोगों को आश्रय देकर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की है। भारतीय परंपरा में सभी को सम्मान, सुरक्षा और सहयोग प्रदान करने की भावना निहित है।

**शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण विश्व निर्माण का संकल्पः** विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विश्व शरणार्थी दिवस हमें ऐसे शांतिपूर्ण, सुरक्षित और न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण के लिए प्रेरित करता है, जहां किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को सम्मान, सुरक्षा और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार मिलना चाहिए।

**मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास जरूरीः** डॉ. प्रेम कुमार ने सभी देशों और समाजों से शरणार्थियों के अधिकारों की रक्षा तथा उनके पुनर्वास के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर सहयोग, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर ही एक बेहतर और समावेशी दुनिया का निर्माण किया जा सकता है।

# बंगला-सुरक्षा विवादः लालू के आरोपों पर डिप्टी सीएम का पलटवार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास और सुरक्षा घटाने के विवाद पर राजनीति तेज हो गई है। बीते कल RJD सुप्रीमो लालू यादव ने मीडियो को दिए बयान में कहा था कि, 'सब नीतीश कुमार करवा रहे हैं।' अब सरकार की ओर से डिप्टी सीएम और मंत्रियों की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। डिप्टी सीएम बिजेंद्र यादव ने कहा कि, 'सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नियमों के तहत तय की जाती है। अगर कोई व्यक्ति सुरक्षा नहीं लेना चाहता है, तो उसे जबरदस्ती सुरक्षा देने का कोई प्रावधान नहीं है। जिसे सुरक्षा की आवश्यकता होगी, उसे सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।' उन्होंने लालू यादव के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि, 'पूर्व मुख्यमंत्रियों को सरकारी आवास आवंटित करने से जुड़े नियम को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके बावजूद सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं की है।' डिप्टी सीएम बिजेंद्र यादव ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी हमला बोला। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि, 'तेजस्वी यादव को दो-दो बार डिप्टी सीएम बनाने का काम भी पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही किया था।' सरकारी खजाना खाली होने को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा कि, 'सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, तभी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा है।' इससे पहले लालू के आरोपों पर बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने लालू यादव पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा कि, 'लालू जी मेंटली गड़बड़ा गए हैं।

# पटना जू में मैसूर जू से आएगा नर जिराफ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना जू में मैसूर जू से नर जिराफ आएगा। एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जानवरों की अदला-बदली होगी। जिराफ लाने को लेकर पहले कोलकाता जू से बातचीत हुई थी। मगर वहां से फीका रिस्पॉन्स मिला, जिसके बाद मैसूर से जिराफ लाया जाएगा। नर जिराफ को पटना जू लाने का मुख्य उद्देश्य जिराफ के ब्लड लाइन को बदलकर उसके ब्रीडिंग को बढ़ावा देना है। ऐसे में अगर मैसूर जू मांग करेगी तो यहां से तीन साल के मादा शावक जिराफ को मैसूर जू एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत भेजा जाएगा, क्योंकि पटना जू के पास अभी केवल एक मादा व्यस्क जिराफ मौजूद है।

**पटना जू में वर्तमान में चार जिराफ मौजूदः** वर्तमान में चार जिराफ पटना जू में हैं, जिनमें दो व्यस्क और दो शावक हैं। व्यस्क और शावक दोनों में एक नर और एक मादा है। व्यस्क नर जिराफ का नाम भीमा और व्यस्क मादा जिराफ का नाम सृष्टि है। वहीं, इसी साल फरवरी में पटना जू में मादा जिराफ 'शांति' की मौत हो गई थी। उसकी उम्र 21 साल थी। पटना जू प्रशासन ने मौत का प्रारंभिक कारण प्रेगनेंसी कॉम्प्लिकेशंस बताया था। वर्तमान में शांति के 2 बच्चे "अमन और नंदनी" पटना जू में है।

**USA से लाया गया था मादा जिराफः** शांति का जन्म दिनांक 20 जुलाई 2005 को यूएसए के सेन डियागो जू में हुआ था। 2006 में मादा जिराफ को सेन डियागो जू से पटना जू में वन्यजीव अदला-बदली कार्यक्रम के तहत लाया गया था। मादा जिराफ "शांति" के द्वारा 2011 में पटना जू में पहला बच्चा "नव्या" को जन्म दिया गया। 2011 से 2023 तक मादा जिराफ से 6 बच्चों को जन्म दिया गया है।

## झारखंड राज्यसभा चुनाव में हार के बाद महागठबंधन में खटास, कांग्रेस ने जताई नाराजगी

# राजेश राम बोले-गठबंधन के साथियों को ना साथ लेना आता, ना देना आता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार में महागठबंधन में खटास देखने को मिल रही है। अपने ही सहयोगी पार्टी राजद और माले से कांग्रेस नाराज चल रही है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, 'हमारे गठबंधन के साथी को ना साथ लेना आता है और ना साथ देना आता है।' झारखंड में हालिया राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के हार के बाद उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही बिहार में हुए राज्यसभा चुनाव में राजद द्वारा कैंडिडेट के नाम घोषित करने पर भी उन्होंने कहा कि, 'इसमें कोई कोआर्डिनेशन नहीं था।'



**राज्यसभा चुनाव में कोई कोऑर्डिनेशन नहीं था- राजेश रामः** राजेश राम ने कहा कि, 'इन तीन राज्यों के अगर ट्रैक रिकॉर्ड देखेंगे तो हमारे साथी हमारे साथ नहीं थे। बिहार में संपन्न राज्यसभा चुनाव में केवल व्हिप जारी कर दिया गया कि उनका कैंडिडेट होगा, मगर उनकी कोई कोऑर्डिनेशन नहीं थी। इसलिए मैंने कहा कि हमारे गठबंधन के साथी को ना साथ लेना आता है और ना साथ देना आता है।'

**बिना इनपुट के एनकाउंटर से सरकार कटघरे में खड़ी है- राजेश रामः** भोजपुरी में हुए एनकाउंटर पर भी राजेश राम ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, 'एनकाउंटर शब्द से बिहार लगातार चर्चा में घिरा हुआ है। जब भी एनकाउंटर होता है, तो सरकार के पास गृह विभाग के पास, पुलिस अधिकारियों के पास पूरी तरह से इनपुट होती है। लेकिन अगर बिना इनपुट के एनकाउंटर हो रहे तो सरकार अपने आप कटघरे में खड़ी है।' आज सदाकत आश्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान छोटे बच्चों के साथ मिलकर राजेश राम ने केक भी काटा। जन्मदिन को लेकर राजेश राम ने कहा कि, मैं राहुल गांधी को जन्मदिन पर बधाई देता हूं।

# विश्व सिकल सेल दिवस पर सदर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम

**एजेंसी। रांची**




विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रांची सदर अस्पताल में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सकों, विशेषज्ञों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया तथा बीमारी की पहचान, रोकथाम और उपचार को लेकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, राज्य नोडल पदाधिकारी (ब्लड सेल) डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, राज्य नोडल पदाधिकारी (आईईसी सेल) डॉ. राहुल किशोर सिंह, राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. पंकज, हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक रंजन, डॉ. ए.के. झा सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक आनुवंशिक बीमारी है, लेकिन समय पर जांच और उचित उपचार से इसके प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल सहित राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सिकल सेल एनीमिया की जांच निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच में भी सिकल सेल स्क्रीनिंग को शामिल किया गया है, ताकि बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके। हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक रंजन ने कहा कि झारखंड में सिकल सेल जीन का प्रसार अपेक्षाकृत अधिक है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से प्रभावित मरीजों को हाथ-पैर, पेट और छाती में तेज दर्द, बार-बार बुखार, खून की कमी तथा संक्रमण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मरीजों के लिए हाइड्रॉक्सी यूरिया, फोलिक एसिड, आवश्यक टीकाकरण और नियमित चिकित्सकीय परामर्श को बेहद महत्वपूर्ण बताया। राज्य नोडल पदाधिकारी (आईईसी सेल) डॉ. राहुल किशोर सिंह ने कहा कि जन-जागरूकता और नियमित जांच के माध्यम से इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। राज्य नोडल पदाधिकारी (ब्लड सेल) डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर आनुवंशिक विकार है, जो दीर्घकालिक एनीमिया, तीव्र दर्द, रक्त वाहिकाओं में अवरोध तथा विभिन्न अंगों को क्षति पहुंचा सकता है। उन्होंने बताया कि राज्य में शीघ्र ही विशेष सर्वेक्षण एवं जांच अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत 0 से 5 वर्ष तथा 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के लोगों की निःशुल्क जांच की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार की ओर से सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क रक्त और आवश्यक वैक्सीन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने सिकल सेल एनीमिया की समय पर पहचान, परामर्श, उपचार और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित लोगों को इस बीमारी से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों से बचने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं नर्सिंग स्कूल की छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अधिवक्ता महेश तिवारी की याचिका पर हाई कोर्ट ने 25 जून तक जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**एजेंसी। रांची**




झारखंड उच्च न्यायालय में शुक्रवार को अधिवक्ता महेश तिवारी की ओर से सजा पर रोक लगाने संबंधी अपील को रांची सिविल कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने महेश तिवारी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 25 जून निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि यह याचिका सुनवाई योग्य (मेंटेनेबल) नहीं है। सरकार का तर्क था कि याचिकाकर्ता ने सजा पर रोक लगाने संबंधी अंतरिम आवेदन (आईए) को खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती दी है, जबकि इस प्रकार की याचिका विधिक दृष्टि से विचारणीय नहीं है। राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने अधिवक्ता महेश तिवारी को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में राज्य सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक विनीत कुमार वशिष्ठ ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। मामले की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा की अदालत ने महेश तिवारी की सजा पर रोक लगाने संबंधी मिसलेनियस अपील को खारिज कर दिया था। साथ ही उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ दायर अपील को सुनवाई के लिए अपर न्यायायुक्त कुलदीप की अदालत में स्थानांतरित कर दिया था। महेश तिवारी ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए रांची सिविल कोर्ट में अपील दायर की थी। इसके साथ ही उन्होंने एक मिसलेनियस अपील दाखिल कर सजा पर रोक लगाने का आग्रह भी किया था। हालांकि अदालत ने उनके इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया और सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता महेश तिवारी को रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने महिला अधिवक्ता ऋतु कुमार के साथ मारपीट करने से जुड़े मामले में दोषी करार दिया था। अदालत ने उन्हें दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। सजा और दोषसिद्धि के खिलाफ कानूनी राहत पाने के उद्देश्य से महेश तिवारी ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अब 25 जून को होने वाली अगली सुनवाई में अदालत याचिका की सुनवाई योग्यता सहित अन्य कानूनी बिंदुओं पर विचार करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर बच्चों को बांटी गई अध्ययन सामग्री


**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कालिंदी टोला में शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सामाजिक और शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर उनके बीच कॉपी और पेन वितरित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा होती है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता सरफराज अंसारी ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में शिक्षा का प्रसार करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर कांग्रेस के कोल्हान प्रभारी और एससी विभाग कांग्रेस के प्रतिनिधि और कामगार कर्मचारी कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सूरज मुखी, अली साई, छेतु कलांदी, मिथुन कलांदी, जितेन कलांदी, सोमबीर कलांदी, जेमा कलांदी सहित कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हत्या मामले में महिला सिपाही गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर-2 स्थित इमामबाड़ा के समीप हुए चर्चित गोरा हत्याकांड में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए धनबाद बालिका संप्रेषण गृह में कार्यरत महिला सिपाही संगीता खलखो को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस का दावा है कि मामले की जांच के दौरान उसके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिले, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। संगीता भालूबासा मुस्लिम बस्ती की निवासी है। उसका पुत्र सलमान पहले से ही इस हत्या सहित कई अन्य गंभीर मामलों में जेल में बंद है। सलमान पर हत्या, फायरिंग, रंगदारी और अन्य आपराधिक मामलों के आरोप दर्ज हैं। कदमा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव ने बताया कि 21 नवंबर 2025 को गोरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के पिता मो. नियाज के बयान पर कदमा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में विजय पांडेय, शादाब खान उर्फ बिल्ली, अयान, सलमान खान, संगीता खालको तथा अन्य लोगों को आरोपित बनाया गया था। पुलिस जांच के दौरान पहले ही विजय पांडेय, शादाब खान उर्फ बिल्ली, अयान और शुभम कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच के क्रम में हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्तौल और घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की गई थी। इसके बाद जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर संगीता की संलिप्तता सामने आने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह मामला गैंगवार से जुड़ा पाया गया है।

## रांची समेत कई इलाकों में बारिश, गर्मी मिली राहत, 25 जून तक हल्की वर्षा और वज्रपात की संभावना

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को हुई बारिश से लोगों को पिछले एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली। सुबह से लेकर दोपहर बाद तक रुक-रुक कर हुई वर्षा के कारण मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 55 मिलीमीटर बारिश रांची के नामकुम क्षेत्र में दर्ज की गई। वहीं राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान नामकुम में 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि 12 जून को झारखंड में मानसून के प्रवेश के बाद से रांची को छोड़कर अधिकांश जिलों में अपेक्षाकृत कम बारिश हुई है। मानसून की कमजोर सक्रियता के कारण राज्य के कई हिस्सों में लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि शुक्रवार को हुई बारिश ने राजधानी सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई है। मौसम विभाग ने फिलहाल राज्यभर में व्यापक और भारी वर्षा की संभावना से इनकार किया है। विभाग के अनुसार 25 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। शुक्रवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह के समय मूसलाधार बारिश हुई, जबकि दोपहर बाद भी कई स्थानों पर अच्छी वर्षा दर्ज की गई। बारिश के कारण तापमान में कमी आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार रांची में अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री और न्यूनतम 29 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 42 डिग्री और न्यूनतम 27.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 38.1 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आगामी दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।

## नीट-2026 अभ्यर्थियों के लिए राउरकेला-टाटानगर के बीच चलेगी विशेष ट्रेन



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

नीट-2026 परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर मंडल ने 21 जून 2026 को राउरकेला और टाटानगर के बीच एक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य परीक्षार्थियों को समय पर उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाना तथा यात्रा के दौरान उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। शुक्रवार को रेल प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार विशेष ट्रेन (संख्या 68044 )21 जून को राउरकेला से सुबह 5:10 बजे प्रस्थान करेगी और टाटानगर सुबह 9:20 बजे पहुंचेगी। नीट परीक्षा देने वाले छात्रों की अधिकतम सुविधा सुनिश्चित करने के लिए इस विशेष ट्रेन का ठहराव राउरकेला और टाटानगर के बीच पड़ने वाले सभी स्टेशनों एवं हॉल्टों पर दिया जाएगा।

## कांग्रेस नेताओं ने मनाया राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन

**एजेंसी। खूंटी**

खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन शुक्रवार को उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय जिला कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी देश की एकता, भाईचारे और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी के आदर्शों और विचारों का अनुसरण करते हुए जनता की आवाज बनने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य करने का आह्वान किया। जन्मदिन समारोह में प्रदेश कोऑर्डिनेटर पीटर मुंडू, वरिष्ठ कांग्रेसी देवजीत देवघरिया, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि विलसन तोपनो, जिला महासचिव प्रनीत तोपनो, जुनैद अहमद, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता गोप, जिला महासचिव ऋतुराज झा, जेम्स तोपनो सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनएचएम कर्मियों ने पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर किया प्रदर्शन



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने लंबित वेतन भुगतान को लेकर शुक्रवार को परसुडीह स्थित सदर अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों से पहुंचे कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष एकत्र होकर अपनी समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा। इस आंदोलन को झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का भी समर्थन प्राप्त हुआ। धरने में शामिल कर्मचारियों ने बताया कि पिछले पांच महीनों से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

उन्होंने कहा कि नियमित आय बंद होने से घर-परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कई कर्मचारी बच्चों की पढ़ाई और स्कूल फीस तक समय पर जमा नहीं कर पा रहे हैं। महंगाई के दौर में लगातार वेतन नहीं मिलने से उनकी परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

कर्मचारियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द बकाया वेतन जारी करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार और संबंधित विभाग से संवेदनशीलता दिखाने की अपील की। धरना स्थल पर पहुंचे झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र नाथ ठाकुर ने कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि पांच माह से वेतन नहीं मिलना बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार भी इस स्थिति से प्रभावित हो रहे हैं। महासंघ इस मुद्दे को लेकर जिला प्रशासन, उपायुक्त और सिविल सर्जन के साथ बातचीत करेगा, ताकि जल्द से जल्द वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी हो सके।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(खेल शाखा)**
Phone no-06562 224033 email id:- palamukhel@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 365 दिनांक 17.06.2026 के द्वारा दिनांक 23.06.2026 को ''अन्तराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस'' के अवसर पर पलामू जिले के वैसे खिलाड़ी जो वर्ष 2025–26 में भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल संघों के द्वारा आयोजित ओलम्पिक/अंर्तराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाना है।

अतः पलामू जिलान्तर्गत सभी खेल संघ ओलम्पिक/अंर्तराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की सूची दिनांक 21.06.2026 तक निश्चित रूप से जिला खेल कार्यालय, पलामू में उपलब्ध करायेंगे। खिलाड़ी स्वयं भी अपना आवेदन (प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ) जिला खेल कार्यालय, पलामू के खेल समन्वयक के पास जमा कर सकते है।

जिला खेल पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.382761 District(26-27):D

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
*(CIN:U40108JH2013SGC001702)*
*Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in*
*Telephone:-06562-295539*

**E-TENDER NOTICE**

E-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 164/PR/ JBVNL/ 2026-27 | Renovation of Ground floor of Inspection bunglow (IB), Daltonganj under Electric Supply Area, Medininagar | 14,21,600/– | 28500/– | 2500.00+450.00 (GST 18%) = 2950.00 | 120 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 20.06.2026 3:00 PM to 20.07.2026 at 4:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 20.07.2026 at 4:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 21.07.2026 at 4:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM cum CE, Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.382753 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27):D

Sd/- GM-cum-CE
ESA, Medininagar

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-Tender Notice**

e-Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of Work | e-Tender fee (Non refundable) including GST (Rs.) | Earnest Money Deposit (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 278/ PR/ JUSNL/ 2026-27 | Repair and maintenance of control room building at 220/132 KV G/S/S, Bhagodih | 2,950.00 | 27,500.00 |
| 2. | 279/ PR/ JUSNL/ 2026-27 | Execution of protective work for safety of Existing Tower foundation to prevent soil erosion in tower location no. 235 (T) of 220 KV D/C Daltonganj (PGCIL) - Bhagodih Transmission Line under the jurisdiction of TSD, Bhagodih. | 5,900.00 | 44,000.00 |
| 3. | 280/ PR/ JUSNL/ 2026-27 | Procurement of spare material for Relay Panel and Power Transformer at 132/33 KV Grid Sub Station Japla. | 5,900.00 | 38,500.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -tender website | From 23.06.2026 at 12:00 PM to 14.07.2026 up to 04:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 23.06.2026 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 14.07.2026 up to 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | 15.07.2026 up to 04:15 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand. |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602/8271433009/9973936358 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 382783 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 26-27 (D)

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa**

**Notice Inviting Tender**
**E- Tender Notice No. : GNP-01/2026-27 1st Call Dated: 19.06.20261-**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| S. No. | Name of the Work | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of RCC Cross Drainage at Dr. PD Tiwari Clinic Near Shiv Mandir, Chiniya Road Under NP Garhwa | 1243100-00 | 24900.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 02 | Construction of RCC Drainage From Tiwari Rest House to UAAM Garhwa, Under NP Garhwa | 1336700-00 | 26800.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 03 | Construction of RCC Drainage From Nasim & Sons to Tiwari Rest House, Under NP Garhwa | 2499500-00 | 49990.00 | 5000.00 | 01 Month |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive officer , Nagar Parishad, Garhwa | Office of Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Date-22.06.2026 Time 10:00 A.M | Date- 30.06.2026 Time 5:00 P.M. | **Date 02.07.2026** Time 11:00 A.M |

**Note : 1.** Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. Helpline Number of E-Procurement cell- 9431141644, 8409053313
5. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

Sd/-
**EXECUTIVE OFFICER**
**NAGAR PARISHAD GARHWA**

PR 382770 Urban Development (26-27)_D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## रंगदारी नहीं दी तो फूटेगा दूसरा बम, शिकंजे में फंसा फरीदाबाद का व्यापारी

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद में रंगदारी नहीं दी तो जल्दी फूटेगा दूसरा बम, यही वो लाइन है जिसने शहर में कारोबारियों से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस जांच की दिशा तय की और मुख्य सूत्रधार दीपक गोयल पर शिकंजा कसा गया। शहर में एक महीने पहले एक के बाद एक आठ कारोबारियों के पास विदेशी नंबर से रंगदारी की कॉल आई थी। काल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर रणदीप मलिक लारेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताया था। इस तरह लगातार कॉल से पुलिस भी सकते में आ गई। कारोबारियों को सुरक्षा प्रदान कर दी गई। सेक्टर आठ थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कॉल को ट्रेस करना शुरू कर दिया और यह लगभग तय हो गया कि रंगदारी विदेश में बैठे गैंगस्टर रणदीप मलिक ने ही मांगी है। दरअसल, इस मामले का मुख्य सूत्रधार सेक्टर नौ निवासी व्यापारी दीपक गोयल अपने कारोबारी मित्रों के साथ रात में पार्टी कर रहा था। इस दौरान रंगदारी मांगे जाने की बात छिड़ गई। दीपक गोयल ने वहां मौजूद व्यापारी और कारोबारियों के बीच कह दिया कि रंगदारी नहीं दी तो जल्दी दूसरा बम फूटेगा। यह बात वहां मौजूद किसी कारोबारी ने पुलिस तक पहुंचा दी। पुलिस ने दीपक गोयल पर नजर रखना शुरू कर दिया। उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बता दिया कि उसने ही आइबी के सब इंस्पेक्टर सिकंदर को शहर के कारोबारियों की डिटेल दी थी। सिकंदर ने यह डिटेल आगे गैंगस्टर तक पहुंचाई। जिसके बाद रंगदारी मांगे जाने का सिलसिला शुरू हुआ। फिलहाल दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है। दीपक गोयल फतेहपुर बिल्लोच गांव का रहने वाला है और उनका ईंट-भट्ठों का पुराना काम है। शुरुआत में दीपक गोयल की आर्थिक स्थिति ठीक थी। उसने रियल एस्टेट ग्रुप एसआरएस और पीयूष में काफी पैसा निवेश किया था। साल 2015 के आस-पास इन दोनों ग्रुप को तगड़ा झटका लगा और दोनों डूब गए। इससे दीपक की आर्थिक हालत भी खराब हो गई और उसके ऊपर कर्जा हो गया। कर्जे से बाहर आने के लिए वह गलत रास्ते पर चल पड़ा। कुछ समय पहले जुआ खिलवाने में भी उसका नाम सामने आया था। एक प्लाट की खरीद बिक्री के सिलसिले में उसकी पहचान आइबी के सब इंस्पेक्टर सिकंदर से हुई थी। वहीं से दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई।

## राजकोट में शादीशुदा महिला ने की आत्महत्या की कोशिश, अफजल ने शोषण कर धर्म परिवर्तन के लिए किया ब्लैकमेल

**राजकोट, एजेंसी।** एक शादीशुदा महिला ने कथित रूप से यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्म परिवर्तन के दबाव के चलते एसिड पीकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना राजकोट की है, जहां महिला को उसके पति ने अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें मुख्य आरोपी अफजल करभाई सीडा (जूनागढ़) का नाम है। महिला ने बताया कि चार महीने पहले वह इंस्टाग्राम पर 'जिद्दी बॉय' नाम के प्रोफाइल से जुड़ी। कुछ महीनों की बातचीत के बाद अफजल अपने साथी अनीशा कश्मी की मदद से राजकोट आया और महिला को होटल ले गया। वहां उसने महिला का यौन शोषण किया और फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। दो महीने बाद महिला को पता चला कि यह व्यक्ति अफजल करभाई सीडा है। महिला को सार्वजनिक रूप से अपमानित और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला ने अपने पति को घटना बताई और पुलिस में प्रारंभिक शिकायत की, लेकिन आरोपी पक्ष के अन्य दो साथियों, रवि गोसाई (अहमदाबाद) और विजय चूडासमा (जूनागढ़) ने उसे शिकायत वापस लेने की धमकी दी।

**आईएमडी का अलर्ट जारी; किसानों की बढ़ी चिंता**

# दिल्ली-यूपी समेत देश के 11 राज्यों में भारी बारिश आंधी-तूफान की चेतावनी

**लखनऊ, नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और मॉनसून की सुस्ती के बीच मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत देश के 11 राज्यों में अगले 15 घंटों के भीतर भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी-तूफान का महाअलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से विनाशकारी हवाएं चल सकती हैं, जिससे जान-माल के नुकसान की आशंका है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पिछले दो हफ्तों से मॉनसून एक ही जगह पर अटका हुआ है, जिससे मैदानी इलाकों में शुष्क हवाओं और भीषण गर्मी का दौर जारी था।

हालांकि, अब बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं और एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण एक मजबूत वेदर सिस्टम बन गया है। यही वजह है कि अचानक



उत्तर और मध्य भारत के बड़े हिस्से में मौसम ने करवट ली है।

उत्तर भारतः दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान। मध्य और पश्चिमी भारतः मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़। पूर्वी और पहाड़ी क्षेत्रः बिहार, झारखंड, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश।

तेज आंधी और आकाशीय बिजली का खतरा आईएमडी ने चेतावनी दी है कि बारिश के साथ-साथ इन राज्यों में गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने का बड़ा खतरा है। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे आंधी-तूफान के समय ऊंचे पेड़ों, साइनबोर्ड और बिजली के खंभों से दूर रहें। कच्चे मकानों और बस्तियों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। दिल्ली और लखनऊ के हवाई अड्डों पर उड़ानों की आवाजाही भी इस खराब मौसम से प्रभावित हो सकती है।

### किसानों की बढ़ी चिंता

देशभर में मॉनसून की सुस्ती और बारिश में हो रही देरी ने अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। जून का आधा महीना बीत जाने के बाद भी मॉनसून के आगे न बढ़ने के कारण इसका सबसे गंभीर असर कृषि क्षेत्र पर देखने को मिल रहा है। खेतों में पानी न होने के कारण धान, गन्ना, हरी सब्जियों और खरीफ की अन्य प्रमुख फसलों की बुआई और विकास बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## आवास योजना लाभार्थियों को सस्ती रेत देगी सरकार, अगले महीने से शुरू होगी नई व्यवस्था

**कोलकाता, एजेंसी।** राज्य में निर्माण सामग्री की आसमान छूती कीमतों और बिचौलियों के आतंक से परेशान प्रधानमंत्री आवास योजना के गरीब लाभार्थियों के लिए राज्य सरकार ने एक अहम निर्णय लिया है। सरकार ने बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बना रहे गरीब परिवारों को बाजार दर से काफी कम कीमत पर सीधे रेत (बालू) उपलब्ध कराने की मुकम्मल व्यवस्था की है। इस जनकल्याणकारी योजना को धरातल पर उतारने के लिए विस्तृत सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया गया है, और आगामी माह से प्राथमिक तौर पर बीरभूम जिले के लगभग 11 ब्लॉकों में इस नई व्यवस्था की शुरुआत कर दी जाएगी, जिसे बाद में क्रमिक रूप से पूरे राज्य में लागू करने की योजना है। बीरभूम के सूरी-एक ब्लाक में आयोजित एक जन कल्याण शिविर को संबोधित करते हुए राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री व जिले विधायक जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस दौरान पारदर्शी व्यवस्था का उल्लेख करते हुए मंत्री ने चौकाने वाले आंकड़े पेश किए। उन्होंने बताया कि सिंडिकेट राज और 'फर्जी चालान' के खिलाफ मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों के बाद प्रशासनिक मुस्तैदी का नतीजा है कि बीरभूम के महज 10 पत्थर चेक गेटों से पिछले एक महीने (17 मई से 16 जून) के भीतर 72 करोड़ 78 लाख रुपये का रिकार्ड राजस्व सरकारी खजाने में जमा हुआ है।

## छत्तीसगढ़ में हैवानियत की हदें पारः सूरजपुर में पत्नी को पीटने के बाद चेहरे पर पोती कालिख

**सूरजपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में चरित्र पर शंका के चलते पत्नी के साथ क्रूरता की घटना सामने आई है। आरोपित पति ने पहले तो पत्नी की पिटाई की, फिर उसका मुंडन कर दिया। कपड़े से उसके हाथ-पैर बांधकर चेहरे और चेहरे पर कालिख पोतने के साथ उसके ऊपर पेशाब कर दिया। आरोपित ने इस बर्बरता का वीडियो भी बनाया। पीड़िता की शिकायत पर पटना पुलिस जांच में जुट गई है। बता दें कि, महिला ने 20 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। दोनों के चार बच्चे हैं। स्वजन के अनुसार, बीते एक वर्ष से पति, उसके चरित्र पर शंका कर रहा था। लगातार कलह के कारण महिला अपने मायके में रह रही



थी, जबकि उसका पति मजदूरी करने रायपुर चला गया था। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों पति रायपुर से वापस लौटा। उसे जानकारी मिली कि उसकी पत्नी अपने भांजे के पास रह रही है। इसके बाद रविवार को वह अपने चारों बच्चों को साथ लेकर अपने ससुराल पहुंच गया।

आरोप है कि वहां पहुंचते ही उसने पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। शरीर पर ग्रीस व मोबिल ऑयल डालकर जबरन मुंडन कर दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया तथा पूरी घटना का वीडियो बनाकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास किया गया।

## पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाला बदमाश 16 माह बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पिछले साल कोतवाली इलाके में लोहे के पुल के पास पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में क्राइम ब्रांच ने 16 माह से फरार चल रहे बदमाश फरमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे तकनीकी सर्विलांस और इंटरनेट मीडिया (इंस्टाग्राम) ट्रैकिंग की मदद से दबोचा है।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक पिछले साल चार फरवरी की रात करीब पौने तीन बजे कोतवाली की एक पुलिस पेट्रोलिंग टीम लोहे के पुल के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया।

## दुर्घटना की शिकार महिला की मदद को दी अपनी धोती, 'हीरो' बना चायवाला

**कोच्चि, एजेंसी।** केरलम के त्रिपुनिथुरा क्षेत्र में एक चाय विक्रेता द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता और मानवता की भावना की हर तरफ सराहना हो रही है। सड़क दुर्घटना में घायल हुई एक महिला की मदद के लिए स्थानीय चाय विक्रेता एमआर शाजी ने जो कदम उठाया, उसने लोगों का दिल जीत लिया है। वह इंटरनेट मीडिया में 'हीरो' बन गया है। यह घटना मंगलवार को त्रिपुनिथुरा के स्टैच्यू जंक्शन पर हुई, जहां एक महिला अचानक एक निजी बस के नीचे गिर गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गनीमत रही कि महिला की जान बच गई, हालांकि उसे चोटें आई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बचाव कार्य के दौरान पता चला कि दुर्घटना में महिला के कपड़े फट गए थे। ऐसे में मौके पर मौजूद चाय विक्रेता एमआर शाजी ने बिना देर किए अपनी 'मुंडू' (पारंपरिक धोती) उतारकर महिला को दे दी, ताकि वह स्वयं को ढक सके और सम्मानपूर्वक अस्पताल पहुंचाई जा सके। शाजी ने पत्रकारों को बताया कि महिला गंभीर रूप से घायल थी और अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पा रही थी। उन्होंने कहा कि परिस्थिति को देखते हुए उन्होंने बिना किसी झिझक के अपनी धोती महिला को दे दी। घटना का पूरा दृश्य पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद लोग शाजी की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। कई लोगों ने उनकी इस पहल को इंसानियत, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है।

## सफाई के लिए नगर निगम गुरुग्राम का फिर अस्थायी टेंडर पर जोर, 5 महीने में खर्च होंगे 22.52 करोड़

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर निगम गुरुग्राम ने एक बार फिर अस्थायी टेंडर का सहारा लिया है। पांच वर्षीय स्थायी सफाई टेंडर को मंजूरी नहीं मिलने के कारण निगम आगामी पांच महीनों की सफाई व्यवस्था पर करीब 22.52 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

इसके लिए शहर के विभिन्न जोन के अनुसार नए टेंडर जारी किए गए हैं। वर्तमान में कार्यरत छह सफाई एजेंसियों का कार्यकाल अगस्त 2026 में समाप्त होने जा रहा है, जिसके चलते निगम को अंतरिम व्यवस्था करनी पड़ रही है।

निगम ने 26 अगस्त 2026 से 27 जनवरी 2027 तक की अवधि के लिए यह टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। शहर में घर-घर से कूड़ा उठाने और सड़कों की सफाई के लिए प्रस्तावित दीर्घकालिक टेंडरों को अब तक मुख्यालय से मंजूरी नहीं मिल पाई है। प्रशासनिक स्तर पर हो रही देरी के कारण बार-बार अस्थायी टेंडर जारी करने पड़ रहे हैं। इसका असर शहर की सफाई व्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है और कई क्षेत्रों में लोगों को गंदगी व कूड़ा उठान संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



**दो जोन में निगम कर्मचारी संभालेंगे जिम्मेदारी:** इस बार निगम ने जोन-4 और जोन-6 में निजी एजेंसियों को ठेका नहीं देने फैसला लिया है। इन दोनों जोनों के अंतर्गत आने वाले वार्डों, गलियों और मुख्य सड़कों की सफाई नगर निगम के नियमित सफाई कर्मचारियों द्वारा कराई जाएगी। निगम अधिकारियों का मानना है कि इससे निगरानी और जवाबदेही बेहतर होगी तथा सफाई कार्य की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

**छह जोन में निजी एजेंसियों को मिलेगा काम:** शहर के शेष छह जोनों की सफाई व्यवस्था निजी एजेंसियों के माध्यम से संचालित की जाएगी। निगम के अनुमान के अनुसार जोन-7 के लिए 7.17 करोड़ रुपये, जोन-8 के लिए 2.51 करोड़ रुपये, जोन-5 के लिए 67.29 लाख रुपये, जोन-1 के लिए 3.45 करोड़ रुपये, जोन-2 के लिए 4.38 करोड़ रुपये तथा जोन-3 के लिए 4.34 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन जोनों में सड़कों और गलियों की नियमित सफाई का जिम्मा संबंधित एजेंसियों को सौंपा जाएगा।

### अधिकारी बोले, सफाई कार्य नहीं होगा प्रभावित

नगर निगम के एक्सईएन सुंदर श्योराण ने बताया कि वर्तमान एजेंसियों का कार्यकाल जुलाई अंत में समाप्त हो रहा है। सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान न आए, इसके लिए समय रहते नए टेंडर जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थायी टेंडर को मंजूरी मिलने तक अंतरिम व्यवस्था के माध्यम से शहर में सफाई कार्य लगातार जारी रखा जाएगा।

## नोएडा श्रमिक हिंसा में शामिल आकृति, रूपेश समेत 9 आरोपियों पर दो और केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा की सेक्टर-63 कोतवाली पुलिस ने अप्रैल में मांगों को लेकर हुए श्रमिक हिंसा में शामिल नौ आरोपितों के खिलाफ और दो केस दर्ज किए गए हैं।

एसीजेएम द्वितीय रवि सागर की अदालत में बृहस्पतिवार को पुलिस की तरफ से आरोपितों से पूछताछ के लिए न्यायिक हिरासत की मांग को लेकर अर्जी दायर की गई है। अदालत ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

बता दें कि श्रमिक हिंसा के मामले में नोएडा के सेक्टर- 63 व फेज दो कोतवाली में श्रमिक हिंसा के दौरान आगजनी, तोड़फोड़, जाम, पथराव की घटना आरोपितों द्वारा अंजाम दी गई थी। पुलिस ने इंटरनेट मीडिया और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया था। नोएडा सेक्टर- 63 कोतवाली में आकृति, रूपेश, सृष्टि व मनीषा समेत कई आरोपितों के खिलाफ विभिन्न



धाराओं में केस दर्ज था। पूर्व में पुलिस आकृति, रूपेश, सृष्टि व मनीषा को न्यायिक हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। न्यायिक हिरासत की मांग की आरोपी पक्ष के अधिवक्ता रजनीश यादव के मुताबिक, पुलिस ने अब आकृति, रूपेश, सृष्टि व मनीषा समेत नौ आरोपितों के खिलाफ दो और केस दर्ज किए हैं। अब तक गौमतबुद्ध नगर कमिशनरेट पुलिस इन आरोपितों के खिलाफ 10 मुकदमे दर्ज कर चुकी है। नए दर्ज दो केस में बृहस्पतिवार सेक्टर-63 कोतवाली के विवेचक ने अर्जी दाखिल कर अदालत से आरोपितों की न्यायिक हिरासत की मांग की है। अदालत के सूत्रों का कहना है कि मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने टिप्पणी की कि हाल ही में आरोपितों पर चार मुकदमे दर्ज किए गए थे।

## गाजियाबाद में पीएम सूर्य घर योजना की धीमी रफ्तार, लक्ष्य का केवल 11.5 प्रतिशत हासिल



**गाजियाबाद, एजेंसी।** जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की रफ्तार अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही है। मार्च 2027 तक 62,628 घरेलू उपभोक्ताओं के घरों पर रूफटाप सोलर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन अब तक केवल 7,195 उपभोक्ता ही योजना से जुड़ सके हैं। यह कुल लक्ष्य का करीब 11.5 प्रतिशत है। ऐसे में विद्युत निगम के सामने निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने की चुनौती खड़ी हो गई है। विद्युत निगम के आंकड़ों के अनुसार, जोन-प्रथम में 15,434 घरों पर सोलर संयंत्र लगाने का लक्ष्य है, जबकि अब तक 2,622 उपभोक्ता ही इससे जुड़ पाए हैं। जोन-द्वितीय में 21,587 के लक्ष्य के सापेक्ष 2,677 और जोन-तृतीय में 25,607 के मुकाबले केवल 1,896 घरों पर ही सोलर संयंत्र स्थापित हो सके हैं। योजना को गति देने के लिए विद्युत निगम ने फील्ड अधिकारियों को सक्रिय किया है।

मुख्य अभियंता ने उपखंड अधिकारियों, अवर अभियंताओं और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि बड़े आवासों और अधिक बिजली खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं की पहचान कर उन्हें योजना के लाभों से अवगत कराया जाए। प्रत्येक उपखंड अधिकारी को अपने क्षेत्र में प्रति माह कम से कम 20 उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र लगवाने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य दिया गया है।

निगम का कहना है कि आवेदन स्वीकृत होने के बाद भी कई मामलों में वेंडरों की ओर से संयंत्र स्थापित नहीं किए जा रहे हैं। जिले में 2,463 स्वीकृत मामलों में अभी तक स्थापना लंबित है। इनमें जोन-प्रथम के 517, जोन-द्वितीय के 1,523 और जोन-तृतीय के 423 उपभोक्ता शामिल हैं।

वहीं, सोलर संयंत्र स्थापना के मामले में मोदीनगर और मुरादनगर क्षेत्र सबसे आगे हैं। यहां 2,322 घरों में सोलर संयंत्र लग चुके हैं और उपभोक्ता सौर ऊर्जा से बिजली का उपयोग कर रहे हैं।

## ममता बनर्जी को बड़ा झटकाः अरूप बिश्वास ने बैंक को लिखा पत्र, तृणमूल कांग्रेस का खाता फ्रीज करने की मांग

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर जारी विवाद अब पार्टी के वित्तीय मामलों तक पहुंच गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अरूप बिश्वास ने एक बैंक को पत्र लिखकर तृणमूल के बैंक खाते के संचालन पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया है।

सूत्रों के अनुसार, पार्टी के कोषाध्यक्ष के रूप में उन्होंने विवाद सुलझने तक बैंक से खाते से किसी भी प्रकार की निकासी या संचालन संबंधी अधिकारों में बदलाव नहीं करने की अपील की है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित दो पृष्ठों के इस पत्र की पुष्टि नहीं हो सकी है। अरूप बिश्वास ने भी इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बताया जा रहा है कि गत 12 जून को लिखे गए पत्र में अरूप बिश्वास ने कहा है कि पार्टी के भीतर विभिन्न गुट खुद को वैध नेतृत्व और अधिकृत पदाधिकारी बता रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि खातों के संचालन का अधिकार किसके पास है।

पत्र में आशंका जताई गई है कि अनधिकृत लोग पार्टी फंड का दुरुपयोग कर सकते हैं। साथ ही, पहले से हस्ताक्षरित चेकों के गलत इस्तेमाल और बिना उचित अनुमति के भुगतान किए जाने की भी आशंका भी व्यक्त की गई है।

मालूम हो कि ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल के 58 विधायकों ने अलग गुट बनाकर विधानसभा अध्यक्ष से मान्यता प्राप्त कर ली है। ऋतब्रत को विपक्ष का नेता भी चुना गया है। वहीं, संसद में भी 20 बागी सांसद पार्टी नेतृत्व से अलग होकर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी आफ इंडिया (एनसीपीआइ) में विलय की घोषणा कर चुके हैं। इस



बीच, बागी खेमे के विधायक कन्हैयालाल अग्रवाल ने कहा कि यदि पार्टी के कोषाध्यक्ष को फंड के दुरुपयोग की आशंका है तो बैंक से खातों पर रोक लगाने का अनुरोध करना उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। मालूम हो कि गत पांच जून को तृणमूल ने पार्टी संगठन में फेरबदल करते हुए अरूप की जगह पूर्व सांसद शुभाशीष चक्रवर्ती को नया कोषाध्यक्ष नियुक्त किया था जबकि अरूप ने पार्टी के कोषाध्यक्ष के तौर पर बैंक को पत्र लिखा है। तृणमूल का खाता एक निजी बैंक की सेंट्रल प्लाजा शाखा में है। चुनाव आयोग को सौंपे गए पार्टी के आडिट दस्तावेजों के अनुसार इस खाते में लगभग 675 करोड़ रुपये जमा हैं। इस बारे में शुभाशीष चक्रवर्ती ने पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं राज्य संगठन का कोषाध्यक्ष हूं जबकि अरूप अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के कोषाध्यक्ष थे। यह पूछे जाने पर कि क्या राज्य और अखिल भारतीय तृणमूल के अलग-अलग बैंक खाते हैं तो उन्होंने जवाब दिया कि खाता केवल एक ही है। अदालत परिसर में अंडों की बौछार साल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोन मेसी के कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था के मामले में पूर्व खेल मंत्री अरूप बिश्वास तीन नोटिस के बाद अंततः गुरुवार सुबह बिधाननगर दक्षिण थाने में हाजिर हुए। पुलिस ने उनसे करीब साढ़े तीन घंटे पूछताछ की। अरूप को आगामी 22 जून को फिर तलब किया गया है। उन्हें संबंधित दस्तावेज साथ लाने को कहा गया है। पूछताछ के बाद मीडिया से अरूप ने कहा कि इस मामले में उन्हें जो भी कहना है, अदालत में कहेंगे। थाने में पूछताछ के बाद अरूप वहां से अलीपुर अदालत परिसर में स्थित अपने अधिवक्ता के कक्ष में पहुंचे। वहां अधिवक्ताओं के एक वर्ग व कुछ लोगों ने कक्ष को घेरकर चोर-चोर के नारे लगाए। अरूप तीन घंटे बाद पुलिस के घेरे में कक्ष से निकले और अपनी कार में पहुंचे। उस दौरान उन पर अंडों की बौछार हुई।

# विचार-मंथन

*2014 में देश ने उत्साह और अटूट विश्वास के साथ नरेंद्र मोदी को अपना प्रधानमंत्री चुना था, लेकिन उन्होंने स्वयं को हमेशा एक प्रधानसेवक माना। इसी रूप में वे अपना राष्ट्रधर्म निभाते हुए विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के संकल्प के साथ उन्होंने समाज के हर वर्ग का विश्वास जीता है।*

## संपादकीय

## फ्रांस और स्लोवाकिया से मजबूत होगी रणनीतिक साझेदारी

इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से जिस तरह के मनमाने फैसले दूसरे देशों पर थोपे जा रहे हैं, उससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। अमेरिका की शुल्क नीति से भारत जैसे विकासशील देश सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने और उसके बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए विकल्प तलाशने तथा पहले से स्थापित साझेदारी को विस्तार देने को लेकर भारत के प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। इस क्रम में अब भारत, फ्रांस और स्लोवाकिया के बीच आपसी संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर पर ले जाने की सहमति बनी है।फ्रांस के साथ द्विपक्षीय व्यापार को पांच वर्षों में दोगुना कर 32 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा रेल सेवा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक घोषणा-पत्र और गोपनीय डेटा की सुरक्षा के लिए समझौते को भी अंतिम रूप दिया गया है। इसी तरह स्लोवाकिया से द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा सहयोग समेत कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी के लिए ग्यारह समझौते किए गए हैं।ये समझौते इसलिए अहम माने जा रहे हैं, क्योंकि इससे अमेरिका के विकल्प के रूप में भारत की पहुंच अन्य विदेशी बाजारों तक बढ़ेगी। साथ ही इससे 'मेक इन इंडिया' अभियान को भी गति मिलेगी, जो देश के आत्मनिर्भर होने के लिए बेहद जरूरी है।गौरतलब है कि अमेरिका ने पिछले वर्ष भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाया था, जिसका सीधा असर देश के निर्यात पर पड़ा था। हालांकि, बाद में अमेरिका ने इस शुल्क को कम कर दिया था, लेकिन भारत ने इसे एक सबक की तरह लिया और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए दुनिया के दूसरे बाजारों तक पहुंच बढ़ाने के प्रयास शुरू किए। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते इन्हीं प्रयासों का नतीजा हैं।अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया दौरे के दौरान इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों के साथ साझेदारी को विस्तार देने का प्रयास किया है। फ्रांस के साथ तेरह मुद्दों पर सहमति बनी है, जिनमें रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, असैन्य परमाणु ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश, तकनीक, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग शामिल हैं।इस दौरान फ्रांस से 114 रफाल लड़ाकू विमान खरीदने की भारत की योजना पर भी चर्चा हुई। खास बात यह है कि भारत ने किसी भी रक्षा मंच के मामले में इस आधार पर आगे बढ़ने पर जोर दिया, जिसमें देश की अधिक से अधिक स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल हो और रक्षा उत्पादों का विनिर्माण भी देश की धरती पर हो।इसी तरह भारत और स्लोवाकिया ने डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं रक्षा जैसे कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए ग्यारह समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही दोनों देशों ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द लागू करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जताई है। इस व्यापक साझेदारी का उद्देश्य न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है, बल्कि मौजूदा बहुपक्षीय स्तर पर भी सहयोग को और प्रगाढ़ करने के नए रास्ते तलाशना है।इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से जिस तरह के मनमाने फैसले दूसरे देशों पर थोपे जा रहे हैं, उससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। अमेरिका की शुल्क नीति से भारत जैसे विकासशील देश सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पैदा हुए संकट के पीछे अमेरिका की अहम भूमिका रही है। ऐसे में भारत के लिए व्यापार के वैकल्पिक बाजार तलाशना बेहद जरूरी है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था पर अमेरिका की मनमानी नीतियों का प्रभाव कम किया जा सके।

## सार्वजनिक जीवन में विश्वास की पूंजी

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद अपना अलग गुट बना चुके हैं। स्वतंत्र भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण मिलना मुश्किल है, जब किसी राजनीतिक दल का इतनी तेजी से विघटन हुआ हो। या किसी नेता की तथाकथित साख चुनाव हारने के चंद दिनों में ही औंधे मुंह गिरी हो। विश्वास और भरोसा ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। सार्वजनिक जीवन में जन विश्वास गंवाने वाला व्यक्ति किसी योग्य नहीं रह जाता। हाल ही में भारतीय राजनीति में जन विश्वास से जुड़ी दो अहम घटनाएं घटित हुई। पहली घटना में एक नेता ने जन विश्वास की पूंजी खो दिया। वहीं दूसरी घटना में नेता ने जन विश्वास की पूंजी को सहेजा ही नहीं, बल्कि हर बीतते दिन के साथ उसमें वृद्धि भी की। पहली घटना 4 मई की है। इस दिन जन विश्वास खो चुकी तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। तृणमूल और ममता से नाराजगी का आलम यह था कि स्वयं ममता बनर्जी अपनी सीट हार गई। आज ममता बनर्जी और उनकी पार्टी की जो दुर्दशा हो रही है, उसकी जिम्मेदार कोई दूसरा नहीं बल्कि वह स्वयं और उनके कर्म ही हैं। तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद अपना अलग गुट बना चुके हैं। स्वतंत्र भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण मिलना मुश्किल है, जब किसी राजनीतिक दल का इतनी तेजी से विघटन हुआ हो। या किसी नेता की तथाकथित साख चुनाव हारने के चंद दिनों में ही औंधे मुंह गिरी हो। सत्ता गंवाने के बाद ममता बनर्जी को मंदिर जाने की याद आई। कालीबाड़ी दर्शन करने पहुंची ममता बनर्जी को लोगों ने पूरी तरह अनदेखा किया। डेढ दशक तक सूबे का मुख्यमंत्री रहने वाले नेता की जनता इस हद तक उपेक्षा करे, तो यह सिर्फ चुनावी हार नहीं, जनविश्वास के टूटने का संकेत होता है। तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से आजिज जनता आज उसके नेताओं का अंडे, टमाटर, जूते और मार कुटाई से सत्कार कर रही है। तृणमूल के नेताओं को देखकर चोर-चोर के नारे लगाए जा रहे हैं। ये वो लोग है जो पिछले 15 वर्षों से तृणमूल नेताओं की तानाशाही, गुण्डागर्दी और अत्याचार चुपचाप सह रहे थे। तृणमूल नेताओं के प्रति जनता का व्यवहार उनके स्वाभाविक क्रोध, कुंठा, निराशा और हताशा का परिणाम है। ममता सरकार के डेढ़ दशक के शासन के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं की हत्या व अपहरण, पोलिंग एजेंटों की पिटाई, बमबाजी, गोलीबारी, बूथों में तोड़फोड़, वोटों की लूट, प्रत्याशियों व उनके परिवार के सदस्यों को धमकियां, ये सब बंगाल में आम बातें हो चुकीं थीं। भाजपा के अपने अनुमानों के अनुसार, 2021 में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हुई हिंसा में टीएमसी के गुंडों ने 300 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की थी। तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कानून व व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा था कि, राज्य में लोकतंत्र सांस नहीं ले पा रहा है। मुख्यमंत्री और प्रशासन मूक दर्शक बने हुए हैं। दूसरी घटना 10 जून को घटित हुई। इस दिन नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए, जो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पूरे किए गए 4,398 दिन के कार्यकाल से ज्यादा है। इस तरह जनविश्वास, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह सिर्फ रिकॉर्ड नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास की जीत है। 2014 में देश ने उत्साह और अटूट विश्वास के साथ नरेंद्र मोदी को अपना प्रधानमंत्री चुना था, लेकिन उन्होंने स्वयं को हमेशा एक प्रधानसेवक माना। इसी रूप में वे अपना राष्ट्रधर्म निभाते हुए विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के संकल्प के साथ उन्होंने समाज के हर वर्ग का विश्वास जीता है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का एहसास कराया है। विपक्ष के लगातार मिथ्या प्रचार, व्यक्तिगत हमलों, यहां तक की अपशब्द देने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी अहर्निशं जनसेवा में जुटे हैं। देश की जनता उन पर भरोसा करती है, जनता को विश्वास है मोदी के रहते उनका अहित नहीं होगा। इसलिए वो लगातार तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी सहर्ष सौंपती है। जब विश्वास टूटता है तो बड़े से बड़े नेता और व्यक्ति अर्श से फर्श पर आ जाता है। भारतीय राजनीति में इंदिरा गांधी का बड़ा कद था। लेकिन अपनी सत्ता बचाने के लिए 1975 को इमरजेंसी लगाने के बाद जनता का विश्वास इंदिरा गांधी से टूट गया। 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस को ऐतिहासिक हार का मुंह देखना पड़ा। इंदिरा का घमंड चूर चूर हो गया, और देश में आजादी के बाद पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी तमाम ऐसे उदाहरण ऐसे हैं, जब जनता ने इन दलों पर विश्वास करके सत्ता के सिंहासन पर बैठाया। लेकिन जब ये नेता विश्वास और उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे तो, जनता ने इन्हें इनको आसमान से जमीन पर पटकने में देरी नहीं की। तमिलनाडु में विश्वास ही तो खत्म हुआ होगा, तभी तो वहां की जनता ने सत्तारूढ़ डीएमके को हटाकर अभिनेता चंद्रशेखरन जोसेफ विजय की नयी नवेली पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम यानी टीवीके को सत्ता की कुंजी सौंप दी। वहीं कई ऐसे उदाहरण भी हैं, जहां विश्वास के चलते जनता ने बार बार जीत का आशीष दिया। गुजरात में बीते 31 और मध्य प्रदेश 21 साल से भाजपा की सरकार है। इतने लंबे समय तक विश्वास और सेवा किये बिना कोई नेता या दल सत्ता या लोगों के दिलों में नहीं रह सकता। किसी जमाने में हरियाणा में भाजपा कोई बड़ी शक्ति नहीं थी। बामुश्किल उसके दो या तीन विधायक ही जीतते थे। लेकिन विश्वास और जनसेवा की बदौलत ही पिछले 12 वर्षों से हरियाणा में भाजपा की सरकार सत्ता में है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में मिथक था कि यहां कोई सरकार दोबारा रिपीट नहीं करती। 2017 में भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कृतित्व एवं व्यक्तित्व से सरकार और शासन के प्रति जनता के विश्वास को लगातार बढ़ाने का काम किया। नतीजा उत्तर प्रदेश की राजनीति में 37 साल पुराना यह मिथक 2022 के विधानसभा चुनाव में टूट गया। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में भाजपा सरकार पिछले नौ साल से लगातार जनसेवा में जुटी है। जीवन की सबसे बड़ी पूंजी पद नहीं, बल्कि विश्वास होता है। यह विश्वास किसी नेता, राजनीतिक दल या किसी व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी है। यह विश्वास बना रहना ही चाहिए। और जिस दिन यह विश्वास टूटता है, उस दिन नतीजे वैसे ही होते हैं।

## गुमनाम पार्टी में क्यों शामिल हुए टीएमसी के नामी सांसद?

**(नीरज कुमार दुबे)**

सबसे दिलचस्प बात यह है कि जिस एनसीपीआई में यह विलय हुआ है, उसका अब तक का राजनीतिक अस्तित्व लगभग नगण्य रहा है। 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में इस दल ने चार उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी, लेकिन आखिरकार तीन सीटों पर ही चुनाव लड़ पाया। तृणमूल कांग्रेस में उठी बगावत ने राष्ट्रीय राजनीति को ऐसा मोड़ दे दिया है जिसकी गूंज आने वाले महीनों तक सुनाई दे सकती है। हम आपको बता दें कि लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने अचानक एक लगभग गुमनाम दल नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया यानी एनसीपीआई में विलय का ऐलान कर दिया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से अलग समूह के तौर पर मान्यता तथा सदन में अलग बैठने की मांग कर डाली। इस घटनाक्रम ने केवल बंगाल की राजनीति को नहीं हिलाया, बल्कि दलबदल कानून, विपक्ष की एकजुटता और संसद की शक्ति संतुलन की बहस को भी फिर से केंद्र में ला खड़ा किया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि जिस एनसीपीआई में यह विलय हुआ है, उसका अब तक का राजनीतिक अस्तित्व लगभग नगण्य रहा है। 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में इस दल ने चार उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी, लेकिन आखिरकार तीन सीटों पर ही चुनाव लड़ पाया। पार्टी के उम्मीदवारों का प्रदर्शन इतना कमजोर रहा कि वे कई जगह नोटा से थोड़ा ही आगे निकल सके। त्रिपुरा की चावमानु सीट पर पार्टी उम्मीदवार बरजेदा त्रिपुरा को केवल 536 वोट मिले, जबकि नोटा को 500 वोट प्राप्त हुए। कैलाशहर सीट पर पार्टी को मात्र 286 वोट मिले। कुल मिलाकर दो सीटों पर एनसीपीआई को सिर्फ 822 वोट हासिल हुए थे। खास बात यह भी है कि इस पार्टी का चुनाव चिह्न 'पेन की निब' है और इसने नारा दिया था, अपने अधिकारों की रक्षा के लिए दलबदलुओं को नकारें। लेकिन राजनीति की विडंबना देखिए कि अब वही दल देश के सबसे चर्चित दलबदल का मंच बन गया है। वैसे इस पूरे घटनाक्रम के पीछे केवल नाराजगी नहीं, बल्कि गहरी राजनीतिक रणनीति दिखाई दे रही है। बागी सांसदों का मकसद सीधे भाजपा में जाना नहीं, बल्कि पहले एक अलग राजनीतिक पहचान बनाकर दलबदल कानून से बचना माना जा रहा है। हम आपको बता दें कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत यदि किसी दल के दो तिहाई विधायक या सांसद किसी दूसरे दल में विलय करते हैं, तो उन्हें अयोग्यता से राहत मिल सकती है। इसी कानूनी रास्ते का इस्तेमाल करते हुए बागी गुट खुद को असली तृणमूल साबित करने की जमीन तैयार कर रहा है। तृणमूल के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने साफ कहा है कि अभी उन्होंने एनसीपीआई में विलय किया है, लेकिन संसद का अगला सत्र शुरू होने पर वह तृणमूल नाम और पहचान पर दावा करेंगे। उनका कहना है कि दो तिहाई सांसद उनके साथ हैं, इसलिए वास्तविक राजनीतिक अधिकार भी उसी गुट के पास होना चाहिए। दूसरी ओर, टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के महाराष्ट्र राजनीतिक संकट वाले फैसले का हवाला देते हुए कहा कि केवल विधायी दल का टूटना पर्याप्त नहीं होता, देखा जाये तो यही वह बिंदु है जहां यह लड़ाई केवल संख्या की नहीं, बल्कि कानूनी और संवैधानिक व्याख्या की बन जाती है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6126

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 6127

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | 10 | | ■ | ■ | 11 | | |
| 12 | | ■ | 13 | | | | ■ |
| 14 | | ■ | | ■ | 15 | | ■ |
| | ■ | 16 | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | 20 | |
| 21 | | | ■ | | ■ | 22 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. फिल्म जगत के साथ-साथ भजनों से खास पहचान बनाने वाली पार्श्व गायिका ने 27 अक्टूबर 1952 को जन्म लिया था (8)
7. हरण कर लेना, आकृष्ट करना, दूर करना (3)
8. प्रतिध्वनि, हमेशा, फकीर की आवाज (2)
9. बल, शक्ति, पॉवर (3)
11. हवा, वायु, बयार, समीर (3)
12. प्रेम, इश्क, मुहब्बत, प्यार (2)
13. किसी देश की वह सीमा जो किसी दूसरे से मिली हो (4)
14. अधिक भीगा, अति आर्द्र (2)
15. चीथड़ा, जीर्ण परिधान, धज्जी (2)
16. महर्षि विश्वामित्र के पिता ओर कुशिव राजा के पुत्र का नाम (2)
18. खौफ, डर, आतंक (2)
19. लोकमत, जनता की राय (4)
21. नदी आदि के पानी का बाढ़ (3)
22. एक बार में तली या सेंकी जाने वाली वस्तु (2)

**ऊपर से नीचे**
1. इन्हें पंजाबी भाषा की पहली कवियित्री माना जाता है (6)
2. आरोग्य लाभ, आराम, लाभ (3)
3. किसी हथियार आदि का पैना किनारा , राजा भोज की नगरी (2)
4. प्राचीन काल का पौन का पहाड़ा, कलछी (2)
5. उज्जयिनी के राजा चंद्रसेन की पुत्री, यह एक संस्कृत नाटक है इसके कृति के लेखक सुबंधु है (5)
6. एक बार में लादा जाने वाला समान (3)
10. यह देश लगभग तीन ओर से फारस की खाड़ी से घिरा है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
11. कुश्तीबाज, योद्धा (5)
13. ध्यान, तपस्या, ध्यानावस्था, प्रणिधान (3)
16. लुप्त, अदृश्यमान, भूमिगत (3)
17. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
18. नेक, भला, उत्तम, छलहीन (2)
19. मटमैले रंग की प्रसिद्ध धातु (2)
20. 27 नक्षत्रों में से दसवां जो शिशुमार से लगा है (2)

### वर्ग पहेली 6126 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | ■ | स्वी | ड | न | ■ |
| ज | ल | ज | ■ | ट | का | ■ | ब |
| ■ | र | दी | फ | ■ | र | सी | द |
| सा | ■ | क | ल | म | ■ | मा | न |
| ग | ला | ■ | आ | म | ■ | वि | ■ |
| र | म | क | ना | ■ | वि | श्वा | स |
| मा | ■ | ला | ■ | पा | र | स | ■ |
| था | र | ■ | जि | र | ह | ■ | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आर्थिक मामलों में आज आपको एक संतुलित नजरिया अपनाने की जरूरत है। चंद्रमा आपके चतुर्थ भाव में हैं, जिससे घर, परिवार और आराम की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है। अस्थायी इच्छाओं को पूरा करने के लिए केवल मन के बहाव में आकर खरीदारी करने से बचें। यदि आप अनुशासित रहेंगे तो आपकी वित्तीय योजनाएं सुचारू रूप से आगे बढ़ेंगी।

### वृष
आज आपके सोशल नेटवर्क, टीमवर्क और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से आय के नए रास्ते खुल सकते हैं। अतीत में किए गए किसी निवेश या प्रयास से आज धन लाभ होने के योग हैं। भविष्य के लक्ष्यों को लेकर सही फैसले लेने में आपकी मदद करेंगे। किसी के भी लुभावने वादों में आकर कोई आर्थिक कदम न उठाएं।

### कर्क
आज पार्टनरशिप या साझेदारी में लिए जाने वाले आर्थिक फैसलों में आपसी तालमेल और सहयोग की बहुत जरूरत पड़ेगी। साझा संसाधनों या डील्स को लेकर होने वाली बातचीत ठीक दिशा में आगे बढ़ेगी। मोलभाव या चर्चा के दौरान अपने रवैये में ज्यादा कड़ापन न लाएं। धैर्य और योजना के साथ चलने से नतीजे आपके पक्ष में आएंगे।

### सिंह
रोजमर्रा के खर्च और घरेलू जरूरतें आज आपका ध्यान खींच सकती हैं। पैसों का संतुलन बनाए रखने के लिए एक सटीक बजट और व्यवस्था बनाकर चलना ही सबसे अच्छा उपाय है। अनुशासित प्रबंधन के जरिए छोटी लेकिन बेहद मजबूत आर्थिक प्रगति संभव है। जोखिम भरे अवसरों के बजाय सीधे समाधानों पर भरोसा रखें।

### मिथुन
आज आपके करियर और कार्यक्षेत्र से जुड़े आर्थिक मामले काफी सक्रिय रहेंगे। अपनी साख या दिखावे के चक्कर में आकर फिजूलखर्च करने से बचें। एक बजट बनाकर चलना ही आज आपको आर्थिक मजबूती देगा। लंबी अवधि के वित्तीय नियोजन के लिए दिन बहुत अनुकूल है।

### कन्या
आज आपकी व्यक्तिगत प्रतिभा और नई सोच आपके लिए आर्थिक लाभ के नए साधन बना सकती है। बिना सोचे-समझे किए जाने वाले जोखिम भरे निवेश से पूरी तरह दूर रहें। धैर्य और सूझबूझ के जरिए आपकी आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे लेकिन पक्का सुधार होगा।

### तुला
आज आपके आर्थिक आत्मविश्वास में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। परिवार के लोगों या किसी बहुत भरोसेमंद साथी के जरिए तरक्की के नए मौके मिल सकते हैं। भविष्य के लाभ को लेकर जरूरत से ज्यादा उत्साही होने से बचें और अपना पूरा ध्यान एक बजट व लंबी अवधि के लक्ष्यों पर लगाएं।

### वृश्चिक
आज के दिन पैसों के मामलों में पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। कुछ छिपे हुए खर्च या अचानक सामने आने वाली जिम्मेदारियां आपके बजट को प्रभावित कर सकती हैं। किसी भी तरह के जोखिम भरे निवेश से पूरी तरह दूर रहें। आपकी दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता की रक्षा कर रहा है। आज आपका रुझान सामाजिक या परोपकार के कार्यों की तरफ हो सकता है।

### मकर
आर्थिक मामलों को लेकर आज आपके मन में सकारात्मकता और उत्साह बढ़ेगा। शिक्षा, यात्रा या अपनी स्किल्स को बढ़ाने से जुड़े कार्यों में धन लाभ के नए अवसर मिल सकते हैं। हालांकि परिस्थितियां अच्छी दिख रही हैं, फिर भी अपनी क्षमता से बाहर जाकर पैसों का कोई बड़ा जोखिम न लें। बृहस्पतिदेव लंबी अवधि की तरक्की का समर्थन कर रहे हैं।

### कुंभ
आज आपको अपने जॉइंट फाइनेंस, टैक्स, लोन या दूसरों के साथ जुड़े आर्थिक संसाधनों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बिना बारीकियों को जांचे-परखे जल्दबाजी में कोई भी आर्थिक फैसला न लें। आज के दिन सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। पार्टनरशिप के मामलों में पूरी पारदर्शिता रखें। फालतू की देनदारियों को कम करने और अपनी आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने पर ध्यान दें।

### धनु
आज के दिन पैसों से जुड़ी बातचीत और डील्स आपके पक्ष में रह सकती हैं। आपको एक सटीक बजट बनाने और सही योजना के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बिना सोचे-समझे किसी को भी धन उधार देने से बचें। परिवार के किसी सदस्य को आज आर्थिक मदद की जरूरत पड़ सकती है। शॉर्टकट से तुरंत मुनाफा कमाने के चक्कर में पड़ने के बजाय आर्थिक स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान दें।

### मीन
आज आपकी समझ और निर्णय लेने की क्षमता को बहुत तेज रखेगी। आप कमाई के कुछ नए साधन तलाश सकते हैं या अपने पुराने निवेश की समीक्षा कर सकते हैं। चंद्रमा आपके दूसरे भाव में हैं, जो आपका ध्यान बचत और आर्थिक सुरक्षा की ओर बढ़ाएंगे। धन को लेकर परिवार में होने वाली चर्चाओं में सही समाधान निकालना ठीक रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# 'सचिन तेंदुलकर भगवान हैं, वैभव सूर्यवंशी ईश्वर का बेटा'



## श्रीकांत ने 15 साल के बल्लेबाज को बताया जबरदस्त प्रतिभा



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी अभी सिर्फ 15 साल के ही है और उनकी तुलना क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर से होने लगी है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने फैंस से अपील की है कि वे वैभव सूर्यवंशी की तुलना सचिन तेंदुलकर से न करें। कृष्णामचारी श्रीकांत ने कहा कि सचिन, सचिन हैं। उनकी बराबरी कोई नहीं कर सकता।

श्रीकांत ने कहा कि सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के भगवान हैं और वैभव सूर्यवंशी 'ईश्वर का बेटा' है। उन्होंने कहा कि वैभव को किसी से तुलना के दबाव में नहीं रखना चाहिए, बल्कि उसे स्वाभाविक रूप से अपना खेल खेलने देना चाहिए। हालांकि, उन्होंने वैभव को जबरदस्त प्रतिभा बताते हुए कहा कि अगर उसे सही समय और समर्थन मिला तो वह भारत के लिए भविष्य का मैच विनर बन सकता है।

श्रीकांत ने युवा बल्लेबाज की तारीफ करते हुए कहा कि उसके शॉट्स, बैट स्पीड



और दबाव में खेलने की क्षमता उसे खास बनाती है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने श्रीकांत के हवाले से लिखा, ''सचिन और वैभव सूर्यवंशी की तुलना न करें। बात यहीं खत्म करते हैं। सचिन क्रिकेट के भगवान हैं और मेरा मानना ??है कि यह लड़का, वैभव सूर्यवंशी, भगवान का बेटा है। इसे ऐसे ही रहने दें।''

### 'अलग दौर की तुलना में विश्वास नहीं'

श्रीकांत ने कहा, ''मैं अलग-अलग दौर की तुलना करने में विश्वास नहीं रखता, इसलिए सचिन की तुलना किसी से न करें। सचिन, सचिन हैं।

# मनप्रीत सिंह 400 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले दुनिया के 8वें हॉकी खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह के लिए 18 जून 2026 का दिन खास रहा। इस दिन भारत ने रॉटरडम में जहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अपने दूसरे मैच में जर्मनी को 3-1 से हराया, वहीं मनप्रीत सिंह ने अपना 413वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर सबसे अधिक मैच खेलने वाले भारतीय का रिकॉर्ड अपने नाम किया। मनप्रीत सिंह से पहले यह रिकॉर्ड भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की के नाम था। दिलीप टिर्की ने भारत के लिए 412 मैच खेले थे। मनप्रीत सिंह 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दुनिया के आठवें हॉकी खिलाड़ी हैं।






### मोरक्को के स्टार फुटबॉलर अशरफ हकीमी अपील खारिज

# दुष्कर्म मामले में फंसा नोरा का रूमर्ड बॉयफ्रेंड ! ट्रायल तय होने पर तोड़ी चुप्पी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** मोरक्को के स्टार फुटबॉलर और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के डिफेंडर अशरफ हकीमी के खिलाफ रेप के आरोपों से जुड़े मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के फैसले को बरकरार रखा है और उनकी अपील खारिज कर दी है। अब इस मामले की सुनवाई आने वाले महीनों में ट्रायल के रूप में होगी।

### क्या है पूरा मामला?

फरवरी 2023 में 24 वर्षीय एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का दावा था कि जनवरी 2023 में उसकी मुलाकात हकीमी से इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। इसके बाद वह खिलाड़ी द्वारा बुक कराई गई टैक्सी से उनके घर पहुंची, जहां कथित तौर पर उसकी सहमति के बिना छेड़छाड़ और फिर दुष्कर्म किया गया। मामले की जांच के बाद 2025 में अभियोजकों ने हकीमी के खिलाफ मुकदमा चलाने की सिफारिश की थी। अदालत ने इसे मंजूरी दे दी थी, जिसके खिलाफ हकीमी ने अपील दायर की थी। अब उनकी यह अपील भी खारिज हो गई है।

### हकीमी ने क्या कहा?

कोर्ट के फैसले के बाद हकीमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबा संदेश साझा किया। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उनकी प्रसिद्धि की वजह से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। हकीमी ने लिखा, 'न्याय ने मेरी आंखों में देखकर मुझसे कहा कि अगर मैं मशहूर नहीं होता तो यह मामला कभी नहीं बनता। मैंने वर्षों तक चुप रहना चुना। मुझे लगा कि गरिमा बनाए रखना, धैर्य रखना और न्याय व्यवस्था पर भरोसा करना सही फैसले तक पहुंचाएगा।'

### आसान निशाना बन गया

उन्होंने आगे कहा, 'आज एक ऐसी कहानी सुनाई जा रही है जो मेरी नहीं है। इसकी कीमत मेरा परिवार, मेरी जिंदगी और सबसे बढ़कर सच चुका रहा है। कई बार मुझे लगता है कि मैं एक आसान निशाना बन गया हूं। मैं पहले दिन से इस ट्रायल का इंतजार कर रहा हूं और अब आखिरकार मुझे अपनी बात रखने का मौका मिलेगा।'

### विश्व कप के बीच मुश्किलें

हकीमी इस समय मोरक्को टीम के साथ फीफा विश्व कप 2026 में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे समय में कोर्ट का यह फैसला उनके लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि, कानूनी प्रक्रिया अभी जारी है और अदालत ने फिलहाल किसी दोष या निर्दोषता पर फैसला नहीं सुनाया है। ट्रायल के दौरान दोनों पक्षों के तर्क और सबूतों के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### करियर पर पड़ सकता है असर

हकीमी दुनिया के शीर्ष राइट-बैक खिलाड़ियों में गिने जाते हैं और मोरक्को की हालिया सफलताओं में उनकी अहम भूमिका रही है। लेकिन ट्रायल शुरू होने के साथ ही उनका नाम एक बार फिर विवादों में आ गया है। अब सभी की नजरें इस हाई-प्रोफाइल मामले की आगामी सुनवाई पर टिकी हैं, जहां हकीमी पहली बार अदालत में विस्तार से अपनी बात रख सकेंगे।

# स्विट्जरलैंड ने बोस्निया को 4-1 से हराया, मंजाम्बी ने दागे दो गोल

**अटलांटा।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-बी मुकाबले में स्विट्जरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोस्निया-हर्जेगोविना को 4-1 से करारी शिकस्त दी। लंबे समय तक संघर्षपूर्ण रहे इस मुकाबले में स्विस टीम ने अंतिम 20 मिनट में आक्रामक खेल दिखाते हुए चार गोल दागे और टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

लॉस एंजिलिस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले का पहला हाफ गोलरहित रहा। दोनों टीमों ने सावधानीपूर्वक खेल दिखाया, लेकिन कोई भी पक्ष बढ़त हासिल नहीं कर सका। दूसरे हाफ में स्विट्जरलैंड ने दबाव बढ़ाया और मैच के अंतिम चरण में बोस्नियाई रक्षा पंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। 74वें मिनट में युवा खिलाड़ी जोहान मंजाम्बी ने शानदार गोल कर स्विट्जरलैंड का खाता खोला। इसके बाद 84वें मिनट में रूबेन वर्गस ने बढ़त को दोगुना कर दिया। 90वें मिनट में मन्जांबी ने अपना दूसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया और मैच लगभग स्विट्जरलैंड की झोली में डाल दिया।

बोस्निया-हर्जेगोविना की मुश्किलें 80वें मिनट में और बढ़ गईं, जब डिफेंडर तारिक मुहरेमोविच को अंतिम खिलाड़ी के रूप में फाउल करने पर सीधे लाल कार्ड दिखाया गया। इसके बाद टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने को मजबूर हो गई और स्विट्जरलैंड ने इसका पूरा फायदा उठाया।

इंजरी टाइम में बोस्निया-हर्जेगोविना के एरमिन माहमिक ने 90+3 मिनट में शानदार गोल कर अंतर कम किया और स्कोर 3-1 कर दिया। हालांकि, इसके तुरंत बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी मिली, जिसे कप्तान ग्रेनिट झाका ने 90+7 मिनट में गोल में बदलकर टीम की 4-1 की शानदार जीत पर मुहर लगा दी।

# कनाडा और कतर मुकाबले में बवाल, मैच के बाद मैदान पर भिड़े दोनों टीमों के खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में कनाडा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कतर को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराया। वैंकूवर के बीसी प्लेस स्टेडियम में कनाडा टीम का प्रदर्शन दमदार रहा। हालांकि, मैच के आखिरी सीटी बजने के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान पर झड़प देखने को मिली। दरअसल, यह झड़प मैच खत्म होने के तुरंत बाद शुरू हुई। मैच के बाद कनाडा के मुख्य कोच जेसी मार्श कतर के मैनेजर जूलन लोपेटेगुई से हैंडशेक करने पहुंचे, लेकिन इसी दौरान दोनों के बीच बहस हो गई। कनाडा के कोच का बेरुखी भरा बर्ताव बेंच पर बैठे कतर के खिलाड़ियों को रास नहीं आया। इसके बाद अचानक से दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई, जो धक्का-मुक्की में तब्दील हो गई। सुरक्षाकर्मियों की मदद से दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अलग किया गया। माना जा रहा है कि कनाडा के खिलाड़ी टीम के मिडफील्डर इस्माइल कोन को कतर के प्लेयर असिम मदीबो द्वारा चोटिल किए जाने से काफी गुस्से में थे। इसी गुस्से के कारण यह पूरा विवाद शुरू हुआ, जो धक्का-मुक्की तक जा पहुंचा। दूसरे हाफ की शुरुआत में असिम मदीबो के खतरनाक टैकल पर इस्माइल कोन बुरी तरह से चोटिल हुए और उन्हें स्ट्रेचर की मदद से मैदान से बाहर लेकर जाना पड़ा। इस्माइल को दर्द से तड़पता देख कनाडा के खिलाड़ी भावुक नजर आए। हालांकि, रेफरी ने इस टैकल के चलते असिम मदीबो को सीधा रेड कार्ड दिखाते हुए मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया। इस्माइल कोन के स्थान पर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर मैदान पर आए जैकब शैफेलबर्ग गोल करने के बाद इस्माइल की जर्सी को हवा में लहराते हुए नजर आए। असिम मदीबो के मैदान से बाहर जाने के बाद कतर को एक कम खिलाड़ी के साथ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसका पूरा फायदा कनाडा ने उठाया।

# IPL 2027 की शुरुआत कब, BCCI ने दी जानकारी

## अगले सीजन में खेले जाएंगे इतने मुकाबले

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 के शेड्यूल को पहले की तारीखों में शिफ्ट करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। इस योजना के तहत आईपीएल के अगले सीजन को लगभग 10 मार्च से शुरू करके 15 मई तक खत्म करने पर चर्चा चल रही है। इस तरह का विचार खिलाड़ियों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए किया जा रहा है। बीसीसीआई के सचिन देवाजीत सैकिया ने पीटीआई से इस बात की पुष्टि की।

- **10 मार्च से हो सकती है अगले सीजन की शुरुआत**- आईपीएल के अगले सीजन को जल्दी शुरू करने का ये प्रस्ताव मई के आखिर में मौसम के हालात को लेकर बढ़ती चिंताओं और आईपीएल के दो महीने के समय के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट के व्यस्त कैलेंडर को फिट करने की चुनौती के बीच आया है। बीसीसीआई सचिव सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने कहा कि इस साल यानी आईपीएल 2026 की शुरुआत 29 मार्च (या 28 मार्च) के आसपास शुरू हुआ और 31 मई को खत्म हुआ। हम बस इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि टूर्नामेंट के आखिरी दिनों में यानी 15 मई के बाद बारिश होने या प्री-मानसून सीजन शुरू होने की आशंका रहती है। देवाजीत सैकिया ने आगे कहा कि दूसरी तरफ गर्मी का मौसम भी होता है, जो न तो खिलाड़ियों के लिए और न ही दर्शकों के लिए बहुत अच्छा होता है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई की मुख्य चिंता खेल और मैच देखने के लिए बेहतर माहौल सुनिश्चित करना है, खासकर उन इलाकों में जहां आईपीएल सीजन के दूसरे हिस्से में तापमान बहुत ज्यादा हो जाता है।

# मनिका बत्रा को एशियन गेम्स 2026 के स्क्वाड में नहीं मिली जगह

## वर्ल्ड रैंकिंग में 45वें नंबर की खिलाड़ी को मिल गई एंट्री

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को इस साल होने वाले एशियन गेम्स के स्क्वाड में एंट्री नहीं मिल पाई है। गुरुवार (18 जून) को सामने आए स्क्वाड में मनिका का नाम नहीं होना काफी हैरानी भरा था। मनिका ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (ञ्जञ्जस्नढ्ढ) द्वारा तय किए गए सेलेक्शन मानक में वह खरी नहीं उतर पाईं। वहीं उनकी जगह वर्ल्ड रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज श्रीजा अकुला को महिला टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिली है। गौरतलब है कि मनिका बत्रा लंबे समय से घरेलू इवेंट्स से दूर रही हैं। यही कारण है कि उनकी नेशनल रैंकिंग पर असर पड़ा है। जबकि टेबल टेनिस की वर्ल्ड रैंकिंग में मनिका श्रीजा से नीचे 51वें स्थान पर मौजूद हैं। जापान में होने वाले 20वें एशियाई खेलों का 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजन होगा।



### क्या है टेबल टेनिस टीम की चयन प्रक्रिया?

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने अपनी चयन प्रक्रिया के मानक के बारे में बताया, 'चयन प्रक्रिया के मुताबिक भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को उनके हालिया प्रदर्शन के हिसाब से स्क्वाड में जगह दी गई है।' एशियाई खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन 20 सितंबर से 28 सितंबर तक होगा। 2023 में बनाई गईं सेलेक्शन पॉलिसी के मुताबिक 50 प्रतिशत वेटेज नेशनल रैंकिं, 40 प्रतिशत वर्ल्ड रैंकिंग और 10 प्रतिशत चयन समित के फैसलों के ऊपर निर्भर होता है।

# वेस्टइंडीज की जीत का सिलसिला जारी, स्कॉटलैंड को सात रनों से हराया

**लीड्स, एजेंसी।** महिला टी20 विश्व कप 2026 का रोमांच जारी है। गुरुवार को टूर्नामेंट का 12वां मुकाबला ग्रुप-दो की वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज ने सात रनों से जीत दर्ज की। लीड्स में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज टीम ने स्टेफनी टेलर की नाबाद 47 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में सिर्फ 146 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए डार्सी कार्टर ने सर्वाधिक 59 रनों की पारी खेली।

### ग्रुप-दो की अंक तालिका का हाल

लगातार दूसरे मुकाबले में जीत के साथ वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप-दो की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.233 का हो गया। वहीं, जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज करने वाली स्कॉटलैंड दो अंक और +0.825 के नेट रन रेट के साथ तीसरे पायदान पर है। फिलहाल इस ग्रुप में शीर्ष पर इंग्लैंड की महिला टीम है, जिसने लगातार दो मुकाबलों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। वहीं चौथे, पांचवें और छठे पायदान पर क्रमशः श्रीलंका, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं।

### वेस्टइंडीज की पारी

वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद धीमी रही। स्कॉटलैंड के गेंदबाजों ने शुरुआती ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, जिसके चलते टीम पावरप्ले में सिर्फ 33 रन ही बना सकी। कियाना जोसेफ और कप्तान हेली मैथ्यूज सस्ते में पवेलियन लौट गईं। इसके बाद शेमेन कैंपबेल ने पारी को संभालने का प्रयास किया और 26 गेंदों में 36 रन बनाए। उन्होंने डिएंड्रा डॉटिन (150वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) के साथ तीसरे विकेट के लिए 35 रन जोड़े। हालांकि, मध्यक्रम के लगातार विकेट गिरने से वेस्टइंडीज की टीम एक समय 85 रन पर पांच विकेट गंवाकर मुश्किल में नजर आ रही थी। ऐसे में जहजारा क्लैक्सटन ने कुछ आक्रामक शॉट लगाए और फिर अनुभवी स्टेफनी टेलर ने अंतिम ओवरों में विस्फोटक बल्लेबाजी की। टेलर ने सिर्फ 19 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए, जिसमें कई शानदार चौके शामिल रहे। स्कॉटलैंड की ओर से कैथरीन फ्रेजर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने दो विकेट झटके, जबकि कैथरीन ब्राइस, रैचल स्लेटर और किर्स्टी गॉर्डन को एक-एक सफलता मिली।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com






## न्यूज बाइट्स

### 140 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना अंतर्गत ग्राम बक्सी बिगहा मोड़ के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के अनुसार छोटकी गम्हरिया निवासी अवधेश यादव के पुत्र सौरभ कुमार जो शराब तस्कर हैं को 140 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया, इसके अलावा दो मोटर साइकिल भी ज़ब्त किया। वहीं दूसरी घटना में औरंगाबाद पुलिस ने ओबरा थाना के भरूब ग्राम निवासी एन बी डब्ल्यू वारंटी बिगन यादव जो स्वर्गीय सूर्य दयाल यादव हैं के सुपुत्र को गिरफ्तार किया।

### कल होगा सत्येंद्र नारायण पार्क में योग महोत्सव

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्थानीय सत्येंद्र नारायण सिन्हा पार्क में भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आदर्श योग परिवार, औरंगाबाद एवं देवभूमि आरोग्य ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सह वैश्य समागम औरंगाबाद के संयोजक एवं योग गुरु जितेंद्र गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह करेंगे, जबकि संयोजन अमित गुप्ता के नेतृत्व में किया जाएगा। योगाभ्यास का संचालन महिला योग शिक्षिका डॉ. पूर्णिमा सिंह के कुशल निर्देशन में होगा। आयोजकों ने बताया कि जिले में लगातार 12 वर्षों से योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में औरंगाबाद जिले के सैकड़ों लोग भाग लेकर योगाभ्यास करते हैं और स्वस्थ जीवन का संदेश देते हैं।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गयी जलभरी यात्रा

**बारूण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** बारूण प्रखंड के बाली करना गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर कल शुक्रवार को जलभरी यात्रा निकाली गयी। यह जलभरी बाली करना गांव से ओबरा दो मुहान के लिए निकाली गई । इस जलभरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिला तथा पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे ।इस मौके पर गाजे बाजे के साथ जलभरी यात्रा निकाली गई श्रद्धालुओं ने भगवा रंग में जयघोष का नारा लगाते हुए ओबरा पुनपुन दो मुहान से जल उठाकर पुनः गांव स्थित यज्ञशाला में परिक्रमा करते हुए प्रवेश किया।

सभी पंचायत सचिवों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

# पंचायत विकास शिविर को सफल बनाने के लिए पंचायत सचिवों को दिए गए निर्देश

- पंचायत विकास शिविर को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने कसी कमर
- बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य
- रविवार के पंचायत विकास शिविर को सफल बनाने के लिए प्रशासन सक्रिय
- विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद की अध्यक्षता में योजना भवन स्थित सभा कक्ष में जिले के सभी पंचायत सचिवों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन तथा प्रशासनिक कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने आगामी रविवार को आयोजित होने वाले पंचायत विकास शिविर को सफल, प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता और तत्परता के साथ किया जाए। बैठक में सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित मामलों के प्रभावी निष्पादन, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान सोलर लाइट स्थापना, सामुदायिक मंडप निर्माण, पंचायत सरकार भवनों की स्थिति, आधार कार्ड से संबंधित कार्य, आरटीपीएस सेवाओं का संचालन, पंचायत विकास दिवस का आयोजन, सहयोग पोर्टल पर प्राप्त मामलों के निष्पादन, जनता दरबार से जुड़े मामलों की समीक्षा, मोक्ष धाम निर्माण, प्रशिक्षण कार्यक्रम, पंचायत पुस्तकालयों के संचालन तथा डाकघर संबंधी गतिविधियों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सभी पंचायत सचिवों को पंचायत कार्यालयों में कार्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी कर्मियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने पर बल दिया।

# बिहार पुलिस को मिले 412 नए जवान, आईजी ने कहा- जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद पुलिस केंद्र में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के सफल समापन पर शुक्रवार को भव्य दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 412 नव-नियुक्त सिपाहियों ने कठिन प्रशिक्षण पूरा कर औपचारिक रूप से बिहार पुलिस बल में प्रवेश किया। समारोह के मुख्य अतिथि मगध रेंज के आईजी विकास वैभव ने परेड की सलामी ली तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। अपने संबोधन में आईजी ने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज, राज्य और देश के प्रति महत्वपूर्ण दायित्व है। प्रशिक्षु अब बिहार के विभिन्न जिलों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि पुलिस सरकार का पहला प्रतिनिधि होती है और आम नागरिक का सरकार से सबसे अधिक सीधा संपर्क पुलिस के माध्यम से ही होता है। ऐसे में पुलिसकर्मियों का व्यवहार, कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा ही सरकार की छवि को मजबूत या कमजोर करती है। इसलिए प्रत्येक जवान को वर्दी की गरिमा बनाए रखते हुए ईमानदारी, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। आईजी ने बदलते तकनीकी दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक ने पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाया है, लेकिन इसके साथ जवाबदेही भी बढ़ी है। आज किसी भी घटना का वीडियो या बातचीत कुछ ही मिनटों में सार्वजनिक हो सकती है। ऐसे में पुलिसकर्मियों को अपने व्यवहार और निर्णयों में पहले से अधिक सतर्क और संयमित रहने की आवश्यकता है। किसी एक पुलिसकर्मी का अनुचित आचरण पूरे विभाग और सरकार की छवि को प्रभावित करता है।

उन्होंने कहा कि विकसित बिहार के निर्माण में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास के लिए बेहतर कानून-व्यवस्था जरूरी है। पुलिसकर्मियों को अपने कार्यों से जनता का विश्वास जीतना होगा, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को यह भरोसा हो कि उसे निष्पक्ष न्याय मिलेगा। समारोह के दौरान प्रशिक्षुओं ने आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षक, जवानों के परिजन तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अब ये 412 नव-नियुक्त सिपाही बिहार के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं देकर कानून-व्यवस्था को और मजबूत करेंगे।

# 20 मवेशियों से लदा पिकअप जब्त चालक गिरफ्तार, भेजे गए गौशाला

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



रिसियप थाना क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी का मामला सामने आया है। एनएच-139 स्थित दोमुहान बटाने पुल के समीप गौ रक्षकों की सूचना पर पुलिस ने मवेशियों से लदे एक पिकअप वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। वाहन से 20 मवेशी बरामद किए गए, जिन्हें कथित रूप से तस्करी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार, गौ रक्षकों को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप में बड़ी संख्या में मवेशियों को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर बभंडीह के समीप वाहन को रोककर पशुओं का रेस्क्यू किया गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जिसने मौके पर पहुंचकर वाहन और चालक को अपने कब्जे में ले लिया। रेस्क्यू के दौरान एक मवेशी की मौत हो गई, जबकि शेष 19 मवेशियों को सुरक्षित निकालकर जिम्मेनामा के आधार पर बभंडीह स्थित पंचदेव धाम गौशाला को सौंप दिया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान मो. अरशद के रूप में हुई है। मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध पशु मेलों का संचालन किया जा रहा है।

## सीएमआर आपूर्ति में तेजी लाने के निर्देश

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति, सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) आपूर्ति तथा रबी विपणन मौसम 2026-27 के अंतर्गत गेहूं अधिप्राप्ति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य कर सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 1,80,902 मीट्रिक टन था, जिसके विरुद्ध शत-प्रतिशत धान की खरीद की गई। इसके आधार पर जिले को 1,23,810 मीट्रिक टन सीएमआर आपूर्ति का लक्ष्य मिला था। अब तक 98,611.405 मीट्रिक टन सीएमआर राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराया गया है, जो लक्ष्य का 79.64 प्रतिशत है। बैठक में बताया गया कि कच्चा सीएमआर श्रेणी में 29,037 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 26,941 मीट्रिक टन (92.78 प्रतिशत) तथा परबॉयल्ड श्रेणी में 94,773 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 71,670.405 मीट्रिक टन (75.62 प्रतिशत) सीएमआर की आपूर्ति की गई है।

# सड़क पार कर रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने रौंदा, इलाज के दौरान मौत



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

मदनपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर माया बिगहा गांव के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान माया बिगहा गांव निवासी 60 वर्षीय मुन्ना राम, पिता मेघन राम, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मुन्ना राम शुक्रवार को रोजाना की तरह किसी काम से सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से गुजर रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने गंभीर रूप से घायल मुन्ना राम को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मदनपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृत्यु की सूचना मिलने पर मदनपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी है। मृतक अपने पीछे पत्नी मरछी देवी, दो पुत्र नंदलाल राम एवं आनंद राम तथा चार बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। सामाजिक कार्यकर्ता मुंशी प्रसाद मेहता सहित ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को सड़क दुर्घटना राहत योजना के तहत उचित मुआवजा तथा चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग जिला प्रशासन और राज्य सरकार से की है।

## प्लास्टर का काम कर रहे मजदूर की करंट लगने से हुई मौत



निज सं. | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर थाना क्षेत्र के शीतल बिगहा में प्लास्टर का काम कर रहे एक मजदूर की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दाउदनगर प्रखंड के लालाअमौना गांव निवासी 27 वर्षीय देवानंद कुमार के रूप में हुई है। वह तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवानंद कुमार शीतल बिगहा स्थित एक मकान में प्लास्टर का कार्य कर रहे थे। शुक्रवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह बाथरूम जाने के लिए गए थे। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर साथ में काम कर रहे राजमिस्त्री ने जाकर देखा तो वह बिजली के करंट की चपेट में पड़े हुए थे। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उन्हें अनुमंडल अस्पताल, दाउदनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर दाउदनगर थाना के एसआई अनिल कुमार एवं आरबी चौधरी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## योग दिवस पर करें योग, रहें निरोग विषय पर होगा ऑनलाइन कवि सम्मेलन



**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।** जिले की लोकप्रिय साहित्यिक संस्था कवि स्पर्श के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'करें योग, रहें निरोग' विषय पर ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से योग के महत्व पर प्रकाश डालेंगे तथा लोगों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। संस्था के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवि-शिक्षक राम राय ने बताया कि कवि सम्मेलन का उद्देश्य योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और साहित्य के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों के कवि अपनी कविताओं के जरिए योग की महिमा का वर्णन करेंगे और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार का संदेश देंगे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राजेश तिवारी 'मक्खन' करेंगे, जबकि संचालन राम राय करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि एवं पत्रकार अरविंद अकेला होंगे तथा विशिष्ट अतिथि राम निवास तिवारी रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ कवयित्री शिखा पांडेय की सरस्वती वंदना से होगा। वहीं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कवि सुरेश विद्यार्थी करेंगे।

# अधिकार मित्रों को बुनियादी कानूनों की दी गई जानकारी, दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के अंतर्गत कार्यरत पारा विधिक स्वयंसेवकों (अधिकार मित्रों) के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकार मित्रों को बुनियादी कानूनों तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना था। प्रशिक्षण सत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल एवं उपमुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता अभिनंदन कुमार ने अधिकार मित्रों को आवश्यक कानूनी जानकारियां प्रदान कीं। वहीं उपमुख्य विधिक सेवा प्रतिरक्षा प्रणाली के नेतृत्व में विभिन्न लॉ कॉलेजों से आए इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने प्रोजेक्टर के माध्यम से अधिकार मित्रों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में अंजली कुमारी, अदिति योजना, आस्था सिंह, पीयूष रंजन, कार्तिक राज एवं आनंद कुमार सहित विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सचिव तान्या पटेल ने बताया कि अधिकार मित्रों को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहकर लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाने का कार्य करना है। ऐसे में बुनियादी कानूनों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उनके लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकार मित्रों को बुनियादी कानूनों के साथ-साथ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें पीड़ित प्रतिकर योजना, वीर परिवार सहायता योजना, जागृति योजना, बच्चों के लिए बाल अनुकूल योजना, अधिकार संरक्षण योजना, मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के लिए योजना, नशीली दवाओं के विरुद्ध डॉन योजना, आपदा पीड़ित व्यक्तियों के लिए योजना तथा वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पारा विधिक स्वयंसेवकों को नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (बालसा) की योजनाओं से अवगत कराना है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिला सकें। सचिव ने अधिकार मित्रों से कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यम लोगों तक न्याय की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार भी ट्विटर (एक्स), इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। उन्होंने अधिकार मित्रों से इन माध्यमों का अधिकाधिक उपयोग कर लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जोड़ने और उन्हें न्याय तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की।

# जनता दरबार में पहुंचे फरियादी, डीएम ने त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सात निश्चय-3 के अंतर्गत 'सबका सम्मान–जीवन आसान' पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता तथा अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों की शिकायतें शामिल रहीं। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों में त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी मामलों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई करने पर भी जोर दिया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 1.6 और शहरी क्षेत्रों में दो गुना बढ़ेंगी जमीन की न्यूनतम पंजी दरें

एसवीवी. संवाददाता | औरंगाबाद



समाहर्ता-सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यूनतम मूल्यांकन पंजी (एमवीआर) की दरों में वृद्धि, भूमि वर्गीकरण के पुनरीक्षण तथा पेरिफेरल क्षेत्रों के निर्धारण से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 के तहत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की 18 जून 2026 की अधिसूचना पर विचार किया गया। समिति को बताया गया कि संशोधित नियमावली के अनुसार न्यूनतम मूल्य की मार्गदर्शक पंजी (एमवीआर) में प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में स्वतः पांच प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रारंभिक चरण में वर्तमान एमवीआर दरों का एकमुश्त संशोधन भी किया जाएगा।

समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि औरंगाबाद जिले में वर्तमान न्यूनतम मूल्यांकन पंजी की दरों में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 1.6 गुना तथा शहरी एवं पेरिफेरल क्षेत्रों के लिए 2.0 गुना वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू की जाएगी। इस संबंध में आवश्यक अधिसूचना जारी करने के लिए जिला अवर निबंधक को अधिकृत किया गया। बैठक में भूमि वर्गीकरण को राज्यभर में एकरूप बनाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। जिला अवर निबंधक ने बताया कि जिले में वर्तमान वर्गीकरण अधिकांशतः प्रस्तावित व्यवस्था के अनुरूप है, लेकिन कुछ नई श्रेणियां जोड़ने और पुराने वर्गों के पुनर्समायोजन की आवश्यकता होगी। समाहर्ता ने इस पर विस्तृत अध्ययन कर अगली बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

शहरी क्षेत्रों में नई सड़कों के निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, नए नगर पंचायतों के गठन तथा नगर परिषद एवं नगर निगम क्षेत्रों के विस्तार को देखते हुए सड़क वर्गीकरण के पुनरीक्षण का भी निर्णय लिया गया। सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़कों का पुनः वर्गीकरण कर सूची जिला अवर निबंधक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पेरिफेरल क्षेत्रों के निर्धारण पर भी विशेष चर्चा हुई। बताया गया कि नगर निगम सीमा से आठ किलोमीटर, नगर परिषद सीमा से चार किलोमीटर तथा नगर पंचायत सीमा से दो किलोमीटर तक का क्षेत्र पेरिफेरल क्षेत्र माना जाएगा, जहां एमवीआर में दो गुना वृद्धि लागू होगी। समाहर्ता ने नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के भीतर पेरिफेरल क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर स्पष्ट नक्शा एवं सूची जिला अवर निबंधक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर डीएसएलआर श्वेतांक लाल, सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।